सरस्वती सीरीज़ संस्करण १९८५

प्रकाशक
हिन्द पॉकिट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड
जी० टी० रोड शाहदरा
दिल्ली ११००३२

SURANGAMA (Novel) by Shivani

सरस्वती सीरीज़ संस्करण १९८५

प्रकाशक
हिन्द पॉकिट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड
जी० टी० रोड शाहदरा
दिल्ली ११००३२

SURANGAMA (Novel) by Shivani

वर्नमेण्ट-हाउस चले गए हैं।"

मुझे पता नहीं मैं स्वयं ही उनसे मिलने आई हूं।"

सुरगमा का रूखा स्वर उन्हें और भी वाचाल बना गया।

'आई सी आई सी—आपको उनका पुराना परिचय है शायद!"

उनकी गिद्धदृष्टि में कुतूहल की सहस्र किरणें एकसाथ फूट उठीं। उस भद्र प्रश्न का उत्तर दिए बिना ही सुरगमा फिर लॉन के सीमान्त पर लगे एक म वृक्ष की सुवृहत छाया में खड़ी हो गई। वहीं पर अर्द्ध वृत्ताकार घेरे में बैठी हाती महिलाओं की कई जोड़ी आंखें उसे बड़े विस्मय से घूरने लगीं। उनमें से क के हाथ में एक लम्बा-सा कागज था, लगता था वही उस दल का नेतृत्व कर ही है और अपनी कोई दरख्वास्त लेकर मन्त्रीजी से मिलने आई है। वह उस ीड़ से भी दूर छिटककर बरामदे की ओर बढ़ ही रही थी कि एक नाटा-सा यक्ति मिलने वालों की भीड़ में उसे ही ढूंढता उसकी ओर चला आ रहा था, क्षमा कीजिएगा आपको रुकना पड़ा। मैं मन्त्रीजी का पी० ए० हूं, बड़ी देर से ापको ढूंढ रहा था आप यहां क्यों खड़ी रह गईं? आइए आइए मंत्रीजी ापसे अन्दर के कमरे में ही मिलेंगे।"

वह बिना कुछ कहे उसके साथ-साथ चलने लगी। एक बार फिर दौड़कर घर ाग जाने की तीव्र इच्छा उसके अन्तर्मन को झकझोर उठी। क्यों आ गई थी वह हां? कैसी भीड़ थी, लग रहा था मिलने वालों की भीड़ निरन्तर बढ़ती ही जा ही है। देखते ही देखते कितनी ही रंग बिरंगी कारें वर्दीधारी पुलिस अफसर, हिलाएं बरामदा घेरकर खड़ी हो गई, कोई चादर ओढ़े निपट देहातिन कोई ालिन बुर्काधारिणी कोई ओठों को रंगे बटुआ झुलाती अधैर्य से खड़ी देख रही ी कोई झकाझक स्वच्छ बगुला के पंख-सी श्वेत साड़ी में समाज-सेवा का जीवन्त वज्ञापन बनी बड़े अन्तरंगतापूर्ण अधिकार से पी० ए० से पूछ रही थी 'अरे भई कब मिलेंगे दिनकर जी? कल तो फोन पर सुबह ही चले आने को कहा था न्होंने।"

कितनी खद्दर की तिरछी टोपियां थीं—कितने खद्दर के कुर्ते—पान से रंगी कितनी कुटिल बत्तीसियां।

पी० ए० उसे एक सुदीर्घ, टेढ़ी मेढ़ी सकरी गैलरी से ले जाता अनर्गल बोलता चला जा रहा था, असल में आज मंत्री जी का एकदम ही पैक्ड प्रोग्राम है दो-दो

वर्नमेण्ट-हाउस चले गए हैं !"

मुझे पता नहीं मैं स्वयं ही उनसे मिलने आई हूं।"

सुरंगमा का रूखा स्वर उन्हें और भी वाचाल बना गया।

'आई सी आई सी—आपको उनका पुराना परिचय है शायद !"

उनकी गिद्धदृष्टि में कुतूहल की सहस्र किरणें एकसाथ फूट उठीं। उस अभद्र प्रश्न का उत्तर दिए बिना ही सुरंगमा फिर लॉन के सीमान्त पर लगे एक आम वृक्ष की सुवृहत छाया में खड़ी हो गई। वहीं पर अर्द्ध वृत्ताकार घेरे में बैठी हाती महिलाओं की कई जोड़ी आंखें उसे बड़े विस्मय से घूरने लगीं। उनमें से एक के हाथ में एक लम्बा-सा कागज था, लगता था यही उस दल का नेतृत्व कर रही है और अपनी कोई दरख्वास्त लेकर मन्त्रीजी से मिलने आई है। वह उस भीड़ से भी दूर छिटककर बरामदे की ओर बढ़ ही रही थी कि एक नाटा-सा व्यक्ति मिलने वालों की भीड़ में उसे ही ढूंढ़ता उसकी ओर चला आ रहा था, क्षमा कीजिएगा आपको रुकना पड़ा। मैं मन्त्रीजी का पी० ए० हूं, बड़ी देर से आपको ढूंढ रहा था आप यहां क्यों खड़ी रह गईं? आइए आइए मन्त्रीजी आपसे अन्दर के कमरे में ही मिलेंगे।"

वह बिना कुछ कहे उसके साथ-साथ चलने लगी। एक बार फिर दौड़कर घर भाग जाने की तीव्र इच्छा उसके अन्तर्मन को झकझोर उठी। क्यों आ गई थी वह यहां? कैसी भीड़ थी, लग रहा था मिलने वालों की भीड़ निरन्तर बढ़ती ही जा रही है। देखते ही देखते कितनी ही रंग बिरंगी कारें वर्दीधारी पुलिस अफसर, महिलाएं बरामदा घेरकर खड़ी हो गइं, कोई चादर ओढ़े निपट देहातिन कोई मलिन बुर्काधारिणी कोई ओठों को रंगे बटुआ झुलाती अधैर्य से घड़ी देख रही थी कोई झकाझक स्वच्छ बगुला के पंख-सी श्वेत साड़ी में समाज-सेवा का जीवन्त विज्ञापन बनी बड़े अन्तरंगतापूर्ण अधिकार से पी० ए० से पूछ रही थी 'अरे भई कब मिलेंगे दिनकर जी? कल तो फोन पर सुबह ही चले आने को कहा था उन्होंने।"

कितनी खद्दर की तिरछी टोपियां थीं—कितने खद्दर के कुर्ते—पान से रंगी कितनी कुटिल बत्तीसियां।

पी० ए० उसे एक सुदीर्घ, टेढ़ी मेढ़ी सकरी गैलरी से ले जाता अनर्गल बोलता चला जा रहा था, असल में आज मन्त्री जी का एकदम ही पैक्ड प्रोग्राम है दो-दो

गई है ! उसका कलेजा काप उठा, यह तेज नरपुगव का था या नरभक्षी का !

'जी मेरे पिता पहाड़ी हैं मा बगाली थी," कहने के साथ ही उसकी दोनों हथेलिया पसीने से तर हो गई। एक माह पूर्व यह प्रश्न पूछा जाता तो उत्तर यह नही होता मा के लिए तब वह क्या भूतकाल का प्रयोग करती ? किन्तु मा होती तो वह इस अवाछित इण्टरव्यू के लिए यहा आती ही क्यो ?

ओह तब ही यही मैं सोच रहा था, मैं बगाल मे बहुत रहा हू, मिस जोशी ! यह नाम और कोई रख ही नही सकता। कभी बुद्धदेव बसु मेरे भी प्रिय कवि थे। इस कविता की पक्तिया मुझ भी बहुत प्रिय थी

छोट्टो घर खानी
मने की पड़े सुरगमा ?
मने की पडे मने की पड़े ?
जानालाय नील आकाश झरे
सारा दिन रात हावाय झड़े
सागर दाला

(उस छोटे-से कमरे की याद है सुरगमा ?
बोलो, क्या अब कभी उस कमरे की याद आती है ?
जहा की खिड़की से नीलाकाश
बरसता कमरे मे रँग आता था
सारे दिन रात तूफान
समुद्र झकझोर जाता था।)

वही गुनगुनाहट फिर एक बार उसकी बहुरूपिया हसी मे खो गई ! कसे स्निग्ध स्नेही स्मित का आह्वान था इस बार ! सुरगमा का सारा भय दूर हो गया उस भोले निष्कपट शिशु की-सी हसी ने उसकी सारी घबराहट दूर कर दी।

'आप जा सकती हैं मिस जोशी, आपका नाम ही आपका परिचय दे गया है। आप निश्चय ही मेरी पुत्री की सुयोग्य शिक्षिका सिद्ध होगी। मैं बहुत व्यस्त रहता हू। आपने तो देख ही लिया होगा। बाहर कैसी भीड लगी है। नित्य यही मेला लगा रहता है, यही भीड। मेरे शुष्क जीवन को साहित्य बहुत पहले ही छोड चुका है। आप जाए मिस जोशी मेरे पी० ए० आपको मेरी पुत्री से मिला देंगे।

गई है ! उसका कलेजा काप उठा, यह तेज नरपुगव का था या नरभक्षी का !

'जी मेरे पिता पहाडी हैं मा बगाली थी," कहने के साथ ही उसकी दोनो हथेलिया पसीने से तर हो गईं। एक माह पूर्व यह प्रश्न पूछा जाता तो उत्तर यह नही होता मा के लिए तब वह क्या भूतकाल का प्रयोग करती ? किन्तु मा होती तो वह इस अवाछित इण्टरव्यू के लिए यहा आती ही क्यो ?

ओह तब ही यही मैं सोच रहा था, मैं बगाल मे बहुत रहा हू, मिस जोशी ! यह नाम और कोई रख ही नही सकता। कभी बुद्धदेव बसु मेरे भी प्रिय कवि थे। इस कविता की पक्तिया मुझे भी बहुत प्रिय थी

छोट्टो घर खानी
मने की पड़े सुरगमा ?
मने की पडे मने की पड़े ?
जानालाय नील आकाश झरे
सारा दिन रात हावाय झड़े
सागर दाला

(उस छोटे-से कमरे की याद है सुरगमा ?
बोलो, क्या अब कभी उस कमरे की याद आती है ?
जहा की खिड़की से नीलाकाश
बरसता कमरे मे रँग आता था
सारे दिन रात तूफान
समुद्र झकझोर जाता था।)

वही गुनगुनाहट फिर एक बार उसकी बहुरूपिया हसी मे खो गई ! कैसे स्निग्ध स्नेही स्मित का आह्वान था इस बार ! सुरगमा का सारा भय दूर हो गया उस भोले निष्कपट शिशु की-सी हसी ने उसकी सारी घबराहट दूर कर दी।

'आप जा सकती हैं मिस जोशी, आपका नाम ही आपका परिचय दे गया है। आप निश्चय ही मेरी पुत्री की सुयोग्य शिक्षिका सिद्ध होगी। मैं बहुत व्यस्त रहता हू। आपने तो देख ही लिया होगा। बाहर कैसी भीड लगी है। नित्य यही मेला लगा रहता है, यही भीड। मेरे शुष्क जीवन को साहित्य बहुत पहले ही छोड चुका है। आप जाए मिस जोशी मेरे पी० ए० आपको मेरी पुत्री से मिला देंगे।

"जी हा।"

'कौन कौन-से विषय पढना चाहोगी मुझसे ?" सुरगमा की बुद्धिदीप्त प्रखर दृष्टि मे तैर रहा गहन आत्मविश्वास सामने बैठी उसकी भावी शिष्या को सतर बना गया। भावी कठोर अनुशासन के चाबुक की झसक जैसे उसने हवा में लहराती देख ली थी।

"फिजियस, कैमिस्ट्री, ऐंड मैथ्स।"

"ठीक है, मैं परसों से तुम्हें पढाने आऊगी शाम को ६ बजे। इज दैट आल राइट ?"

'जी ६ बजे तो मैं रेलवे क्लब में तैरना सीखने जाती हू।" सुखद सध्या मे किशोर मित्रो के साहचय का सम्भावित विछोह उसके स्वर को रुआसा बना गया।

आप सुबह नही आ सकतीं मिस, या फिर चार बजे ?'

'नहीं' स्वर मे घन की-सी दृढ खनक थी। उस नही का अथ था केवल नही।

"मैं बैंक मे नौकरी करती हू। पाच बजे से पहले कही आ-जा नहीं सकती। इफ इट सूटस यू वेल एण्ड गुड नहीं तो अपने पिता जी से मेरी ओर से क्षमा माग देना।"

वह फिर एक क्षण भी बि नपनी नवीन छात्रा की ओर देखे, पदा ाकर बाहर चली गई थी। मिनी क. खून खौल उठा। ह्वाट चीक ! किससे कैसे बात की जाती हैं, यह भी नही जानती क्या !

जिस मिनी को सचिव मुख्य मचिवों की पत्निया पान के पत्ते-सा फेरती थी उसके *कैशोय को पीछे ठेल समवयसिनी के रूप म स्वीकार कर* उसे अपनी गोष्ठियो में आमन्त्रित करती थीं यहा तक कि विदेशिनी नन्स भी जिसके पिता के पद की महत्ता को स्वीकार कर उसके अबाध्य आचरण को देखकर अनदेखा कर देती, उसीको यह दो कौडी की मास्टरनी अपनी उन्नत नासिका हवा मे उठाती बिना हाथ जोडे ही चली गई। नही पढेगी वह इस अहकारी लड्की स। लडकी ही तो लग रही थी वह। न जाने किस हिन्दी-स्कूल की पढी होगी एस० सी० का मैथ्स पढाएगी तो पहले ही दिन चक्करघिन्नी खाकर गिर पडेगी। शक्ल-सूरत की अच्छी है तो क्या हुआ। अध्यापिका बनने क्यों आ गई ? फिल्म इन्स्टीटयूट

"जी हा !"

'कौन कौन-से विषय पढना चाहोगी मुझसे ?" सुरगमा की बुद्धिदीप्त प्रखर दृष्टि मे तैर रहा गहन आत्मविश्वास सामने बैठी उसकी भावी शिष्या को सतर बना गया। भावी कठोर अनुशासन के चाबुक की झसक जैसे उसने हवा में लहराती देख ली थी।

"फिजिक्स, कैमिस्ट्री, ऐंड मैथ्स।"

"ठीक है, मैं परसों से तुम्हें पढाने आऊगी शाम को ६ बजे। इज दैट आल राइट ?"

'जी ६ बजे तो मैं रेलवे क्लब में तैरना सीखने जाती हू।" सुखद सध्या मे किशोर मित्रो के साहचय का सम्भावित विछोह उसके स्वर को रुआसा बना गया।

आप सुबह नही आ सकतीं मिस, या फिर चार बजे ?'

'नही' स्वर मे घन की-सी दृढ खनक थी। उस नही का अथ था केवल नही।

"मैं बैंक मे नौकरी करती हू। पाच बजे से पहले कही आ-जा नहीं सकती। इफ इट सूटस यू वेल एण्ड गुड न्हीं तो अपने पिता जी से मेरी ओर से क्षमा माग देना।"

वह फिर एक क्षण भी दि नपनी नवीन छात्रा की ओर देखे, पदा ाकर बाहर चली गई थी। मिनी क. खून खौल उठा। ह्वाट चीक ! किससे कैसे बात की जाती हैं, यह भी नही जानती क्या !

जिस मिनी को सचिव मुख्य सचिवों की पत्निया पान के पत्ते-सा फेरती थी उसके कैशोय को पीछे ठेल समवयसिनी के रूप म स्वीकार कर उसे अपनी गोष्ठियो में आमन्त्रित करती थीं यहा तक कि विदेशिनी न स भी जिसके पिता के पद की महत्ता को स्वीकार कर उसके अबाध्य आचरण को देखकर अनदेखा कर देती, उसीको यह दो कौडी की मास्टरनी अपनी उन्नत नासिका हवा मे उठाती बिना हाथ जोडे ही चली गई। नही पढेगी वह इस अहकारी लडकी स। लडकी ही तो लग रही थी वह। न जाने किस हिन्दी-स्कूल की पढी होगी एस० सी० का मैथ्स पढाएगी तो पहले ही दिन चक्करघिन्नी खाकर गिर पडेगी। शक्ल-सूरत भी अच्छी है तो क्या हुआ। अध्यापिका बनने क्यों आ गई ? फिल्म इन्स्टीटयूट

अरजी देकर वह भागी भागी अपनी सहपाठिनी मीरा के घर गई थी। मीरा के पिता मेडिकल कालेज मे रीडर थे, *उन्होंने सुरगमा को उसकी मा का मत्यु-दण्ड* सुनाया था। हड्डियो की मज्जा मे भी ल्युकोमिया का विष फैल चुका था। सारकोमा मे रोगी के जीवन की आशा करना व्यर्थ है बेटी, वसे कानपुर या बम्बई ले जाकर देख लो।" मा के कॉलेज की सहृदय अध्यापिकाओं ने उसे एकान्त मे बहुत समझाया था। मा की प्रिन्सिपल भी बगाली थी उन्होंने उसे फण्ड का रुपया भी दिलवा दिया था किन्तु फिर भी मा के उस राजरोग की दामी चिकित्सा उसके लिए असम्भव हो उठी थी। नित्य तीसरे-चौथे दिन रक्त चढ़ाया जाता, किन्तु नियति उसम किसी कुटिल ग्वाले की ही भांति फिर पानी मिला देती। स्वय राजलक्ष्मी भी अपने असाध्य रोग की विषम स्थिति जान गई थी। सुरगमा जब मां को लेकर कलक्त्ता गई तब उसके मन में एक क्षीण आशा और भी थी। कभी कलकत्ते के पास ही उसके नाना का बहुत बड़ा कारोबार था, आज तक कठिन से कठिन विपत्ति आने पर भी मा ने कभी वर्षों पूव छूट गए पितगह के प्रति कोई ममता नहीं दिखाई थी। क्या पता, इस बार मा उसे नाना का पता देकर मिलने भेज ही दे। किन्तु राजलक्ष्मी अपने पिता के कठोर स्वभाव को खूब पहचानती थी। उनकी दृष्टि मे उसका अपराध अक्षम्य था, वैभव मे लालिता राजलक्ष्मी जब पिता के कठोर अनुशासन की धज्जियां उड़ाकर अपने म्यूज़िक टयूटर क साथ भागी थी तब उसकी वयस थी केवल सत्रह वष। कानून की दृष्टि मे वह नाबालिग थी। राजा प्रबोधरजन रायचौधरी ने अपनी उस इकलौती पुत्री को ढूढने म पैसा पानी की तरह बहा दिया था। किन्तु गोविन्दपुरवा के जिस अज्ञातप्राय ग्राम मे गजानन जोशी, उनके लाडों की पत्नी राजलक्ष्मी को लेकर अपना हनीमून मना रहा था, वहा राजा प्रबोधरजन के लाख-लाख सिपाही भी उसे नही ढूढ सकते थे। कैसा विचित्र रहा होगा मा का जीवन! कभी-कभी सुरगमा को मा का रहस्यमय अतीत अन्यमनस्का बना जाता। कहा फ्रेंच गवर्नेस मदाम क्रिस्टीन का अनुशासन, पिता के मोनोग्राम अकित कटलरी में साहबी छोटा हाजरी बीसियो दास दासिया, चार चार घोड़ाजुती वह फिटन जिसे उसके नाना न कलकत्ते की बडी गौहरजान से खरीदा था। जब वह छोटी थी, तब कभी-कभी रग मे आने पर मा उसे अपने शैशव के विलास-वैभव की कहानियां सुनाती जैसे दूसरी ही मा बन उठती। वह फिर लखनऊ के गर्ल्स कॉलेज की अध्यापिका

अरजी देकर वह भागी भागी अपनी सहपाठिनी मीरा के घर गई थी। मीरा के पिता मेडिकल कालज मे रीडर थे, उन्होंने सुरगमा को उसकी मा का मत्यु-दण्ड सुनाया था। हड्डियो की मज्जा मे भी ल्युकोमिया का विष फैल चुका था। सारकोमा मे रोगी के जीवन की आशा करना व्यर्थ है बेटी, वसे कानपुर या बम्बई ले जाकर देख लो।" मा के कॉलेज की सहृदय अध्यापिकाओं ने उसे एकान्त मे बहुत समझाया था। मा की प्रिन्सिपल भी बगाली थी उन्होंने उसे फण्ड का रुपया भी दिलवा दिया था किन्तु फिर भी मा के उस राजरोग की दामी चिकित्सा उसके लिए असम्भव हो उठी थी। नित्य तीसरे-चौथे दिन रक्त चढ़ाया जाता, किन्तु नियति उसम किसी कुटिल ग्वाले की ही भाति फिर पानी मिला देती। स्वय राजलक्ष्मी भी अपने असाध्य रोग की विषम स्थिति जान गई थी। सुरगमा जब मां को लेकर कलकत्ता गई तब उसके मन में एक क्षीण आशा और भी थी। कभी कलकत्ते के पास ही उसके नाना का बहुत बडा कारोबार था, आज तक कठिन से कठिन विपत्ति आने पर भी मा ने कभी वर्षों पूव छूट गए पितगह के प्रति कोई ममता नहीं दिखाई थी। क्या पता, इस बार मा उसे नाना का पता देकर मिलने भेज ही दे। किन्तु राजलक्ष्मी अपने पिता के कठोर स्वभाव को खूब पहचानती थी। उनकी दृष्टि मे उसका अपराध अक्षम्य था, वैभव मे लालिता राजलक्ष्मी जब पिता के कठोर अनुशासन की धज्जिया उडाकर अपने म्यूजिक ट्यूटर क साथ भागी थी तब उसकी वयस थी केवल सत्रह वप। कानून की दृष्टि मे वह नाबालिग थी। राजा प्रबोधरजन रायचौधरी ने अपनी उस इकलौती पुत्री को ढूढने म पैसा पानी की तरह बहा दिया था। किन्तु गोविन्दपुरवा के जिस अज्ञातप्राय ग्राम मे गजानन जोशी, उनके लाडों की पली राजलक्ष्मी को लेकर अपना हनीमून मना रहा था, वहा राजा प्रबोधरजन के लाख-लाख सिपाही भी उसे नही ढूढ सकते थे। कैसा विचित्र रहा होगा मा का जीवन! कभी-कभी सुरगमा को मा का रहस्यमय अतीत अन्यमनस्का बना जाता। कहा फ्रेंच गवर्नेस मदाम क्रिस्टीन का अनुशासन, पिता के मोनोग्राम अकित कटलरी में साहबी छोटा हाजरी बीसियो दास दासिया, चार चार घोडाजुती वह फिटन जिसे उसके नाना न कलकत्ते की बडी गौहरजान से खरीदा था। जब वह छोटी थी, तब कभी-कभी रग मे आने पर मा उसे अपने शैशव के विलास-वैभव की कहानियां सुनाती जैसे दूसरी ही मा बन उठती। वह फिर लखनऊ के गर्ल्स कॉलेज की अध्यापिका

तक स्कूल के अस्वस्थ हेडमास्टर का कार्यभार भी उन्हें सम्भालना होगा।

कुछ ही दिनों में गजानन जोशी ने अपने रहन-सहन और आचार-व्यवहार से ग्रामवासियों को प्रभावित कर लिया। साफ-सुथरा रेशमी कुर्ता, चुन्नटदार धोती अनामिका में सोने की अंगूठी खुले सुवर्ण बटनों से झांकती यज्ञोपवीत की डोरी। मन्दिर में लगे मकड़ी के जालों को झाड़झूड़ वर्षों से मलिन शिवलिंग को सोडा से साफकर गजानन ने चमका दिया, फिर प्रातःकाल जोर-जोर से शिवस्तोत्र की आवृत्ति कर उसने कुछ ही दिनों में उस विस्मृत मन्दिर की महिमा का ऐसा प्रचार आरम्भ किया कि उसी गांव के नहीं दूर-दूर के गांवों से भी दर्शनार्थी आकर चढ़ावा चढ़ाने लगे। प्रत्येक शिवरात्रि को, वहां अब बड़ी धूम से मेला लगने लगा। कुछ ही महीनों में राजलक्ष्मी को अपने जीवन की सांघातिक भूल का आभास हो गया था। जिस व्यक्ति के चिकने चेहरे और सुकण्ठ के माधुर्य पर रीझ कर वह पिता का राजसी वैभव त्याग आई थी, उसकी मरीचिका के व्यर्थ अस्तित्व को उसका नैकट्य कुछ ही दिनों में स्पष्ट कर गया। दूसरे ही महीने उसका नवीन सहचर उसके श्याम वर्ण को लेकर जो प्रच्छन्न व्यंग्य कर गया था, उससे राजलक्ष्मी का कोमल चित्त बुरी तरह आहत हो गया था।

'तुम तो कहते थे पहाड़ में तुम्हारे पिता के कुल का बहुत बड़ा व्यवसाय है। इस सड़े से गांव में मेरा बिलकुल मन नहीं लगता। कहीं क्यों नहीं ले चलते मुझे? अपनी सेवा से मैं उन्हें प्रसन्न कर लूंगी।'

और क्या अपने व्यवहार से तुम उन्हें भले ही प्रसन्न कर लो, तुम्हारा रंग उन्हें कभी प्रसन्न नहीं कर सकता। पहाड़ की तो डोमनियां भी गोरी होती हैं।"

राजलक्ष्मी सिर से पैर तक सुलग गई थी। क्या यह वही गजानन था, जिसने उसके पितृगृह के राजसी एकान्त कक्ष में उसके पैर पकड़कर कहा था—मैं तुम्हारे बिना एक पल भी नहीं जी सकता। राजलक्ष्मी, ऐसे छुपछिपकर आखिर हम कब तक मिल पाएंगे? फिर तुम्हारी उस फिरंगी मेम की तो पीठ में भी आंखें हैं। कैसी बाघिनी-सी चक्कर लगाती रहती है। परसों राजा साहब बघमान जा रहे हैं तुम्हारी बुढ़िया मेम भी अस्पताल में बीमार पड़ी है। इससे अच्छा अवसर फिर हमें कभी नहीं मिलेगा। मैंने सब प्रबन्ध कर लिया है लिलुवा में मेरा एक मित्र है उसने अपनी कार देने का वायदा किया है। परसों रात को

तब स्कूल के अस्वस्थ हेडमास्टर का कार्यभार भी उन्हें ग्रम्भालना होगा।

कुछ ही दिनों में गजानन जोशी ने अपने रहन-सहन और आचार-व्यवहार से ग्रामवासियों को प्रभावित कर लिया। साफ-सुथरा रेशमी कुर्ता, चुन्नटदार धोती अनामिका में सोने की अंगूठी, धुले सुघड़ बटनों से झांकती यज्ञोपवीत की डोरी। मन्दिर में लगे मकड़ी के जालों को झाड़झूड़ बर्षों से मलिन शिवलिंग को सोडा से साफकर गजानन ने चमका दिया, फिर प्रातः काल ज़ोर-ज़ोर से शिवस्तोत्र की आवृत्ति कर उसने कुछ ही दिनों में उस विस्मृत मन्दिर की महिमा का ऐसा प्रचार आरम्भ किया कि उसी गांव के नहीं दूर-दूर के गांवों से भी दर्शनार्थी आकर चढ़ावा चढ़ाने लगे। प्रत्येक शिवरात्रि को, वहां अब बड़ी धूम से मेला लगने लगा। कुछ ही महीनों में राजलक्ष्मी को अपने जीवन की सांघातिक भूल का आभास हो गया था। जिस व्यक्ति के चिकने चेहरे और सुगठ के माधुर्य पर रीझ कर वह पिता का राजसी वैभव त्याग आई थी, उसकी मरीचिका के व्यय अस्तित्व को उसका नैकट्य कुछ ही दिनों में स्पष्ट कर गया। दूसरे ही महीने उसका नवीन सहचर उसके श्याम वर्ण को लेकर जो प्रच्छन्न व्यंग्य कर गया था, उससे राजलक्ष्मी का कोमल चित्त बुरी तरह आहत हो गया था।

'तुम तो बहुत ये पहाड़ में तुम्हारे पिता के ठन का बहुत बड़ा व्यवसाय है। इस सड़े से गांव में मेरा बिलकुल मन नहीं लगता। वहीं क्यों नहीं ले चलते मुझे? अपनी सेवा से मैं उन्हें प्रसन्न कर लूंगी।'

और क्या अपने व्यवहार से तुम उन्हें भले ही प्रसन्न कर लो, तुम्हारा रंग उन्हें कभी प्रसन्न नहीं कर सकता। पहाड़ की तो डोमनियां भी गोरी होती हैं।"

राजलक्ष्मी सिर से पैर तक सुलग गई थी। क्या यह वही गजानन था, जिसने उसके पितृगृह के राजसी एकान्त कक्ष में उसके पैर पकड़कर कहा था—

मैं तुम्हारे बिना एक पल भी नहीं जी सकता। राजलक्ष्मी, ऐसे लुकछिपकर आखिर हम कब तक मिल पाएंगे? फिर तुम्हारी उस फिरंगी मेम की तो पीठ में भी आंखें हैं। कैसी बाघिनी-सी चक्कर लगाती रहती है। परसों राजा साहब बघगान जा रहे हैं तुम्हारी बुढ़िया मेम भी अस्पताल में बीमार पड़ी है। इससे अच्छा अवसर फिर हमें कभी नहीं मिलेगा। मैंने सब प्रबन्ध कर लिया है लिलुवा में मेरा एक मित्र है उसने अपनी कार देने का वायदा किया है। परसों रात को

मडराती रहती। किन्तु पति के साथ आई इस नवीन दुर्गन्ध से उसे उबकाई सी आने लगती। पहले पहल वह पीकर आता तो चुपचाप सिर झुकाए चूल्हे के पास ठण्डा खाना खा मुह ढाप-ढूपकर सो जाता। क्रोध में उफनती लक्ष्मी कच्ची दीवार की ओर मुह फेर बडी देर तक नि शब्द सिसकती रहती। पर मन्दिर के चढावे की समृद्धि के साथ-साथ धीरे-धीरे गजानन का दु साहस भी बडी निलज्जता से बढता चला गया था। अब वह रात-आधी-रात को लौटता तो कभी अनर्गल बकता, कभी थाली पटक लक्ष्मी पर अकारण ही बरसने लगता। 'दिन भर पडी पडी खटिया तोडती है यह भी नही कि दिन भर हाड-तोड मेहनत कर आए मालिक को ढग से रोटी बनाकर ही दे दे। यह भी कोई खाना है ? तेरे बाप के यहा ऐसा ही खाना खाया जाता होगा—क्या ? मैं पूछता हू, पराठे बनाने मे क्या तेरे बाप का घी खच होता है ? कल ही तो गुरुसरन चौथाई टिन देसी घी का पहुचा गया है।"

सहमी-सी लक्ष्मी, एक कोने मे दुबक जाती। दूसरे दिन पराठे बनाकर रखती तो वह फिर थाली दूर पटक देता "मैं पूछता हू, यह रोज रोज पूरी-पराठे खिला-कर क्या मेरा लिवर चौपट करेगी ? जानती नहीं मेरा लिवर कमजोर है ? अपना तो रोज पूडी-पराठे खाकर मुटा रही है साली।"

कभी-कभी लक्ष्मी उसकी हिन्दी मे दी गई गालियों को समझ भी नही पाती। गजानन वर्षों बगाल मे रहा था इसीसे उसकी बँगला में एक सहज स्वाभाविकता थी किन्तु इधर उसे चिढाने वह जानबूझ कर ही हिन्दी बोलने लगा था। जिस नैन-नक्श की उसकी गौहरमासी लाख-लाख बलैया लेती थीं उसीकी दिन रात खिल्ली उडा-उडाकर उसने लक्ष्मी को ऐसी हीनभावना से ग्रस्त कर दिया था कि वह घण्टो उस रत्नखचित दपण में अपना चेहरा देखती रहती। क्या वह सचमुच ही इतनी कुत्सित है ? उसकी उज्ज्वल बडी-बड़ी आँखों की करुण तरल चाहनी ने उन्हें और भी बडी बना दिया था रक्ताल्पता की विवणता उसके चेहरे को सावला होने पर भी गेहुआ बना गई थी। शरीर पहले की अपेक्षा कृश हो गया था, किन्तु आखो मे विद्रोह की ज्वलन्त दृष्टि दिन-प्रतिदिन उग्रतर होती चली गई थी। धीरे धीरे एक ही-सी नीरस दिनचर्या में लक्ष्मी का एक वष बीत गया था। रात को असमय लौटे पति की अनिश्चित, अस्थिर डगमगाती पदचाप सुन,

मडराती रहती। किन्तु पति के साथ आई इस नवी दुर्गन्ध से उसे उबकाई सी आने लगती। पहले पहल वह पीकर आता तो चुपचाप सिर झुकाए चूल्हे के पास ठण्डा खाना खा मुह ढाप-ढूपकर सो जाता। क्रोध में उफनती लक्ष्मी कच्ची दीवार की ओर मुह फेर बडी देर तक नि शब्द सिसकती रहती। पर मन्दिर के चढावे की समृद्धि के साथ-साथ धीरे-धीरे गजानन का दु साहस भी बडी निलज्जता से बढता चला गया था। अब वह रात-आधी रात को लौटता तो कभी अनगल बकता, कभी थाली पटक लक्ष्मी पर अकारण ही बरसने लगता। 'दिन भर पडी पडी खटिया तोडती है यह भी नही कि दिन भर हाड-तोड मेहनत कर आए मालिक को ढग से रोटी बनाकर ही दे दे। यह भी कोई खाना है ? तेरे बाप के यहा ऐसा ही खाना खाया जाता होगा—क्या ? मैं पूछता हू, पराठे बनाने मे क्या तेरे बाप का घी खर्च होता है ? कल ही तो गुरुसरन चौथाई टिन देसी घी का पहुचा गया है।"

सहमी-सी लक्ष्मी, एक कोने मे दुबक जाती। दूसरे दिन पराठे बनाकर रखती तो वह फिर थाली दूर पटक देता "मैं पूछता हू, यह रोज रोज पूरी-पराठे खिला-कर क्या मेरा लिवर चौपट करेगी ? जानती नहीं मेरा लिवर कमजोर है ? अपना तो रोज पूडी-पराठे खाकर मुटा रही है साली।"

कभी-कभी लक्ष्मी उसकी हिन्दी मे दी गई गालियों को समझ भी नही पाती। गजानन वर्षों बगाल मे रहा था इसीसे उसकी बँगला में एक सहज स्वाभाविकता थी किन्तु इधर उसे चिढाने वह जानबूझ कर ही हिन्दी बोलने लगा था। जिस नैन-नक्श की उसकी गौहरमासी लाख-लाख बलैया लेती थीं उसीकी दिन रात खिल्ली उडा-उडाकर उसने लक्ष्मी को ऐसी हीनभावना से ग्रस्त कर दिया था कि वह घण्टो उस रत्नखचित दपण में अपना चेहरा देखती रहती। क्या वह सचमुच ही इतनी कुत्सित है ? उसकी उज्ज्वल बडी-बड़ी आँखों की करुण तरल चाहनी ने उन्हें और भी बडी बना दिया था रक्ताल्पता की विवणता उसके चेहरे को सावला होने पर भी गेहुआ बना गई थी। शरीर पहले की अपेक्षा कृश हो गया था, किन्तु आखो मे विद्रोह की ज्वलन्त दृष्टि दिन-प्रतिदिन उग्रतर होती चली गई थी। धीरे धीरे एक ही-सी नीरस दिनचर्या में लक्ष्मी का एक वर्ष बीत गया था। रात को असमय लौटे पति की अनिश्चित, अस्थिर डगमगाती पदचाप सुन,

जन्मजात माधुर्य और चौपाइयों का स्वाभाविक मधु! हारमोनियम मे आलाप लेकर, गजानन प्रत्येक चौपाई, दोहा, सोरठा, कवित्त को नित्य नवीन राग रागिनियो के पक्के लुभावन रस मे निचोडकर फैला देता—कभी माड, कभी दरबारी और कभी कामाद-केदार—

सुनि सीता दुख प्रभु सुख अयना
भरि आए जल राजिव नयना

चौपाई के ममस्पर्शी भावो को अभिनय-कला मे पटु जोशी पण्डित रामनामी चादर से आखें पोछ और भी सजीव बना देत। रामायण पाठ समाप्त होता तो, आखो से रामायण लगा, अधमुदे पक्ष्मो की चिलमन से वह देखत रहते कि कितना चढावा चढा है। बडी देर तक श्रद्धालु श्रोता पैर छू-छूकर बिना उनकी ओर पीठ *किए ही पीछे सरकते जाते जैसे किसी देवालय मे प्रतिष्ठित देवमूर्ति को माल्यार्पण* कर लौट रहे हो। बडी देर बाद, ध्यानमग्न बगुल की-सी ही फुर्ती से वह दक्षिणा बटोरते और प्रसाद बाट-बूट घर की ओर चल देते।

मगलवार को लक्ष्मी फिर चूल्हा नही जलाती। चिवडा, गट्टा, केले, फूट, आम, बताशे इलायची दाने और कभी-कभी तो गन्ने के रस की खीर भी चढावे मे आ जाती। वह आज तक कभी पति का रामायण-पाठ सुनने नही गई थी। एक तो ग्राम की स्त्रिया जब भी उसे देखती फुसफुसाकर न जाने आपस मे क्या-क्या *कहने लगती। उसके पलायन की रहस्य-चादर ग्रामवासियो ने स्वय ही फाड* डाली थी। उसका श्यामवर्ण हरिणी की-सी भयत्रस्त चकित दृष्टि, हिन्दी का अटपटा उच्चारण देख, वे समझ गए थे कि वह बगाली है और जोशीजी उसे किसी सम्भ्रान्त परिवार से तिडी कर लाए हैं।

ग्राम के दक्षिण की ओर एक छोटा-सा तालाब था, था तो छोटा, पर उसकी नीलाभ गहराई घातक थी। बहुत पहले उसमे गाव के ठाकुर का लडका तैरने मे डूबकर मर गया था। तब से वहा कोई तैरता नही था। ग्रामवासी वहा सिघाडे की बेल फैला दिया करते थे उसी बेल के विस्तृत अस्तित्व से सहम, अब ग्राम के दु साहसी तैराको ने भी वहा तैरना छोड दिया था। सन्ध्या घनाममान होते ही, लक्ष्मी कन्धे पर तौलिया डाल नित्य तैरने चली जाती है और घण्टे मछली-सी तैरती रहती है। यह एक दिन किसीने गजानन से कह दिया तो घर लौटते ही, उसने लक्ष्मी को मारते मारते बेदम कर दिया था।

ज"मजात माधुर्य और चौपाइयो का स्वाभाविक मधु ! हारमोनियम मे आलाप लेकर, गजानन प्रत्येक चौपाई, दोहा, सोरठा, कवित्त को नित्य नवीन राग रागिनियो के पक्के लुभावन रग मे निचोडकर फैला देता—कभी माड, कभी दरबारी और कभी कामाद-केदार—

सुनि सीता दुख प्रभु सुख अयना
भरि आए जल राजिव नयना

चौपाई के ममस्पर्शी भावो को अभिनय-कला मे पटु जोशी पण्डित रामनामी चादर से आखें पोछ और भी सजीव बना देत। रामायण पाठ समाप्त होता तो, आखो से रामायण लगा, अधमुदे पक्ष्मो की चिलमन से वह देखत रहते कि कितना चढावा चढा है। बडी देर तक श्रद्धालु श्रोता पैर छू-छूकर बिना उनकी ओर पीठ किए ही पीछे सरकते जाते जैसे किसी देवालय मे प्रतिष्ठित देवमूर्ति को माल्यार्पण कर लौट रहे हो। बडी दर बाद, ध्यानमग्न बगुल की-सी ही फुर्ती से वह दक्षिणा बटोरते और प्रसाद बाट-बूट घर की ओर चल देते।

मगलवार को लक्ष्मी फिर चूल्हा नही जलाती। चिवडा, गट्टा, केले, फूट, आम, बताशे इलायची दाने और कभी-कभी तो गन्ने के रस की खीर भी चढावे मे आ जाती। वह आज तक कभी पति का रामायण-पाठ सुनने नही गई थी। एक तो ग्राम की स्त्रिया जब भी उसे देखती फुसफुसाकर न जाने आपस मे क्या-क्या कहने लगती। उसके पलायन की रहस्य-चादर ग्रामवासियो ने स्वय ही फाड डाली थी। उसका श्यामवण हरिणी की-सी भयत्रस्त चकित दृष्टि, हिन्दी का अटपटा उच्चारण देख, वे समझ गए थे कि वह बगाली है और जोशीजी उसे किसी सम्भ्रान्त परिवार से तिड़ी कर लाए हैं।

ग्राम के दक्षिण की ओर एक छोटा-सा तालाब था, था तो छोटा, पर उसकी नीलाभ गहराई घातक थी। बहुत पहले उसम गाव के ठाकुर का लडका तैरने मे डूबकर मर गया था। तब से वहा कोई तैरता नही था। ग्रामवासी वहा सिंघाडे की बेल फैला दिया करते थे उसी बेल के विस्तृत अस्तित्व से सहम, अब ग्राम के दु साहसी तैराको ने भी वहा तैरना छोड दिया था। सन्ध्या घनायमान हाते ही, लक्ष्मी कन्धे पर तौलिया डाल नित्य तैरने चली जाती है और घण्टो मछली-सी तैरती रहती है। यह एक दिन किसीने गजानन से कह दिया तो घर लौटते ही, उसने लक्ष्मी को मारते मारते बेदम कर दिया था।

शक्ति से विधि का कोई पूर्व निर्धारित भविष्य उसे अपनी ओर खींच
छोटे से स्टेशन पर रुकी एक मालगाड़ी के खाली डिब्बे में ही वह दुबक
गई थी। सारी रात वह घोड़ी की, नींद भर उस डिब्बे में ठिठुरती रही।
पता, शराबी पति उसे ढूंढता यहीं आ जाए ?

किन्तु कोई नहीं आया। एक कठोर झटके से अपने लौह अः
हिलाती मालगाड़ी जब चली, तब विदा लेते उस स्टेशन के कोर पर
निरिया चहक रही थी। लक्ष्मी की आंखों से झर झरकर आंसू बहने लगे,
से उसका यह रूप विचित्र दिखता था।

दिन डूबे किसी बड़े स्टेशन पर रुकी और चोरों की भांति इधर-उध
लक्ष्मी नीचे उतर गई। पहली बार उसे अपनी असहाय विवशता का
हुआ और उसके दोनों पैर बुरी तरह कांपने लगे थे। इधर-उधर से आ
पटरियों के संगम पर वह हताश खड़ी थी कि दूर किसी इंजन की र
पायी। वह आंखें बन्द कर पटरी पर खड़ी हो गई। किसी ने उसे हाथ
दूर पटक दिया। दूर गिरते ही जिन पटरियों पर वह खड़ी थी, उन्हीं पर
घड़घड़ाती एक लम्बी रेलगाड़ी उसे लगभग मूर्छित कर गई।

"कौन हो तुम ? कटना ही था तो बीच यार्ड में कटने क्यों आईं ? ए
की भी देर होती तो चटनी बन जाती।"

नीली वर्दी में उसका गोरा चेहरा और भी ललछौंहा लग रहा
उसकी फीरोजवर्णी आंखें निश्चय ही किसी विदेशी की थीं।

"चोट लग गई क्या ? उठ नहीं पा रही हो ? आई एम सॉरी, पर
नहीं पटकता तो ओह माई गॉड !" वह फिर, उसे भयावह सम्भावना क
करते ही सहम उठा। "उठ पाओगी ?"

स्वीकृति में गर्दन, हिलाती-कांपती लक्ष्मी उठ गई थी।

"कहां जाओगी ? यह रायबरेली है।"

"मैं तो यहां किसी को भी नहीं जानती, इतनी रात को कहां जाऊं
यदि कृपा कर आज आश्रय दे दें," उसका स्पष्ट उच्चारण, मनो ही उस
व्यक्ति के चेहरे से, क्रोध की रेखाएं स्वयं हट गईं।

अजीब लड़की हो—यू आर सो यंग—और यह भी नहीं जानती !
जाओगी। अच्छा, चलो मेरे साथ, इधर से ही चलो, पिछवाड़े से ही !

शक्ति से विधि का कोई पूर्व निर्धारित भविष्य उसे अपनी ओर खींच रहा है। छोटे से स्टेशन पर रुकी एक मालगाड़ी के खाली डिब्बे में ही वह दुबककर बैठ गई थी। सारी रात वह भोड़ी मी, सीड भर उस डिब्बे में ठिठुरती रही थी। क्या पता, शराबी पति उसे ढूंढता वहीं आ जाए ?

किन्तु कोई नहीं आया। एक कठोर झटके से अपने लौह अजर-पंजर हिलाती मालगाड़ी जब चली, तब विदा लेते उस स्टेशन के कोर पर मोर की गिरेया चहक रही थी। लक्ष्मी की आंखों से झर झरकर आंसू बहने लगे, पितृगृह से उसका यह करुण विचित्र निराममन था।

दिन डूबे किसी बड़े स्टेशन पर रुकी और चोरों की भांति इधर-उधर देखती लक्ष्मी नीचे उतर गई। पहली बार उसे अपनी असहाय विवशता का आभास हुआ और उसके दोनों पैर बुरी तरह कांपने लगे थे। इधर-उधर से आई अनेक पटरियों के संगम पर वह हताश खड़ी थी कि दूर किसी इंजन की सर्चलाइट चमकी। वह आंखें बन्द कर पटरी पर खड़ी हो गई। किसी ने उसे हाथ पकड़कर दूर पटक दिया। दूर गिरते ही जिन पटरियों पर वह खड़ी थी, उन्हीं पर से धड़धड़ाती एक लम्बी रेलगाड़ी उसे लगभग मूर्छित कर गई।

"कौन हो तुम ? मरना ही था तो बीच यार्ड में मरने क्यों आईं ? एक सेकेण्ड की भी देर होती तो मर ही जाती।"

नीली वर्दी में उसका गोरा चेहरा और भी ललछौंहा लग रहा था और उसकी फीरोजवर्णी आंखें निश्चय ही किसी विदेशी की थीं।

"चोट लग गई क्या ? उठ नहीं पा रही हो ? आई एम सॉरी, पर तुम्हें ऐसे नहीं पटकता तो ओह माई गॉड !" वह फिर, उसी भयावह सम्भावना का स्मरण करते ही सहम उठा। "उठ पाओगी ?"

स्वीकृति में गर्दन, हिलाती-कांपती लक्ष्मी उठ गई थी।

"कहां जाओगी ? यह रायबरेली है।"

"मैं तो यहां किसी को भी नहीं जानती, इतनी रात को कहां जाऊंगी आप यदि कृपा कर आज आश्रय दे दें," उसका स्पष्ट उच्चारण, सुनते ही उस अनजान व्यक्ति में अहर से, क्रोध की रेखाएं स्वयं हट गईं।

अजीब लड़की हो—यू आर सो स्ट्रेंज—और यह भी नहीं जानती कि कहां जाओगी। अच्छा, चलो मेरे साथ, इधर से ही चलो, पिछवाड़े से ही निकलता

खाने की व्यवस्था करता हूं।"

लक्ष्मी चाहने पर भी यह नही कह सकी कि उसे बिल्कुल भूख नहीं है वह उसके खाने की चिन्ता न करे। पर वह तो उसे एकटक देखती प्याला थामना भी भूल गई थी। उस शान्त चेहरे पर शिशु की-सी सरल मुस्कान थी। आखों के नीचे सामान्य सी क्लान्ति की झाईं थी किन्तु चिकने चेहरे पर कही भी चिन्ता की एक झुर्री नही थी, आंखो के तूतिया रग की गहराई चेहरे को और भी आकर्षक बना गई थी। लक्ष्मी को एक प्याला थमा, वह स्वय दूसरा प्याला थाम, उसीके सामने धरी कुर्सी पर बैठ गया। "नाउ टेल मी," उसने अपनी उसी स्निग्ध हसी से सवार-कर पूछे गए प्रश्न से लक्ष्मी को चौंका दिया, "क्यो ऐसा करने गई थी ? जानती हो, आज केवल ईश्वर की महान अनुकम्पा ने ही तुम्हे जीवन-दान दिया है ?"

लक्ष्मी ने सर झुका लिया, उस अपरिचित दयालु मेजबान के स्वर के वात्सल्य ने उसके आहत चित्त को और भी विचलित कर दिया उसके हाथ का प्याला काप गया, होठ हिले, फिर डबडबाई आखों के गह्वर ने कण्ठ अवरुद्ध कर दिया।

"लेट इट बी—लेट इट बी—टेक इट इजी। (जाने दो—धैर्य से काम लो) जब तुम ठीक हो जाओगी तब बातें करेंगे—तुम चाय पी लो—तब तक मैं ही अपना परिचय दे दू क्यो ?" वह फिर हसा, "मेरा नाम रौबट है, रौबट म्यूरो, पिता अग्रेज थे, मा आइरिश। मेल म गाड हू इमीसे तुम जहा भी जाना चाहोगी वहा तुम्हे पहुचाने म मुझे कोई भी दिक्कत नही होगी—और तुम्हारा नाम क्या है ?"

उसकी निष्कपट हसी लक्ष्मी को हाथ पकडकर किसी अबोध शिशु की भाति जैसे पृथ्वी पर पहले डगमगाते चरण धरना सिखा रही थी।

"लक्ष्मी" चाय के प्याले मे ही दृष्टि गडाकर उसने कहा।

"ओह लक्ष्मी, द गॉडेस !" उसने फिर अपनी परिहास सिक्त हसी से गम्भीर सहमी लक्ष्मी को हसाने की चेष्टा की।

लक्ष्मी का चेहरा लाल हो गया शायद उसके अस्तित्व बोध को देख, फिर वह स्वय खिसियाकर उठ गया।

"तुम हाथ-मुह धोना चाहोगी ?" उसने फिर बडी चतुरता से असमय के परिहास का विषय-परिवतन कर दिया, "आओ तुम्हें गुसलखाना दिखा दू।"

खाने की व्यवस्था करता हू।"

लक्ष्मी चाहने पर भी यह नही कह सकी कि उसे बिल्कुल भूख नहीं है वह उसके खाने की चिन्ता न करे। पर वह तो उसे एकटक देखती प्याला थामना भी भूल गई थी। उस शान्त चेहरे पर शिशु की-सी सरल मुस्कान थी। आखों के नीचे सामान्य सी क्लान्ति की झाई थी किन्तु चिकने चेहरे पर कही भी चिन्ता की एक झुर्री नही थी, आंखों के तूतिया रग की गहराई चेहरे को और भी आकर्षक बना गई थी। लक्ष्मी को एक प्याला थमा, वह स्वय दूसरा प्याला थाम, उसीके सामने धरी कुर्सी पर बैठ गया। "नाउ टेल मी," उसने अपनी उसी स्निग्ध हसी से सवार-कर पूछे गए प्रश्न से लक्ष्मी को चौंका दिया, क्यो ऐसा करने गई थी ? जानती हो, आज केवल ईश्वर की महान अनुकम्पा ने ही तुम्हे जीवन-दान दिया है ?"

लक्ष्मी ने सर झुका लिया, उस अपरिचित दयालु मेजबान के स्वर के वात्सल्य ने उसके आहत चित्त को और भी विचलित कर दिया उसके हाथ का प्याला काप गया, होठ हिले, फिर डबडबाई आखों के गह्वर ने कण्ठ अवरुद्ध कर दिया।

लेट इट बी—लेट इट बी—टेक इट इजी। (जाने दो—धैर्य से काम लो) जब तुम ठीक हो जाओगी तब बातें करेंगे—तुम चाय पी लो—तब तक मैं ही अपना परिचय दे दू क्यो ?" वह फिर हसा, "मेरा नाम रौबट है, रौबट म्यूरी, पिता अग्रेज थे, मा आइरिश। मेल म गार्ड हू इसीसे तुम जहा भी जाना चाहोगी वहा तुम्हे पहुचाने म मुझे कोई भी दिक्कत नही होगी—और तुम्हारा नाम क्या है ?"

उसकी निष्कपट हसी लक्ष्मी को हाथ पकडकर किसी अबोध शिशु की भाति जैसे पृथ्वी पर पहले डगमगाते चरण धरना सिखा रही थी।

"लक्ष्मी" चाय के प्याले मे ही दृष्टि गडाकर उसने कहा।

"ओह लक्ष्मी, द गॉडेस !" उसने फिर अपनी परिहास सिक्त हसी से गम्भीर सहमी लक्ष्मी को हसाने की चेष्टा की।

लक्ष्मी का चेहरा लाल हो गया शायद उसके अस्तित्व बोध को देख, फिर वह स्वय खिसियाकर उठ गया।

"तुम हाथ-मुह धोना चाहोगी ?" उसने फिर बडी चतुरता से असमय के परिहास का विषय-परिवतन कर दिया, "आओ तुम्हें गुसलखाना दिखा दू।"

'बस ? हो गया खाना ? तुमने तो कुछ खाया ही नही, लक्ष्मी ! यह तो ठीक नही है—बट आई कैन क्वाइट अण्डरस्टैण्ड !" गोद मे धरे नैपकिन से मुह पोछ वह उठ गया।

आओ, तुम्हे तुम्हारा कमरा दिखा दू" कमरे के द्वार तक उसे पहुचाकर फिर वह तटस्थ शालीनता से द्वार खोलकर ऐसे खडा हो गया जैसे किसी साहब का बैरा हो।

सुनो लक्ष्मी," फिर वह बडे गम्भीर स्वर मे कहने लगा, "प्रत्येक मनुष्य के जीवन म कभी कभी ऐसा अवसर आता है, जब मौत के अलावा उसे और कोई रास्ता नही सूझता, किन्तु हम मनुष्यो का यह दुर्भाग्य है कि बुलाने से मौत कभी नही आती। सुबह उठोगी, तो निश्चय ही नया प्रभात तुम्हें जीवन के प्रति आशावान बना देगा। जीवन इतना बुरा नही है, लक्ष्मी ! अच्छा—सो जाओ, गुड नाइट।"

वह चला गया और उसके बूटो की कठोर पगध्वनि सीमान्त की किसी रहस्यमय दिशा मे खो गई। हडबडाकर लक्ष्मी ने चिटखनी चढा दी और कमरे के द्वार से ही लगी आरामकुर्सी पर कटे पेड-सी वह ढह गई। बहुत देर तक वह किसी सम्मोहित माध्यम-सी उसी कुर्सी पर पडी रही। फिर धीरे धीरे अचानक आ गए किसी उजाले का फोकस कमरे की सज्जा पर फैलता चला गया। कमरे की स्वामिनी निश्चय ही सुघड सलीके वाली थी। लापरवाह भाई की अटपटी गृहस्थी मे उसका वह कमरा किसी उघडे स्वेटर पर लगे नये ऊन के पैबन्द-सा ही अलग चमक रहा था। कमरे के बीचो-बीच एक गोल मेज पर क्रोशिये का मेजपोश बिछा था उसम उसीके लगाए हफ्ते भर के बासी फूल सूखने पर भी लगाने वाली की सुरुचि का परिचय दे रहे थे। दीवार पर क्वीन विक्टोरिया का बडा-सा तैल-चित्र टगा था मेण्टलपीस पर बडी सी घडी शायद किसी नीलाम से खरीदी गई थी या फिर अतीत की पीढियो के स्मृतिचिह्न रूप मे ही उसे पोंछ-पोछकर सहेज दिया गया था। घडी की दोनो जीर्ण सुइया बारह के धूमिल अक्षरो पर उसी अचल मुद्रा म खडी थीं जिसमे उन्होंने शायद युगो पूर्व बारह बजाए थे। उसीके नीचे किसीके विवाह का एक चित्र टगा था, जिसमे रौबर्ट के मुस्कराते तारुण्य को पहचानने मे लक्ष्मी को विलम्ब नहीं हुआ। उसके पास ही एक आकर्षक

'बस ? हो गया खाना ? तुमने तो कुछ खाया ही नहीं, लक्ष्मी ! यह तो ठीक नहीं है—वट आई कैन क्वाइट अण्डरस्टैण्ड !" गोद मे धरे नैपकिन से मुह पोछ वह उठ गया।

आओ, तुम्हे तुम्हारा कमरा दिखा दू" कमरे के द्वार तक उसे पहुचाकर फिर वह तटस्थ शालीनता से द्वार खोलकर ऐसे खडा हो गया जैसे किसी साहब का बैरा हो।

सुनो लक्ष्मी," फिर वह बडे गम्भीर स्वर मे कहने लगा, "प्रत्येक मनुष्य के जीवन म कभी कभी ऐसा अवसर आता है, जब मौत के अलावा उसे और कोई रास्ता नही सूझता, किन्तु हम मनुष्यों का यह दुर्भाग्य है कि बुलाने से मौत कभी नही आती। सुबह उठोगी, तो निश्चय ही नया प्रभात तुम्हें जीवन के प्रति आशावान बना देगा। जीवन इतना बुरा नही है, लक्ष्मी ! अच्छा—सो जाओ, गुड नाइट।"

वह चला गया और उसके बूटो की कठोर पगध्वनि सीमान्त की किसी रहस्यमय दिशा मे खो गई। हडबडाकर लक्ष्मी ने चिटखनी चढा दी और कमरे के द्वार से ही लगी आरामकुर्सी पर कटे पेड-सी वह ढह गई। बहुत देर तक वह किसी सम्मोहित माध्यम-सी उसी कुर्सी पर पडी रही। फिर धीरे धीरे अचानक आ गए किसी उजाले का फोकस कमरे की सज्जा पर फैलता चला गया। कमरे की स्वामिनी निश्चय ही सुघड सलीके वाली थी। लापरवाह भाई की अटपटी गृहस्थी मे उसका वह कमरा किसी उघडे स्वेटर पर लगे नये ऊन के पैबन्द-सा ही अलग चमक रहा था। कमरे के बीचो-बीच एक गोल मेज पर क्रोशिये का मेजपोश बिछा था उसमे उसीके लगाए हफ्ते भर के बासी फूल सूखने पर भी लगाने वाली की सुरुचि का परिचय दे रहे थे। दीवार पर क्वीन विक्टोरिया का बडा-सा तैल-चित्र टगा था मेण्टलपीस पर बडी सी घडी शायद किसी नीलाम से खरीदी गई थी या फिर अतीत की पीढियो के स्मृतिचिह्न रूप मे ही उसे पोंछ-पोछकर सहेज दिया गया था। घडी की दोनो जीर्ण सुइया बारह के धूमिल अक्षरो पर उसी अचल मुद्रा म खडी थीं जिसमे उन्होंने शायद युगो पूर्व बारह बजाए थे। उसीके नीचे किसीके विवाह का एक चित्र टगा था, जिसमे रौबर्ट के मुस्कराते तारुण्य को पहचानने मे लक्ष्मी को विलम्ब नहीं हुआ। उसके पास ही एक आकर्षक

गया था। ले गई गृह की पुरानी दासी माया। वह मा के मायके की दासी थी उसके साथ मदाम होतीं तो शायद मा कुछ नही कहती, पर माया थी शायद इसी-से उसके हृदय का गह्वर अन्तिम बार पुत्री के सम्मुख मुखर होकर फूट गया था 'आमाके विष दिच्छे डाकातरा खुकू आमा के विष दिच्छे" (मुन्नी ये डाकू मुझे जहर दे रहे हैं जहर।)। माया की सूजी आखें और लाल नाक देखकर भी वह अबोध मूर्खा कुछ नही समझी थी। दिन-भर मामा के यहा बिताकर वह रात को लौटी तो भागकर माया उसे छाती से चिपटाकर जोर जोर मे रोने लगी थी। रात को सोने से पहले नित्य माया ही उसे मा के कमरे मे ले जाती थी। कभी-कभी मा उसे देखकर भी चुपचाप आखें बन्द किए पड़ी रहती तो माया कहती—'दीदी खुकू ऐशेछे।" (दीदी मुन्नी आई है।) पर मा वैसी ही मुर्दा पड़ी रहती। किन्तु कभी कभी उसकी यन्त्रणा-कातर आखें द्वार की ओर टिकी प्रतीक्षा करतीं। उस दिन वह उसे बड़े लाड़ से छाती के पास खीचकर कहती "खेये छीश खुकू ? जा घुमो ऐ बारे।' (खाना खा लिया तूने ? जा अब सो जा।)

आज उसके क्षत विक्षत चित्त मे मा की एक ही करुण छवि अकित थी, भयात्त दृष्टि और वह स[illegible]ठस्वर, 'खुकू डाकातरा आमाके विष दिच्छे!' मा की मृत्यु के कुछ ही दि[illegible] की एक और स्मृति भी उसे बीच-बीच म काठ बना देती। उसके पिता [illegible] में अदभुत मासल माधुय था। उनके कमरे म एक बड़ा-सा औगन था जिसे नि[illegible] सुबह उठते ही मदाम अपने स्वच्छ झाड़न से पोंछती थी, कभी कभी झाड़न के सस्पर्श से उसके सफेद-काले अवयव मृदु झकार छोड़ अपनी टनटन से लक्ष्मी को [illegible]गा देत। वह जान जाती कि भोर हो गई है। एक दिन वह उसी परिचित टनटन के मधुर एलाम से जग गइ—तब क्या भोर हो गई थी ? पर मदाम तो उसकी पाश्व की पलग पर पड़ी खर्राटे ले रही थी। खुली खिड़की से तारो भरे आकाश को देख उसने आखें बन्द की ही थी कि उसे लगा, मा का क्षीण कण्ठ उसे पुकार रहा है— खुकू खुकू '

मा उसके पास के ही कमरे म अकेली सोती थी। वह उठकर गई तो दखा मा जगी हैं "खुकू, दरजाटा ऐकटू खुले जा मा, तोर बाबा गान कोरछे (मुन्नी, दरवाजा जरा खोल जा मा तेरे पापा गाना गा रहे हैं)।"

उसने दबे पैरो से जाकर पिता के कमरे का द्वार खोल दिया था। भारी

गया था। ले गई गृह की पुरानी दासी माया। वह मा के मायके की दासी थी उसके साथ मदाम होतीं तो शायद मा कुछ नही कहती, पर माया थी शायद इसी-से उसके हृदय का गह्वर अन्तिम बार पुत्री के सम्मुख मुखर होकर फूट गया था 'आमाके विष दिच्छे डाकातरा खुकू आमा के विष दिच्छे" (मुन्नी ये डाकू मुझे जहर दे रहे हैं जहर।)। माया की सूजी आखें और लाल नाक देखकर भी वह अबोध मूर्खा कुछ नही समझी थी। दिन-भर मामा के यहा बिताकर वह रात को लौटी तो भागकर माया उसे छाती से चिपटाकर ज़ोर ज़ोर से रोने लगी थी। रात को सोने से पहले नित्य माया ही उसे मा के कमरे मे ले जाती थी। कभी-कभी मा उसे देखकर भी चुपचाप आखें बन्द किए पड़ी रहती तो माया कहती— "दीदी खुकू ऐशेछे।" (दीदी मुन्नी आई है।) पर मा वैसी ही मुर्दा पड़ी रहती। किन्तु कभी कभी उसकी यन्त्रणा-कातर आखें द्वार की ओर टिकी प्रतीक्षा करतीं। उस दिन वह उसे बड़े लाड से छाती के पास खीचकर कहती "खेये छीश खुकू? जा घुमो ऐ बारे।" (खाना खा लिया तूने? जा अब सो जा।)

आज उसके क्षत विक्षत चित्त मे मा की एक ही करुण छवि अकित थी, भयात्त दृष्टि और वह सहमा स्वर, 'खुकू डाकातरा आमाके विष दिच्छे!' मा की मृत्यु के कुछ ही दिन पूर्व की एक और स्मृति भी उसे बीच-बीच म काठ बना देती। उसके पिता के कठ में अदभुत मासल माधुर्य था। उनके कमरे म एक बड़ा-सा औगन था जिसे नित्य सुबह उठते ही मदाम अपने स्वच्छ झाड़न से पोंछती थी, कभी कभी झाड़न के स्पर्श से उसके सफेद-काले अवयव मृदु झकार छोड अपनी टनटन से लक्ष्मी को जगा देते। वह जान जाती कि भोर हो गई है। एक दिन वह उसी परिचित टनटन के मधुर एलाम से जग गई—तब क्या भोर हो गई थी? पर मदाम तो उसकी पार्श्व की पलग पर पड़ी खर्राटे ले रही थी। खुली खिड़की से तारो भरे आकाश को देख उसने आखें बन्द की ही थी कि उसे लगा, मा का क्षीण कण्ठ उसे पुकार रहा है— खुकू खुकू '

मा उसके पास के ही कमरे म अकेली सोती थी। वह उठकर गई तो देखा मा जगी हैं "खुकू, दरजाटा ऐकटू खुले जा मा, तोर बाबा गान कोरछे (मुन्नी, दरवाजा जरा खोल जा मा तेरे पापा गाना गा रहे हैं)।"

उसने दबे पैरो से जाकर पिता के कमरे का द्वार खोल दिया था। भारी

करेंगे—कोई तुम्हारे पास नहीं फटकेगा "

"मेरी मा से कोई घृणा नहीं करता, एक तुम्हीं उनसे घृणा करती हो!" पहली बार उसने अपने उद्दाम मुहफट शैशव की चोट से मदाम को हतप्रभ कर दिया था।

"तुम बहुत शैतान और दुष्ट लड़की हो!" मदाम का मर्कटमुखी चेहरा क्रोध से और भी लाल बन गया था।

लक्ष्मी पैर पटकती-रोती अपने कमरे मे भाग गई थी।

उस एक रात के मा के शय्या शयन के लिए वह मदाम के हज़ार-हज़ार बेंत भी सह सकती थी। कितनी दुबली थी मा, उसकी पसली की हड्डिया उसे छुरी-सी चुभती रही थी और मा चुपचाप उसे छाती से चिपटाए रही फिर स्वय ही उसने पीठ फेर ली थी। पीठ फिरी रहने पर भी वह जान गई थी कि मा रो रही है। *पापा का स्वर बड़ी देर तक उसी गाने को दुहराता रहा था*

तखन तोरे बलेछिनू रे मन

जास ने विपथे

मानली नी तखन—

खिड़की से आती, काठाल चम्पा की दमघोंट देने वाली तीव्र सुगन्ध के साथ मा की देह से आती दवाइयो की गन्ध मिलकर अब भी कभी उसके नथुने फड़का जाती। आज इस अपरिचित मेज़बान की खिड़की से आती वैसी ही पुष्प-गन्ध उसे पितृगृह के बिछुड़े अतीत की ओर खींच रही थी। कैसा आश्चर्य है कि कभी कोई जानी-पहचानी पूर्व परिचित सुगन्ध भी भूले-बिसरे धुंधले अतीत को, सद्य अंकित चित्र-सा ही स्पष्ट कर देती है। वैरानिका की दुग्धधवल शय्या के, कैंडलविक पलगपोश को लक्ष्मी ने तहा कर कुर्सी पर धर दिया। न दो ऊची तकियो के स्वच्छ गिलाफों के कलेवर पर सोने वाली अपनी कोई सिलवट छोड़ गई थी, न चादर पर। लगता था अभी-अभी किसीने दोनों हाथों से एक-एक सिलवट मिटा-कर, नये सिरे से बिस्तर लगाया है। अनजान परिवेश मे, उस बिस्तर पर लेटने में भी लक्ष्मी को हिचकिचाहट हो रही थी पर बिस्तर पर लेटते ही, अब तक स्वय उसके भय से सहमी-दुबकी नींद सहसा उसकी पलकें मूदे दे रही थी। अग-अग ऐसे टूट रहा था जैसे किसीने मार-कूटकर रख दिया हो। उसने बत्ती बुझाई

करेंगे—कोई तुम्हारे पास नहीं फटकेगा' "

"मेरी मा से कोई घृणा नहीं करता, एक तुम्हीं उनसे घृणा करती हो!" पहली बार उसने अपने उद्दाम मुहफट शैशव की चोट से मदाम को हतप्रभ कर दिया था।

"तुम बहुत शैतान और दुष्ट लड़की हो!" मदाम का मर्कटमुखी चेहरा क्रोध से और भी लाल बन गया था।

लक्ष्मी पैर पटकती-रोती अपने कमरे मे भाग गई थी।

उस एक रात के मा के शय्या शयन के लिए वह मदाम के हजार-हजार बेंत भी सह सकती थी। कितनी दुबली थी मा, उसकी पसली की हड्डिया उसे छुरी-सी चुभती रही थी और मा चुपचाप उसे छाती से चिपटाए रही फिर स्वय ही उसने पीठ फेर ली थी। पीठ फिरी रहने पर भी वह जान गई थी कि मा रो रही है। *पापा का स्वर बडी देर तक उसी गाने को दुहराता रहा था*

तखन तोरे बलेछिनू रे मन
जास ने विपथे
मानलो नी तखन—

खिडकी से आती, काठाल चम्पा की दमघोंट देने वाली तीव्र सुगन्ध के साथ मा की देह से आती दवाइयो की गन्ध मिलकर अब भी कभी उसके नथुने फडका जाती। आज इस अपरिचित मेज़बान की खिडकी से आती वैसी ही पुष्प-गन्ध उसे पितृगृह के बिछुड़े अतीत की ओर खीच रही थी। कैसा आश्चर्य है कि कभी कोई जानी-पहचानी पूर्व परिचित सुगन्ध भी भूले-बिसरे धुधले अतीत को, सद्य अकित चित्र-सा ही स्पष्ट कर देती है। वैरानिका की दुग्धधवल शय्या के, कैंडलविक पलगपोश को लक्ष्मी ने तहा कर कुर्सी पर धर दिया। न दो ऊची तकियो के स्वच्छ गिलाफों के कलेवर पर सोने वाली अपनी कोई सिलवट छोड गई थी, न चादर पर। लगता था अभी-अभी किसीने दोनों हाथों से एक-एक सिलवट मिटा-कर, नये सिरे से बिस्तर लगाया है। अनजान परिवेश मे, उस बिस्तर पर लेटने में भी लक्ष्मी को हिचकिचाहट हो रही थी पर बिस्तर पर लेटते ही, अब तक स्वय उसके भय से सहमी-दुबकी नींद सहसा उसकी पलकें मूदे दे रही थी। अग-अग ऐसे टूट रहा था जैसे किसीने मार-कूटकर रख दिया हो। उसने बत्ती बुझाई

बदलती रही थी। उस गुदगुदी शय्या में भी उसे जैसे हजार काटे चुभ रहे थे, उस पर एक अज्ञात भय की सिहरन रह-रहकर उसे कपा रही थी। कहीं आधी रात को उसका कुआरा मेजबान यदि द्वार खटखटा दे तब? किन्तु ऐसा कुछ हुआ नही।

पौ फटने से ही कुछ पूर्व उसे झपकी आ गई। जब हड़बड़ाकर उठी तब सचमुच ही कोई द्वार खटखटा रहा था। उसने हड़बड़ाकर कपड़े ठीक किए, द्वार खोला तो रौबर्ट हाथ मे चाय की ट्रे लिए मुस्करा रहा था "व्हाई एम सॉरी, तुम्हें नींद से जगा दिया पर सात बजे हैं, आठ बजे मेरी ड्यूटी है, तुम्हें फिलहाल वैरोनिका के पास छोड जाऊगा, वहा पहुचकर, तुम जहा भी जाना हो, लौटने मे तुम्हें मैं वहीं पहुचा दूगा—लो पहले चाय पी लो।"

तब क्या सुबह हो गई थी? शायद बड़ी देर में उसकी आखें झपकीं इसीसे नींद नही टूटी थी। उसने सर झुकाए ही ट्रे थाम ली। रात्रि के अस्पष्ट अन्धकार मे रौबर्ट उसकी घनकुन्तल राशि को ही देख पाया था किन्तु नवीन सूर्य की मन्द किरणें उसके सर्वांग पर छिटकीं, तो वह आश्चर्यचकित मुग्ध दृष्टि से उसे देखता रहा। सोने म जूड़ा अस्त-व्यस्त होकर शिथिल हो गया था पर फिर भी ऐसा लग रहा था जैसे कोई शखचूड़ काला नाग कुण्डली मारे उसकी ग्रीवा से सट गया हो। ललाट पर स्वेद की बूदें झलक रही थीं। पीली साड़ी मुड़ी-तुड़ी होने पर भी यत्न से पहनी गई थी और शायद उसी पीले रग की पाण्डुर आभा में सुकुमार चेहरा और भी पीला लग रहा था। ट्रे लेने में, एक पल को विचलित हो गए आचल की उठी यवनिका से, उसका उद्धत यौवन क्रुद्ध सर्पिणी की-सी ही चिरी जिह्वा लपलपा गया तो रौबर्ट ने सहमकर आखें फेर लीं।

ऐसा रूप-यौवन, किस कठोर आघात से आहत हो मृत्यु का वरण करने, उस मेल ट्रेन के पहिये के औदार्य का याचक बना होगा?

चाय पीकर वह ट्रे उठा स्वय ही बेसिन में साफ करने लगा, तो पहली बार नतमुखी लक्ष्मी का बोल फूटा, "आप हट जाइए, मैं धो देती हू—"

'ओह सो काइण्ड आफ यू—पर मुझे तो यह सब नित्य करने की आदत है—व्हाई स्पायल मी।' वह हसा।

लक्ष्मी ने उसके हाथ से प्याले लेकर स्वय साफ कर दिए, फिर ट्रे उठाकर मेज पर धर आई। रौबर्ट तैयार होने चला गया। जब लौटा तब नीली वर्दी में

बदलती रही थी। उस गुदगुदी शय्या में भी उसे जैसे हजार काटे चुभ रहे थे, उस-पर एक अज्ञात भय की सिहरन रह-रहकर उसे कपा रही थी। कहीं आधी रात को उसका कुआरा मेजबान यदि द्वार खटखटा दे तब ? किन्तु ऐसा कुछ हुआ नही।

पौ फटने से ही कुछ पूर्व उसे झपकी आ गई। जब हड़बड़ाकर उठी तब सचमुच ही कोई द्वार खटखटा रहा था। उसने हड़बड़ाकर कपड़े ठीक किए, द्वार खोला तो रौबर्ट हाथ म चाय की ट्रे लिए मुस्करा रहा था "आई एम सॉरी, तुम्हें नींद से जगा दिया पर सात बजे हैं, आठ बजे मेरी ड्यूटी है, तुम्हें फिलहाल वैरोनिका के पास छोड़ जाऊगा, वहा पहुचकर, तुम जहा भी जाना हो, लौटते मे तुम्हें मैं वहीं पहुचा दूगा—लो पहले चाय पी लो।"

तब क्या सुबह हो गई थी ? शायद बड़ी देर में उसकी आखें झपकीं इसीसे नींद नही टूटी थी। उसने सर झुकाए ही ट्रे थाम ली। रात्रि के अस्पष्ट अधकार मे रौबर्ट उसकी घनकुन्तल राशि को ही देख पाया था किन्तु नवीन सूर्य की मन्द किरणें उसके सर्वांग पर छिटकीं, तो वह आश्चर्यचकित मुग्ध दृष्टि से उसे देखता रहा। सोने म जूड़ा अस्त-व्यस्त होकर शिथिल हो गया था पर फिर भी ऐसा लग रहा था जैसे कोई शखचूड़ काला नाग कुण्डली मारे उसकी ग्रीवा से सट गया हो। ललाट पर स्वेद की बूदें झलक रही थीं। पीली साड़ी मुड़ी-तुड़ी होने पर भी यत्न से पहनी गई थी और शायद उसी पीले रग की पाण्डुर आभा में सुकुमार चेहरा और भी पीला लग रहा था। ट्रे लेने में, एक पल को विचलित हो गए आचल की उठी यवनिका से, उसका उद्धत यौवन क्रुद्ध सर्पिणी की-सी ही चिरी जिह्वा लपलपा गया तो रौबर्ट ने सहमकर आखें फेर लीं।

ऐसा रूप-यौवन, किस कठोर आघात से आहत हो मृत्यु का वरण करने, उस मेल ट्रेन के पहिये के औदार्य का याचक बना होगा ?

चाय पीकर वह ट्रे उठा स्वय ही बेसिन में साफ करने लगा, तो पहली बार नतमुखी लक्ष्मी का बोल फूटा, "आप हट जाइए, मैं धो देती हू—"

'ओह सो काइण्ड आफ यू—पर मुझे तो यह सब नित्य करने की आदत है—ह्वाई स्पायल मी।' वह हसा।

लक्ष्मी ने उसके हाथ से प्याले लेकर स्वय साफ कर दिए, फिर ट्रे उठाकर मेज पर धर आई। रौबट तैयार होने चला गया। जब लौटा तब नीली वर्दी में

लक्ष्मी का चेहरा फक पड गया। छि-छि, उसने क्या अन्त तक बटुआ लेकर भागनेवालियो की श्रेणी मे ही उसे रख दिया था।

रिक्शा उसे लखनऊ के जिन प्रशस्त पथो से लिए जा रहा था, उनसें लक्ष्मी का कोई पूर्व परिचय नहीं था। पिछली बार पति के साथ जब पितगृह से भागकर आई थी, तब गजानन ने उसके लम्बे घूघट को एक पल के लिए भी नही हटने दिया था। लखनऊ का स्टेशन कब आया और कब गया, वह जान भी नही पाई थी। लालबाग के लाल ईंटों के बने छोटे से बगलेनुमा मकान के पास ही रिक्शा छोड रॉबट लोहे का फाटक खोल उसे भीतर ले गया। बरामदे मे वह राबट के पीछे खडी थी कि घटी का शब्द सुन गहस्वामिनी ने द्वार खोल दिया। भाई को देखकर चिकने गौरमुखमडल पर क्षण भर को उतरी उजली हसी उसी पल भाई की अपरिचिता सगिनी को देख लिपस्टिक रजितअधरो पर ही विलुप्त हो गई। जिस सुगध का भभाका लक्ष्मी की उसकी शय्या पर ही बेसुध कर गया था उसी सुगध का आभास पाते ही वह जान गई कि यही वैरोनिका है।

"वैरोनिका, दिस इज लक्ष्मी! लक्ष्मी यह मेरी बहन है, वैरोनिका," रौबट ने ऐसी स्वाभाविकता से दोनो का एक-दूसरी से परिचय कराया, जैसे दोना ही को एक-दूसरी से मिलने का पूर्वाभास था, किन्तु कुआरे भाई के साथ उस सुन्दरी सावली हिन्दुस्तानी युवती को देखकर वैरोनिका प्रसन्न नही हुई थी, यह भाव प्रतिपल उसके कठोर चेहरे को उग्रतर बनाता और भी कठोर बना रहा था। उस श्यामवर्णी चेहरे को उसका ऐंग्लो इडियन आभिजात्य भीतर आने का निमन्त्रण नहीं दे पा रहा था।

"कम इन लक्ष्मी," रौबट का ही स्नेहसिक्त स्वर उसे किसी उत्साहित बालक के-से उत्कठित आमन्त्रण से भीतर खीच ले गया।

बहन का कमरा भाई के कमरे से कही अधिक सुव्यवस्थित था। कमरे मे लगा केन का सोफा, दीवान पर बिछा डनलप मोजेइक, फर्श की सुघडता, सबमे सुरुचि की सुस्पष्ट छाप थी। दीवार पर वैरोनिका के यौवन-काल का आदमकद चित्र टगा था, जिसमे खुले गले के नीले गाउन म उसके उत्तग यौवनदीप्त वक्षस्थल पर गार्नेट की माला के सुरमई दाने, अधरा पर गाढे लिपस्टिक की रेखा, घुटने पर धरे हाथ की लम्बी मध्यमा पर सिग्नेट अगूठी का चौकोर चमकता कत्थई

लक्ष्मी का चेहरा फक पड गया। छि-छि, उसने क्या अन्त तक बटुआ लेकर भागनेवालियो की श्रेणी मे ही उसे रख दिया था।

रिक्शा उसे लखनऊ के जिन प्रशस्त पथो से लिए जा रहा था, उनसें लक्ष्मी का कोई पूर्व परिचय नहीं था। पिछली बार पति के साथ जब पितगृह से भागकर आई थी, तब गजानन ने उसके लम्बे घूघट को एक पल के लिए भी नही हटने दिया था। लखनऊ का स्टेशन कब आया और चल गया, वह जान भी नही पाई थी। लालबाग के लाल ईंटों के बने छोटे से बगलेनुमा मकान के पास ही रिक्शा छोड रॉबट लोहे का फाटक खोल उसे भीतर ले गया। बरामदे मे वह राबट के पीछे खडी थी कि घटी का शब्द सुन गृहस्वामिनी ने द्वार खोल दिया। भाई को देखकर चिकने गौरमुखमडल पर क्षण भर को उतरी उजली हसी उसी पल भाई की अपरिचिता सगिनी को देख लिपस्टिक रजित अधरो पर ही विलुप्त हो गई। जिस सुगध का भभाका लक्ष्मी को उसकी शय्या पर ही बेसुध कर गया था उसी सुगध का आभास पाते ही वह जान गई कि यही वैरोनिका है।

सुरगमा का हाथ पकडकर लक्ष्मी फिर बरामदे की जाफरी म खीच ले गई थी। उसके जीवन का यह विकृत कर प्रस्तुत किया गया आधा इतिहास जब पुत्री सुन चुकी थी तब अब उसे सब कुछ बता देने म ही श्रेय था। धीरे धीरे अधकार

पक्का घर चुका हू, उस रियासत के वैभव का बगाल मे कौन नही जानता ?'

' किन्तु, ठीक दो ही वर्षों मे, काशी के उस महापण्डित की भविष्यवाणी मेरे जीवन मे साकार होकर उतर आई थी। मैंने आज तुझसे कुछ भी नही छिपाया सुरगमा जो ठोकर मैंने खाई है, उससे तुझे बचा सकू यही मैंने आज तक आचल फैलाकर मागा है। कई बार जी मे आया, लखनऊ छोडकर कही चली जाऊ, पर जाती भी कहा ? पितृगृह लौट जाने का प्रश्न ही नही उठ सकता था। जो गृह मेरी आखो के सामने ही विध्वस्त हो चुका था, उसका अस्तित्व भी शायद अब मिट चुका होगा। तेरे पिता की जन्मभूमि, मुझे कभी भी नहीं स्वीकारेगी, यह तेरे पिता मुझसे कई बार कह चुके थे। मैं तेरे ही कारण, तेरे पिता को छोडकर, कही नही गई, सोचती थी तूने ब्राह्मण की पुत्री होकर जन्म लिया है, जो तेरा पिता है उससे तुझे कभी विलग नही करूगी। जितनी ही बार मदान्ध पति का अन्याय मेरे चित्त को विद्रोही बनाता, उतनी ही बार मेरे जन्मगत सस्कार उस विद्रोह को दबा देते। मैंने अपनी मा की असीम सहनशीलता देखी है। पिता के बडे से बडे अन्याय को भी उन्होंने मृत्युपर्यन्त बिना किसी उपालम्भ के झेला था। कहती थी 'मुन्नी तेरे ही लिए मैं यहा से नही जाती। पिता के जीवित रहने पर भी यदि सन्तान किसी और के घर पले, तो इससे बडा उसका दुर्भाग्य और क्या हो सकता है ? "

"मुझे भूखा मार रही है तू—अरी ओ राजा साहब की राजकन्या—हाय मुझे इन मा-बेटी ने भूखा मार दिया है रे।" गजानन होश मे आकर चीखने लगा तो सुरगमा, हडबडाकर उठ गई। पिता के अविवेकी आचरण के बावजूद उसे गजानन से अनोखा लगाव था, उधर उसके लिए गजानन के प्यार का भी अन्त नहीं था। नशे मे चूर रहता तब भी सुरगमा ही उसे हाथ पकडकर पलग पर लिटा देती और जब वह नशे के गहरा घोर से चैतन्यावस्था के अस्पष्ट आलोक मे मिचमिचाई आखें खोलता, सुरगमा ही उसके बिखरे बालो मे अगुलिया फेर कर पूछती— "कैसी तबीयत है बाबा, चाय पियेंगे ?"

पुत्री के सुकुमार चेहरे मे, वर्षों पूर्व की विस्मृत जननी का वात्सल्य उसे पश्चाताप की दहन से झुलसाकर रख देता। शराब के हैंगओवर मे डूबा गजानन फिर कभी-कभी अबोध शिशु-सा सुबकने लगता, "मुझे माफ कर दे बेटी, मैं तेरा

सु ६

पक्का घर चुका हू, उस रियासत के वैभव का बगाल मे कौन नही जानता ?'

' किन्तु, ठीक दो ही वर्षो मे, काशी के उस महापण्डित की भविष्यवाणी मेरे जीवन मे साकार होकर उतर आई थी। मैंने आज तुझसे कुछ भी नही छिपाया सुरगमा जो ठोकर मैंने खाई है, उससे तुझे बचा सकू यही मैंने आज तक आचल फैलाकर मागा है। कई बार जी मे आया, लखनऊ छोडकर कही चली जाऊ, पर जाती भी कहा ? पितृगृह लौट जाने का प्रश्न ही नही उठ सकता था। जो गढ़ मेरी आखो के सामने ही विध्वस्त हो चुका था, उसका अस्तित्व भी शायद अब मिट चुका होगा। तेरे पिता की जन्मभूमि, मुझे कभी भी नहीं स्वीकारेगी, यह तेरे पिता मुझसे कई बार कह चुके थे। मैं तेरे ही कारण, तेरे पिता को छोडकर, कही नही गई। सोचती थी तूने ब्राह्मण की पुत्री होकर जन्म लिया है, जो तेरा पिता है उससे तुझे कभी विलग नही करूगी। जितनी ही बार मदान्ध पति का अन्याय मेरे चित्त को विद्रोही बनाता, उतनी ही बार मेरे जन्मगत सस्कार उस विद्रोह को दबा देते। मैंने अपनी मा की असीम सहनशीलता देखी है। पिता के बडे से बडे अन्याय को भी उन्होंने मृत्युपर्यन्त बिना किसी उपालम्भ के झेला था। कहती थी 'मुन्नी तेरे ही लिए मैं यहा से नही जाती। पिता के जीवित रहते पर भी यदि सन्तान किसी और के घर पले, तो इससे बडा उसका दुर्भाग्य और क्या हो सकता है ? "

"मुझे भूखा मार रही है तू—अरी ओ राजा साहब की राजकन्या—हाय मुझे इन मा-बेटी ने भूखा मार दिया है रे।" गजानन होश मे आकर चीखने लगा तो सुरगमा, हडबडाकर उठ गई। पिता के अविवेकी आचरण के बावजूद उसे गजानन से अनोखा लगाव था, उधर उसके लिए गजानन के प्यार का भी अन्त नहीं था। नशे मे चूर रहता तब भी सुरगमा ही उसे हाथ पकडकर पलग पर लिटा देती और जब वह नशे के गहरे घोर से चैतन्यावस्था के अस्पष्ट आलोक मे मिचमिचाई आखें खोलता, सुरगमा ही उसके बिखरे बालो मे अगुलिया फेर कर पूछती— "कैसी तबीयत है बाबा, चाय पियेंगे ?"

पुत्री के सुकुमार चेहरे मे, वर्षों पूर्व की विस्मृत जननी का वात्सल्य उसे पश्चाताप की दहन से झुलसाकर रख देता। शराब के हैंगओवर मे डूबा गजानन फिर कभी-कभी अबोध शिशु-सा सुबकने लगता, "मुझे माफ कर दे बेटी, मैं तेरा

सु ६

करता था, वहां से भी न जाने कितनी बार अग्रिम वेतन लेकर वह उनकी नजरों में अपने को यथेष्ट गिरा चुका था उधर राजलक्ष्मी का स्वास्थ्य निरन्तर गिरता चला जा रहा था। महत्त्वाकांक्षिणी राजलक्ष्मी जान गई थी कि उसके स्वयं का जीवन अब बुझते दिए की लौ की ही भांति टिमटिमा रहा है, इसीसे उसका प्रत्येक क्षण अब पुत्री के भविष्य का जाल बुनने में ही व्यतीत होता था, "सुरंगमा, मेरी बड़ी इच्छा है कि तू कम्पिटीशन में बैठे।'

पर मेरी इच्छा तो नहीं है मां 'वह हंसकर तत्क्षण मां का प्रस्ताव खोटे सिक्के-सा फेर देती। लक्ष्मी का हृदय धड़कने लगता कहीं उसीकी सी कोई मूर्खता तो नहीं कर बैठी अभागी।

'तब ? क्या करेगी ? दिन रात शराबी बाप का दरवाजे से उठाकर पलंग पर लिटाती रहेगी क्या ? या मेरी तरह मास्टरनी बन जीवन भर खूंखार सिरफिरी इंस्पेक्टरनियों की धौंस सहेगी ? सुन ले लड़की, सरकारी कॉलेज की मास्टरनी बनी तो वे विभागीय शेरनियां तेरा खून पीती रहेंगी और किसी प्राइवेट कॉलेज की नौकरी की तो नरभक्षी मैनेजर तेरा जीना दूभर कर देंगे—नीरा चतुर्वेदी श्यामला मुकर्जी मीता धर सब तो तेरी युनिवर्सिटी की लड़कियां थी—आज कोई एस० डी० एम० है और कोई डिप्टी सेक्रेटरी।'

"पर मैं न नीरा हूं न श्यामला, न मीता, मैं तो सुरंगमा हूं, मां।' पुत्री की निर्दोष, निश्छल हंसी में भी उसका दृढ़ निश्चय स्पष्ट हो जाता। वह समझ जाती कि वह उसकी पुत्री नहीं उसके जन्म का सिंहलग्न बोल रहा है। रोग की व्यथा से भी अधिक व्यथा थी उसे अपनी सांसारिक बुद्धिहीना पुत्री के भविष्य की। अस्वस्थ रुग्ण शरीर को एक प्रकार से घसीटती ही वह कालेज जाती, लौटती तो लगता गिर पड़ेगी। प्रायः ही वह बिना खाए ही सो जाती है यह सुरंगमा ने देख लिया था।

'मां, इधर तुम बराबर लंघन कर रही हो एक दिन उसने सकपकाई मां को पकड़ लिया 'आईने में अपना चेहरा देखती हो कभी ?"

क्यों क्या हो गया है री मेरे चेहरे को ?' लक्ष्मी ने हंसकर बात उड़ाने की चेष्टा की किन्तु उसकी आंखें छलछला आई।

मैंने तुम्हारे लिए मीरा से कहकर कल ऐप्वाएण्टमेण्ट ले लिया है तुम कल कॉलेज नहीं जाओगी, आठ बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचना है।'

करता था, वहां से भी न जाने कितनी बार अग्रिम वेतन लेकर वह उनकी नजरों में अपने को यथेष्ट गिरा चुका था उधर राजलक्ष्मी का स्वास्थ्य निरन्तर गिरता चला जा रहा था। महत्त्वाकांक्षिणी राजलक्ष्मी जान गई थी कि उसके स्वयं का जीवन अब बुझते दिए की लौ की ही भांति टिमटिमा रहा है, इसीसे उसका प्रत्येक क्षण अब पुत्री के भविष्य का जाल बुनने में ही व्यतीत होता था, "सुरगमा, मेरी बड़ी इच्छा है कि तू कम्पिटीशन में बैठे।'

पर मेरी इच्छा तो नहीं है मां ' वह हंसकर तत्क्षण मां का प्रस्ताव खोटे सिक्के-सा फेर देती। लक्ष्मी का हृदय धड़कने लगता कहीं उसीकी सी कोई मूर्खता तो नहीं कर बैठी अभागी।

'तब ? क्या करेगी ? दिन रात शराबी बाप का दरवाजे से उठाकर पलंग पर लिटाती रहेगी क्या ? या मेरी तरह मास्टरनी बन जीवन भर खूंखार सिरफिरी इंस्पेक्टरनियों की धौंस सहेगी ? सुन ले लड़की, सरकारी कॉलेज की मास्टरनी बनी तो वे विभागीय शेरनियां तेरा खून पीती रहेंगी और किसी प्राइवेट कॉलिज की नौकरी की तो नरभक्षी मैनेजर तेरा जीना दूभर कर देंगे— नीरा चतुर्वेदी श्यामला मुकर्जी मीता धर सब तो तेरी युनिवर्सिटी की लड़कियां थीं—आज कोई एस० डी० एम० है और कोई डिप्टी सेक्रेटरी।'

"पर मैं न नीरा हूं न श्यामला, न मीता, मैं तो सुरगमा हूं, मां।" पुत्री की निर्दोष, निश्छल हंसी में भी उसका दृढ निश्चय स्पष्ट हो जाता। वह समझ जाती कि वह उसकी पुत्री नहीं उसके जन्म का सिंहलग्न बोल रहा है। रोग की व्यथा से भी अधिक व्यथा थी उसे अपनी सांसारिक बुद्धिहीना पुत्री के भविष्य की। अस्वस्थ रुग्ण शरीर को एक प्रकार से घसीटती ही वह कालेज जाती, लौटती तो लगता गिर पड़ेगी। प्राय ही वह बिना खाए ही सो जाती है यह सुरगमा ने देख लिया था।

'मां, इधर तुम बराबर लंघन कर रही हो एक दिन उसने सकपकाई मां को पकड़ लिया 'आईने में अपना चेहरा देखती हो कभी ?"

क्यों क्या हो गया है री मेरे चेहरे को ? ' लक्ष्मी ने हंसकर बात उड़ाने की चेष्टा की किन्तु उसकी आखें छलछला आईं।

मैंने तुम्हारे लिए मीरा से कहकर कल ऐप्वाएण्टमेण्ट ले लिया है तुम कल कॉलेज नहीं जाओगी, आठ बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचना है।'

शासन के अनेक महत्त्वपूर्ण छोटे-मोटे पदाधिकारी उनकी मुट्ठी में बन्द रहते। उत्कोच देने और लेने की उनकी अपनी मौलिक प्रणाली थी। दोनों होनहार बेटे विभिन्न विश्वविद्यालयों से अपने काले चेहरे पर कालिख पुतवा अब घर ही में गांजे चरस का दम खींच रहे थे। पिता की उपस्थिति में ही सिगरेट का सुट्टा खींचती अन्धाधुन्ध हवा के वेग से कार भगाती मीरा सिनहा, पूरे शहर में बदनाम थी। इसीसे जब उस जैसी लड़की से सुरंगमा की मैत्री हुई तब राजलक्ष्मी मन ही मन शंकित भी हुई थी, "सुरंगमा, तेरे, साथ जो लड़की उस दिन आई थी, मुझे कुछ अच्छी नहीं बेटी," उसने एक दिन कह दिया।

"देखने में जैसी लगती है वैसी नहीं है वह मां, मीरा को तुम नहीं जानतीं—एकदम ही भोली लड़की है।"

"भोली ?" मां के स्वर में विस्मय की झलक कुछ तीखी ही हो गई थी। एक दिन वह सुरंगमा को छोड़ने आई तो खिड़की के पर्दे की ओट से लक्ष्मी उसे देर तक देखती रही थी। बैंजनी शीटसिल्क की शोख साड़ी, पट्टी से ब्लाउज का निर्लज्ज खुला गला जो कल्पना के लिए कुछ भी बाकी नहीं रख गया था, गाढ़ी लिपस्टिक और नाक पर हिल रही सोने की नन्ही-सी बाली। शायद उसी बाली का अस्तित्व उस चेहरे के स्तर को एकदम ही सस्ता बन गया था। बहुत पहले वह एक बार गौहरमासी के साथ उनकी मौसेरी बहन के लड़के के अन्नप्राशन पर सोनागाछी गई थी। गौहरमासी ने उसे खूब सिखा-पढ़ाकर कहा था—"तुई जे आमार सगे सोनागाछी गिए छिली, मा-बाबा के किछू बलीश ना, बुझली!"
(तू मेरे साथ सोनागाछी गई है यह मां-बाप को मत बतलाना, समझी!) ऐसी ही सांवले चेहरों पर नन्ही नथुनिया हिलाती न जाने कितनी किशोरियां उसे घेरकर बैठ गई थीं। एकदम वैसा ही चेहरा लगता था उसे सुरंगमा की इस तेज-तर्रार सहेली का! एक हाथ में गिलट का कड़ा था, और दूसरा हाथ स्टियरिंग व्हील पर। अंगुली पर टप-टप दमकती हीरे की अंगूठी के साथ-साथ सिगरेट के ज्वलन्त स्फुलिंग को देखकर लक्ष्मी और सहम गई थी। उसके सम्मुख खड़ी उसकी शालीन पुत्री उसका जीवन्त विरोधाभास लग रही थी। तांत की चौड़े लाल पाड़ की साड़ी, लापरवाही से बंधा शिथिल जूड़ा पतली ग्रीवा पर ढुलक गया था। अस्तगामी सूर्य की मन्द रश्मियां उसके मन्द स्मित को और भी आकर्षक बना गई थीं। सांस रोककर उसे देख रही लक्ष्मी, जैसे, अपनी ही पुत्री को नहीं

शासन के अनेक महत्त्वपूर्ण छोटे-मोटे पदाधिकारी उनकी मुट्ठी में बन्द रहते। उत्कोच देने और लेने की उनकी अपनी मौलिक प्रणाली थी। दोनों होनहार बेटे विभिन्न विश्वविद्यालयों से अपने काले चेहरे पर कालिख पुतवा अब घर ही में गांजे चरस का दम खींच रहे थे। पिता की उपस्थिति में ही सिगरेट का सुट्टा खींचती अन्धाधुन्ध हवा के वेग से कार भगाती मीरा सिनहा, पूरे शहर में बदनाम थी। इसीसे जब उस जैसी लड़की से सुरंगमा की मैत्री हुई तब राजलक्ष्मी मन ही मन शंकित भी हुई थी, "सुरंगमा, तेरे, साथ जो लड़की उस दिन आई थी, मुझे कुछ जची नहीं बेटी," उसने एक दिन कह दिया।

"देखने में जैसी लगती है वैसी नहीं है वह मा, मीरा को तुम नहीं जानतीं—एकदम ही भोली लड़की है।"

"भोली ?" मा के स्वर मे विस्मय की झलक कुछ तीखी ही हो गई थी। एक दिन वह सुरंगमा को छोड़ने आई तो खिड़की के पर्दे की ओट से लक्ष्मी उसे देर तक देखती रही थी। बैंजनी शॉटसिल्क की शोख साड़ी, पट्टी से ब्लाउज का निलज्ज खुला गला जो कल्पना के लिए कुछ भी बाकी नहीं रख गया था, गाढ़ी लिपस्टिक और नाक पर हिल रही सोने की नन्ही-सी बाली। शायद उसी बाली का अस्तित्व उस चेहरे के स्तर को एकदम ही सस्ता बना गया था। बहुत पहले वह एक बार गौहरमासी के साथ उनकी मौसेरी बहन के लड़के के अन्नप्राशन पर सोनागाछी गई थी। गौहरमासी ने उसे खूब सिखा-पढ़ाकर कहा था—"तुई जे आमार सगे सोनागाछी गिए छिली, मा-बाबा के किछू बलीश ना, बुझली!" (तू मेरे साथ सोनागाछी गई है यह मा-बाप को मत बतलाना, समझी!) ऐसी ही सांवले चेहरों पर नन्ही नथुनिया हिलाती न जाने कितनी किशोरियां उसे घेरकर बैठ गई थीं। एकदम वैसा ही चेहरा लगता था उसे सुरंगमा की इस तेज-तर्रार सहेली का! एक हाथ में गिलट का कड़ा था, और दूसरा हाथ स्टियरिंग ह्वील पर। अंगुली पर टप-टप दमकती हीरे की अंगूठी के साथ-साथ सिगरेट के ज्वलन्त स्फुलिंग को देखकर लक्ष्मी और सहम गई थी। उसके सम्मुख खड़ी उसकी शालीन पुत्री उसका जीवन्त विरोधाभास लग रही थी। तात की चौड़े लाल पाड़ की साड़ी, लापरवाही से बंधा शिथिल जूड़ा पतली ग्रीवा पर ढुलक गया था। अस्तगामी सूर्य की मन्द रश्मियां उसके मन्द स्मित को और भी आकर्षक बना गई थीं। सांस रोककर उसे देख रही लक्ष्मी, जैसे, अपनी ही पुत्री को नहीं

थी। सुरगमा की पदचाप सुनकर ही शायद वह जग गई।

"अरे तू इतनी सुबह सुबह" वह हसकर उठ बैठी और सुरगमा का हाथ खीचकर उसने पलग पर बिठा लिया।

'आज निश्चय ही मेरा दिन अच्छा कटेगा सुरगमा—चण्डीदास का पद सुना है तूने

प्रभाते उठिया जे मुख हेरीनू
दिन जावे आजी भालो।"

'सुबह? इसे तू सुबह कहती है नौ बजे तो घर ही से चली थी, उसपर रिक्शा नहीं मिला पैदल आई हू पौन घण्टा तो लगा ही होगा और तू कहती है सुबह! क्या रोज इतनी ही सुबह तक सोती है तू?"

'अरे क्या बताऊ रात को बड़ी देर हो गई थी सोने मे पापा ने अपने कुछ विदेशी मित्रो को बुलाया था, पहले सोचा तुझे बुला लू—पर बुलाने पर भी तू क्या कभी आती है? फिर भी मैं खुद जाकर तुझे पकड ही लाती, पर तेरे पापा ने बताया कि तेरी मा की तबियत बहुत खराब है।'

'मेरे पापा?" सुरगमा का चेहरा फक पड गया 'मेरे पापा कहा मिले तुझे?"

'क्यो? कल तूने ही तो उन्हें यहा भेजा था ना?"

"मैंने?" सुरंगमा आश्चर्य से उसे देखती, फिर स्वय बडबडाने लगी थी, "मेरी ही भूल थी मीरा, आई शुड हैव टोल्ड यू—पर एक बात बता, तुझसे कुछ रुपये मागकर तो नहीं ले गए?" सुरगमा का स्वर रुआसा हो गया।

"उन्होने कहा, तेरी मा के लिए, खून की कुछ बोतलें खरीदनी हैं। शनिवार के कारण बैंक बारह ही बजे बन्द हो गया था और इतवार को भी वह रुपये नहीं *निकाल पाएगे—इसीसे तूने तीन सौ रुपये मगवाए हैं।* भाग्य से मेरे बटुए मे ही तीन सौ रुपये पडे थे मैंने उठाकर दे दिए—पर क्या बात है सुरगमा, तू इतनी घबडाई क्यों लग रही है? क्या कुछ हो गया है तेरे पापा को?"

"हो जाता तो बहुत अच्छा था मीरा, शर्म आ रही है अपने पिता के लिए ऐसी बात कह रही हू। पर तुझे कैसे बताऊ, पिता होकर भी वह हमारा कितना बडा अनिष्ट कर गए हैं। अभी तो तेरा ही पता लगा और न जाने किस किस से रुपया ले गए हैं" सुरगमा की आखों से आसू बहते जा रहे थे। उसने उन्हें

थी। सुरगमा की पदचाप सुनकर ही शायद वह जग गई।

"अरे तू इतनी सुबह सुबह " वह हसकर उठ बैठी और सुरगमा का हाथ खीचकर उसने पलग पर बिठा लिया।

'आज निश्चय ही मेरा दिन अच्छा कटेगा सुरगमा—चण्डीदास का पद सुना है तूने

प्रभाते उठिया जे मुख हेरीनू
दिन जावे आजी भालो।"

'सुबह ? इसे तू सुबह कहती है नौ बजे तो घर ही से चली थी, उसपर रिक्शा नहीं मिला पैदल आई हू पौन घण्टा तो लगा ही होगा और तू कहती है सुबह ! क्या रोज इतनी ही सुबह तक सोती है तू ?"

'अरे क्या बताऊ रात को बडी देर हो गई थी सोने मे पापा ने अपने कुछ विदेशी मित्रो को बुलाया था, पहले सोचा तुझे बुला लू—पर बुलाने पर भी तू क्या कभी आती है ? फिर भी मैं खुद जाकर तुझे पकड ही लाती, पर तेरे पापा ने बताया कि तेरी मा की तबियत बहुत खराब है।'

'मेरे पापा ?" सुरगमा का चेहरा फक पड गया 'मेरे पापा कहा मिले तुझे ?"

'क्यो ? कल तूने ही तो उन्हें यहा भेजा था ना ?"

"मैंने ?" सुरंगमा आश्चर्य से उसे देखती, फिर स्वय बडबडाने लगी थी, "मेरी ही भूल थी मीरा, आई शुड हैव टोल्ड यू—पर एक बात बता, तुझसे कुछ रुपये मागकर तो नही ले गए ?" सुरगमा का स्वर रुआसा हो गया।

"उन्होने कहा, तेरी मा के लिए, खून की कुछ बोतलें खरीदनी हैं। शनिवार के कारण बैंक बारह ही बजे बन्द हो गया था और इतवार को भी वह रुपये नहीं निकाल पाएगे—इसीसे तूने तीन सौ रुपये मगवाए हैं। भाग्य से मेरे बटुए मे ही तीन सौ रुपये पड़े थे मैंने उठाकर दे दिए—पर क्या बात है सुरगमा, तू इतनी घबडाई क्यों लग रही है ? क्या कुछ हो गया है तेरे पापा को ?"

"हो जाता तो बहुत अच्छा था मीरा, शर्म आ रही है अपने पिता के लिए ऐसी बात कह रही हू। पर तुझे कैसे बताऊ, पिता होकर भी वह हमारा कितना बडा अनिष्ट कर गए हैं। अभी तो तेरा ही पता लगा और न जाने किस किस से रुपया ले गए हैं " सुरगमा की आखों से आसू बहते जा रहे थे। उसने उन्हें

स्पष्ट था कि वह मीरा को अपने गृह के विचित्र परिवेश से परिचित नहीं कराना चाहती थी। उस दिन मीरा उसके साथ गई तो बाहर से एकदम ही उभरे उस दोमजिले मकान की बनावट के विपरीत, अन्तरग कक्षों की स्वच्छता देख अवाक रह गई थी। बाहर का कमरा शायद उसके पिता का था, एक कोने में तबलों की जोडी धरी थी, दूसरी ओर तानपुरा टिका था।

कौन ?" राजलक्ष्मी का क्षीण स्वर आया। "मैं हू मा," सुरगमा का मृदु स्वर और भी नम्र हो उठा, "मीरा तुमसे मिलने आई है " कह वह उसे हाथ पकडकर मा के पास खीच ले गई। पास पास धरे दो पलगों की परिधि ने पूरे कमरे को घेर लिया था फिर भी किनारे धरे बक्सों को यत्न से ढाप-ढूप बैठने का तख्त बना दिया गया था, मीरा उसीपर बैठ गई। कुछ ही देर पूर्व अवसन्न अगरबत्ती का सन्दली धुआ अभी भी कमरे मे मण्डरा रहा था। "मा यह मीरा है! कैसी तबियत है अब ? मैं सतरे का जूस निकालकर सिराहने धर गई थी, पिया था ना, मा ?"

राजलक्ष्मी, बिना कुछ कहे चुपचाप पडी रही। मा की चुप्पी से अप्रस्तुत खडी सुरगमा सहम गई। उसे लौटने में म देर हो गई थी इसीसे क्या मां अप्रसन्न हो गई थी या मीरा की उपस्थिति उसे विरक्त कर गई थी ?

"मा," उसने बडे लाड से पुकारकर लक्ष्मी के बालों को सहलाया।

"मरने दे मुझे, मरने दे!" लक्ष्मी का सारा आक्रोश अकारण ही रुलाई मे फूट पडा, "तुम सब मुझसे ऊब गए हो, मैं जानती हू। मैंतुम सबका बोझ बन गई हू। जहर देकर मार डालो मुझे " बार-बार सिसकियों से हिलती मा की दुबल देह को थामती सुरगमा स्वय टूटती जा रही थी। फिर भी उसने हृदय के आवेग से कण्ठस्वर को जरा भी विचलित नही होने दिया।

'क्या बचपना कर रही हो मा, कौन ऊब गया है तुमसे! मैं तो काम से ही बाहर गई थी, मा!"

आवेग से फूट गई रुलाई लक्ष्मी के रोगकातर दुबल चित्त को स्वय ही हल्का कर गई। आचल से आखें पोंछ वह फिर चुपचाप लेटी रही। "कही दद है क्या ?" सुरगमा मा के यन्त्रणा-व्यथित चेहरे को फिर ऐसे दुलारने लगी, जैसे वह स्वय मा हो।

'नही," लक्ष्मी ने सिर हिला दिया।

स्पष्ट था कि वह मीरा को अपने गृह के विचित्र परिवेश से परिचित नहीं कराना चाहती थी। उस दिन मीरा उसके साथ गई तो बाहर से एकदम ही तकरे उस दोमजिले मकान की बनावट के विपरीत, अन्तरंग कक्षों की स्वच्छता देख अवाक रह गई थी। बाहर का कमरा शायद उसके पिता का था, एक कोने में तबलों की जोड़ी धरी थी, दूसरी ओर तानपुरा टिका था।

कौन ?" राजलक्ष्मी का क्षीण स्वर आया। "मैं हू मा," सुरगमा का मृदु स्वर और भी नम्र हो उठा, "मीरा तुमसे मिलने आई है " कह वह उसे हाथ पकडकर मा के पास खीच ले गई। पास पास धरे दो पलगों की परिधि ने पूरे कमरे को घेर लिया था फिर भी किनारे धरे बक्सों को यत्न से टाप-टूप बैठने का तख्त बना दिया गया था, मीरा उसीपर बैठ गई। कुछ ही देर पूव अवसन्न अगरबत्ती का सन्दली धुआ अभी भी कमरे मे मण्डरा रहा था। "मा यह मीरा है! कैसी तबियत है अब ? मैं सतरे का जूस निकालकर सिराहने धर गई थी, पिया था ना, मा ?"

राजलक्ष्मी, बिना कुछ कहे चुपचाप पडी रही। मा की चुप्पी से अप्रस्तुत खडी सुरगमा सहम गई। उसे लौटने में म देर हो गई थी इसीसे क्या मां अप्रसन्न हो गई थी या मीरा की उपस्थिति उसे विरक्त कर गई थी ?

"मा," उसने बडे लाड से पुकारकर लक्ष्मी के बालों को सहलाया।

"मरने दे मुझे, मरने दे!" लक्ष्मी का सारा आक्रोश अकारण ही रुलाई मे फूट पडा, "तुम सब मुझसे ऊब गए हो, मैं जानती हू। मैंतुम सबका बोझ बन गई हू। जहर देकर मार डालो मुझे " बार-बार सिसकियों से हिलती मा की दुबल देह को थामती सुरगमा स्वय टूटती जा रही थी। फिर भी उसने हृदय के आवेग से कण्ठस्वर को जरा भी विचलित नहीं होने दिया।

'क्या बचपना कर रही हो मा, कौन ऊब गया है तुमसे! मैं तो काम से ही बाहर गई थी, मा!"

आवेग से फूट गई रुलाई लक्ष्मी के रोगकातर दुबल चित्त को स्वय ही हल्का कर गई। आचल से आखें पोंछ वह फिर चुपचाप लेटी रही। "कही दद है क्या ?" सुरगमा मा के यन्त्रणा-व्यथित चेहरे को फिर ऐसे दुलारने लगी, जैसे वह स्वय मा हो।

'नही," लक्ष्मी ने सिर हिला दिया।

मैं मीरा के मामा की कार आई थी।

मीरा की ननिहाल में अब उसके विधुर मामा और नानी ही रहते थे। मामा के इकलौते पुत्र ने जमनी में ही विवाह कर वहीं गृहस्थी जमा ली थी। आने से पहले मीरा ने उसे मामा का पूरा हुलिया ही नहीं बताया, उनका चित्र भी सुरगमा के पास मे रख दिया— 'वैसे तो तू उन्हें बिना इसके भी पहचान लेगी पूरे कलकत्ते मे मेरे मामा-सा बदसूरत व्यक्ति तुझे ढूंढने से भी नहीं मिल सकता लाखो की भीड मे भी मामा खडे रहें तब भी कोई उनकी गधमादन-सी भीमाकार देह को पहचान सकता है।'

ठीक ही कहा था उसने। चुनी शान्तिपुरी धोती और अद्धी की चुन्नटदार बाहों वाले कुर्ते मे सोने के बटन चमकात मीरा के मामा को मा-बेटी ने एक साथ पहचान लिया था।

सुरगमा ही मा को सामान के साथ छोडकर कुछ हिचकती आगे बढी थी, "क्षमा कीजिएगा, आप ही क्या गौरप्रसन्न सिनहा हैं?"

'अरे हा-हा यह भी भला कोई पूछने की बात है? मेरी भानजी ने क्या बताया नही तुम्हें? विधाता का सारा रौ मेटीरियल बस एक यही अभागी काया गढकर शेष हो गया" नकली दातो की स्निग्ध हसी पहली ही झलक में सुरगमा का सारा सकोच बहा गई थी। लक्ष्मी को इनवैलिड चेयर में बैठा, वह उनके साथ-साथ चलते अनगल बोलते चले जा रहे थे, "अरे देखिएगा, कलकत्ते मे पैर रखते ही आपके रोग के बधन स्वय कट जाएंगे। जिस धरती में उगा पेड है उसकी जडें उसी धरती में पनपेंगी। अब ज़ोर-ज़बरदस्ती कर आम का पेड आप भले ही विलायत मे लगा दें कभी फल सकता है? राम भजो! अब मैंने ही अपने बगीचे मे सैकडों रुपये फूककर विदेशी बल्व लगाए, न जाने कहा-कहां से डैफोडिल मगाए पर सब खाक हो गए। आप लोग तो बगाली हैं क्यों जगतजननी? ऐसा ही तो लिखा था मीरा ने"

'जी हा" सुरगमा ने अवसर देख, उसी क्षण, अपना दोरगी परिचय भी साथ-साथ दे दिया था—"मेरे पिता पहाडी हैं मा बगाली!"

"ओह, इसीसे ऐसा खिला रग है तुम्हारा। मैंने तो तुम्हें दूर से देखकर ऐंग्लो इण्डियन समझा था—वैसे मीरा लिख चुकी थी—'देखो मामा, मेरी सखी

में मीरा के मामा की कार आई थी।

मीरा की ननिहाल में अब उसके विधुर मामा और नानी ही रहते थे। मामा के इकलौते पुत्र ने जर्मनी में ही विवाह कर, वहीं गृहस्थी जमा ली थी। आने से पहले मीरा ने उसे मामा का पूरा हुलिया ही नहीं बताया, उनका चित्र भी सुरंगमा के पर्स में रख दिया— 'वैसे तो तू उन्हें बिना इसके भी पहचान लेगी पूरे कलकत्ते में मेरे मामा-सा बदसूरत व्यक्ति तुझे ढूंढने से भी नहीं मिल सकता लाखों की भीड़ में भी मामा खड़े रहें तब भी कोई उनकी गंधमादन-सी भीमाकार देह को पहचान सकता है।'

ठीक ही कहा था उसने। चुनी शान्तिपुरी धोती और अद्धी की चुन्नटदार बाहों वाले कुर्ते में सोने के बटन चमकाते मीरा के मामा को मा-बेटी ने एक साथ पहचान लिया था।

सुरंगमा ही मा को सामान के साथ छोड़कर कुछ हिचकती आगे बढ़ी थी, "क्षमा कीजिएगा, आप ही क्या गौरप्रसन्न सिनहा हैं?"

'अरे हां-हां यह भी भला कोई पूछने की बात है? मेरी भानजी ने क्या बताया नहीं तुम्हें? विधाता का सारा रौ मेटीरियल बस एक यही अभागी काया गढ़कर शेष हो गया" नकली दांतों की स्निग्ध हंसी पहली ही झलक में सुरंगमा का सारा संकोच बहा गई थी। लक्ष्मी को इनवैलिड चेयर में बैठा, वह उनके साथ-साथ चलते अनर्गल बोलते चले जा रहे थे, "अरे देखिएगा, कलकत्ते में पैर रखते ही आपके रोग के बन्धन स्वयं कट जाएंगे। जिस धरती में उगा पेड़ है उसकी जड़ें उसी धरती में पनपेंगी। अब जोर-जबरदस्ती कर आम का पेड़ आप भले ही विलायत में लगा दें कभी फल सकता है? राम भजो! अब मैंने ही अपने बगीचे में सैकड़ों रुपये फूंककर विदेशी बल्ब लगाए, न जाने कहां-कहां से डैफोडिल मंगाए पर सब खाक हो गए। आप लोग तो बंगाली हैं क्यों जगतजननी? ऐसा ही तो लिखा था मीरा ने"

'जी हां" सुरंगमा ने अवसर देख, उसी क्षण, अपना दोरंगी परिचय भी साथ-साथ दे दिया था—"मेरे पिता पहाड़ी हैं मां बंगाली!"

"ओह, इसीसे ऐसा खिला रंग है तुम्हारा। मैंने तो तुम्हें दूर से देखकर ऐंग्लो इण्डियन समझा था—वैसे मीरा लिख चुकी थी—देखो मामा, मेरी सखी

फेरी वाले को ऊपर बुला वह कुछ न कुछ खरीदने के लिए मचलती और उतनी ही बार गौहरमासी उसे लाड से झिडकती—"गा इए मेये, कत आर बाजे जिनिश किनबी बौलतो !' (गवार लडकी, क्या-क्या फालतू चीजें खरीदती रहेगी, बोल तो !)

मा, तुम बहुत थक गई हो, अब लेट जाओ," सुरगमा ने उसे हाथ पकडकर जबरदस्ती पलग पर लिटा दिया तो वह हसी। मां की उज्ज्वल हसी की मरीचिका मे सुरगमा फिर भटक गई। कैसी मूख थी वह, दिन रात उसकी व्यथ कल्पना, मा को लेकर न जाने कैसी-कैसी अशुभ बातें आकने लगी थी। मा को अब कुछ नही होगा, कुछ नही। कलकत्ते का वह प्रसिद्ध मृत्युजय होमियोपैथ निश्चय ही मा को व्याधिमुक्त कर देगा।

"सुरगमा, एक बार जी मे आ रहा है, चुपचाप जाकर बाबा को देख आऊ, तुझे देखकर बाबा मेरे सब अपराध क्षमा कर दें।"

"चलोगी मा, कितनी दूर है यहा से ?"

महा उत्साह से सुरगमा की आखें चमकने लगी थी, "मैंने तो तुमसे कितनी बार कहा था मा, क्यों नहीं चलती एक बार !"

"नही," राजलक्ष्मी का उल्लसित स्वर एकदम ही बुझ गया, 'जान-बूझकर ही अपने सपनो का ससार नष्ट नही करूगी, क्या पता पहुचकर देखूगी, पापा हैं ही नही, कोई आकर कहेगा —'अरे राजा प्रबोधरजन ? उन्हें मरे तो अर्सा बीत गया।' मेरे लिए तो मेरे पापा अन्त तक जीवित ही रहेंगे—वहा पहुचकर कही देखूगी कि कोठी मे किसी कॉलेज की तख्ती लटकी है या किसी दफ्तर के बाबू लोग खटाखट टाइप कर रहे हैं—नहीं, मैं नहीं जा सकती वहा !"

नौकर के साथ चाय की ट्रे मे नाना खाद्यान्न लेकर, हाफते प्रसन्नमुख गौरबाबू हसते-हसते आ गए वाह, मेरी यह उजडी नीची मजिल बहुत दिनों बाद आबाद हुई, जगतजननी। लो चाय पी लो।"

"आपने इतनी तकलीफ क्यों की, मामा बाबू।" सुरगमा ने कहा, "मा तो कुछ खाती नही—अकेली मैं क्या इतना सब खा पाऊगी ?"

"अजी क्यो नही खाएगी मा ? एक-एक चीज सवा-सवा-लाख की छाटकर लाया हू वही सब चीजें हैं, जिनके लिए प्रवासी बगाली प्राण परदेश की धरणी मे तरसते रहते हैं। आज इतने वर्षों में तुम्हारी मा स्वदेश लौटी हैं। भौआर

फेरी वाले को ऊपर बुला वह कुछ न कुछ खरीदने के लिए मचलती और उतनी ही बार गौहरमासी उसे लाड से झिड़कती—"गा इए मेये, कत आर बाजे जिनिश किनबी बोलतो !' (गवार लड़की, क्या-क्या फालतू चीजें खरीदती रहेगी, बोल तो !)

मा, तुम बहुत थक गई हो, अब लेट जाओ," सुरगमा ने उसे हाथ पकड़कर जबरदस्ती पलग पर लिटा दिया तो वह हसी। मां की उज्ज्वल हसी की मरीचिका मे सुरगमा फिर भटक गई। कैसी मूख थी वह, दिन रात उसकी व्यथ कल्पना, मा को लेकर न जाने कैसी-कैसी अशुभ बातें आकने लगी थी। मा को अब कुछ नही होगा, कुछ नही। कलकत्ते का वह प्रसिद्ध मृत्युजय होमियोपैथ निश्चय ही मा को व्याधिमुक्त कर देगा।

"सुरगमा, एक बार जी मे आ रहा है, चुपचाप जाकर बाबा को देख आऊ, तुझे देखकर बाबा मेरे सब अपराध क्षमा कर दें।"

"चलोगी मा, कितनी दूर है यहा से ?"

महा उत्साह से सुरगमा की आखें चमकने लगी थी, "मैंने तो तुमसे कितनी बार कहा था मा, क्यों नहीं चलती एक बार ।"

"नही," राजलक्ष्मी का उल्लसित स्वर एकदम ही बुझ गया, 'जान-बूझकर ही अपने सपनो का ससार नष्ट नही करूगी, क्या पता पहुचकर देखूगी, पापा हैं ही नही, कोई आकर कहेगा —'अरे राजा प्रबोधरजन ? उन्हें मरे तो अर्सा बीत गया।' मेरे लिए तो मेरे पापा अत तक जीवित ही रहेंगे—वहा पहुचकर कही देखूगी कि कोठी मे किसी कॉलेज की तख्ती लटकी है या किसी दफ्तर के बाबू लोग खटाखट टाइप कर रहे हैं—नहीं, मैं नहीं जा सकती वहा !"

नौकरके साथ चाय की ट्रे मे नाना खाद्यान्न लेकर, हाफते प्रसन्नमुख गौरबाबू हसते-हसते आ गए वाह, मेरी यह उजडी नीची मजिल बहुत दिनों बाद आबाद हुई, जगतजननी। लो चाय पी लो ।"

"आपने इतनी तकलीफ क्यों की, मामा बाबू।" सुरगमा ने कहा, "मा तो कुछ खाती नही—अकेली मैं क्या इतना सब खा पाऊगी ?"

"अजी क्यो नही खाएगी मा ? एक-एक चीज सवा-सवा-लाख की छाटकर लाया हू वही सब चीजें हैं, जिनके लिए प्रवासी बगाली प्राण परदेश की धरणी मे तरसते रहते हैं। आज इतने वर्षों में तुम्हारी मा स्वदेश लौटी हैं। मौआर

की गाडन-पार्टी होती। उस दिन भी बडे दिन की दावत थी। बाहर ही पार्टी का आयोजन किया गया था, कि सहसा बिना किसी घन घटा के ही आकाश आच्छादित हो गया बादल का कहीं एक टुकडा भी नही, पर अधेरा घिर आया और बूदें पडने लगीं। चटपट मेजें भीतर सरकाई गइ, और सबने कहा—आज खडे खडे ही खाना-पीना होगा। बैंड बाजे वाले भी बरामदे ने एक कोने मे सिमट गए, उन दिनो की लोकप्रिय धुन बैण्ड पर बज रही थी—'ओह सान्ता डालिग, कम डाउन माई चिमनी टुनाइट '

"तब ही अचानक बिजली चमकी और इससे पहले कि लोग सम्भलते, आग का एक ज्वलन्त गोला बम गोले के-से ही विस्फोट से कटहल के पेड को चीरता-झुलसाता जमीन मे धस गया। ठीक वही, जहा कुछ ही मिनट पहले खाने की मेज लगी थी, एक बडा-सा छेद हो गया था। कई मेमसाहव बेहोश हो गइ, स्मेलिग सॉल्ट की ढूढ मच गई। मेरे पिता ने उस समय तो किसीसे कुछ नही कहा, पर अतिथि विदा हुए तो मा से बोले गौर की मा, लगता है वह बिजली मेरे भीतर भी कुछ तोड गई है छाती में तब से न जाने कैसी चिनक उठ रही है।' और फिर जब मा का ही हाथ पकड इन सीढियों से ऊपर चढ रहे थे, तब ही उनकी नजर इस दपण पर पडी, बिजली का वही धमाका इसे बीच से दरका गया था। मा कहती है कि उसे देखते ही तेरे बाबा का चेहरा एकदम फक पड गया, कहने लगे—गौर की मा अब मैं नहीं बचूगा, निश्चय ही यह दिल के घातक दौरे की भूमिका है। देख रही हो, दपण टूट गया है—दपण का टूटना मत्यु का निश्चित सकेत होता है।' मा ने उन्हे खूब डाटा और बिस्तर पर सुला छाती पर मालिश करने लगी थी। डाक्टर के आने से पहले ही, जब दावत के जूठे बतन भी मेज से नही हटाए गए थे गृह के मेजबान ने पुतलियां पलट दी। उनकी मृत्यु को आज इतने वष बीत गए, पर दपण आज भी उस मनहूस दावत का स्मृतिचिह्न बना यहा लटका है। उनका नाम इसके साथ जुडा न लटका होता तो मैं इसे कभी का उखाडकर फेंक देता। मेरा बेटा वरुण जब कभी घर आता है मैं इसे हटा देता हू। वह इस टूटे दपण से बेहद चिढता है पर अब वह आता ही कहा है। कई वर्षों से उसने हमसे रिश्ता तोड लिया है। अब रह गए हैं मैं और मा। मा की भी वयस हो गई है, इस अगहन मे नब्बे की हो जाएगी। कभी-कभी एकदम ही बहक जाती है, कुछ याद नही रहता पर जब मूड म रहता है तो कोई कह नही सकता कि नब्बे

की गार्डन-पार्टी होती। उस दिन भी बड़े दिन की दावत थी। बाहर ही पार्टी का आयोजन किया गया था, कि सहसा बिना किसी घन घटा के ही आकाश आच्छादित हो गया बादल का कहीं एक टुकड़ा भी नहीं, पर अंधेरा घिर आया और बूंदें पड़ने लगीं। चटपट मेजें भीतर सरकाई गई, और सबने कहा—आज खड़े खड़े ही खाना-पीना होगा। बैंड बाजे वाले भी बरामदे ने एक कोने मे सिमट गए, उन दिनो की लोकप्रिय धुन बैण्ड पर बज रही थी—'ओह सान्ता डार्लिंग, कम डाउन माई चिमनी टुनाइट '

"तब ही अचानक बिजली चमकी और इससे पहले कि लोग सम्भलते, आग का एक ज्वलन्त गोला बम गोले के-से ही विस्फोट से कटहल के पेड को चीरता-झुलसाता जमीन मे धस गया। ठीक वही, जहा कुछ ही मिनट पहले खाने की मेज लगी थी, एक बडा-सा छेद हो गया था। कई मेमसाहब बेहोश हो गई, स्मेलिंग सॉल्ट की ढूढ मच गई। मेरे पिता ने उस समय तो किसीसे कुछ नही कहा, पर अतिथि विदा हुए तो मा से बोले गौर की मा, लगता है वह बिजली मेरे भीतर भी कुछ तोड गई है छाती में तब से न जाने कैसी चिलक उठ रही है।' और फिर जब मा का ही हाथ पकड इन सीढियों से ऊपर चढ रहे थे, तब ही उनकी नजर इस दपण पर पडी, बिजली का वही धमाका इसे बीच से दरका गया था। मा कहती है कि उसे देखते ही तेरे बाबा का चेहरा एकदम फक पड गया, कहने लगे—गौर की मा अब मैं नहीं बचूगा, निश्चय ही यह दिल के घातक दौरे की भूमिका है। देख रही हो, दपण टूट गया है—दपण का टूटना मत्यु का निश्चित सकेत होता है।' मा ने उन्हे खूब डाटा और बिस्तर पर सुला छाती पर मालिश करने लगी थी। डाक्टर के आने से पहले ही, जब दावत के जूठे बतन भी मेज से नही हटाए गए थे गृह के मेजबान ने पुतलियां पलट दी। उनकी मृत्यु को आज इतने वष बीत गए, पर दपण आज भी उस मनहूस दावत का स्मृतिचिह्न बना यहा लटका है। उनका नाम इसके साथ जुडा न लटका होता तो मैं इसे कभी का उखाडकर फेंक देता। मेरा बेटा वरुण जब कभी घर आता है मैं इसे हटा देता हू। वह इस टूटे दपण से बेहद चिढता है पर अब वह आता ही कहा है। कई वर्षों से उसने हमसे रिश्ता तोड लिया है। अब रह गए हैं मैं और मा। मा की भी वयस हो गई है, इस अगहन मे नब्बे की हो जाएगी। कभी-कभी एकदम ही बहक जाती है, कुछ याद नही रहता पर जब मूड म रहता है तो कोई कह नही सकता कि नब्बे

"अरे हा-हा " बुढिया खिखियाकर हसने लगी, "पता नहीं दिमाग की कौन-सी लखौरी ईंट कब खिसक जाती है रे, सब भूल जाती हू। याद क्यों नहीं है, खूब याद है—बऊ मा की लाल बनारसी निकालकर मैं उसे पहनाने लगी तो ओ मा, देखी मेम साहब—हॅंसे गडागडी। (देखती हू—मेमसाहब हसकर लोट-पोट हो गईं।)

"साडी का अर्ज था छोटा और मेमसाहब थी डबल अर्ज की, घुटनों से ऊपर जाती ही नहीं थी साडी। फिर क्या करती, ढाका के मुसलमानों की-सी लुंगी लपेट दी मैंने।"

"देखा नहीं मा, उस दिन अपने बबलू की बगाली बहू भी तो वैसी ही लुगी पहनकर आई थी। आजकल वैसा ही फैशन है।" गौरप्रसन्न बाबू मा को छेडने लगे।

"अरे भाड में जाए ऐसा फैशन। हमें क्या करना है अब, कोई कुछ करे, यहा तो कभी-कभी नाम ही भूल जाती हू। कभी-कभी तो दिन-भर उलझन में फसी रहती हू। अब उस दिन, उमा की बडी लडकी का नाम ही भूल गई। बार-बार सोचती, नाम जबान पर भी आता, पर फिर छिटक जाता। जब शाम को गौर आया उससे पूछा तब कहीं चैन पडा।"

"उमा मेरी छोटी बहन है, रानीगज मे उसके पति, कोयला खान के मैनेजर हैं—उसीकी लडकी की बात कर रही हैं मा" गौर बाबू बार-बार विस्मृति के ताने-बाने मे उलझी मा को निकाल रहे थे।

"अपनी मा को, क्यो नहीं लाई, मा?" बुढिया ने अपने दुबले हाथ बढाकर सुरगमा की अगुलिया सहलाईं।

"इसकी मा बीमार हैं, सीढिया नही चढ सक्तीं, मैंने बताया तो था तुम्हें। तुम्हें ही गोदी में नीचे ले चलेंगे!"

सुरगमा उठने लगी, तो गौरप्रसन्न की मा बच्ची-सी मचलने लगी, "नहीं, मैं भी चलूगी तुम्हारे साथ मैं क्या अकेली बैठी रहूगी यहा? गौर, पकड तो मेरा हाथ, एक बार उठाकर खडी-भर कर दे मुझे, फिर देख, कैसी खटाखट सीढ़िया उतरती हू!"

"और क्या! एक बार खटाखट सीढिया उतरकर पूरे चार महीने प्लास्तर मे पडी रही थी। कहीं फिर अपनी स्केटिंग का करिश्मा दिखा गईं तो गौरप्रसन्न की छुट्टी। आओ" कह उन्होने मा को ऐसे गोद मे उठा लिया जैसे वह कोई,

"अरे हा-हा " बुढ़िया खिसियाकर हसने लगी, "पता नहीं दिमाग की कौन-सी लखौरी ईंट कब खिसक जाती है रे, सब भूल जाती हू। याद क्यों नहीं है, खूब याद है—बऊ मा की लाल बनारसी निकालकर मैं उसे पहनाने लगी तो ओ मा, देखी मेम साहब—हँसे गडागडी। (देखती हू—मेमसाहब हसकर लोट-पोट हो गई।)

" साडी का अर्ज था छोटा और मेमसाहब थी डबल अर्ज की, घुटनों से ऊपर जाती ही नहीं थी साडी। फिर क्या करती, ढाका के मुसलमानों की-सी लुगी लपेट दी मैंने।"

"देखा नहीं मा, उस दिन अपने बबलू की बगाली बहू भी तो वैसी ही लुगी पहनकर आई थी। आजकल वैसा ही फैशन है।" गौरप्रसन्न बाबू मा को छेडने लगे।

" अरे भाड में जाए ऐसा फैशन। हमें क्या करना है अब, कोई कुछ करे, यहा तो कभी-कभी नाम ही भूल जाती हू। कभी-कभी तो दिन-भर उलझन में फसी रहती हू। अब उस दिन, उमा की बडी लडकी का नाम ही भूल गई। बार-बार सोचती, नाम जबान पर भी आता, पर फिर छिटक जाता। जब शाम को गौर आया उससे पूछा तब कहीं चैन पडा।"

"उमा मेरी छोटी बहन है, रानीगज मे उसके पति, कोयला खान के मैनेजर हैं—उसीकी लडकी की बात कर रही हैं मा " गौर बाबू बार-बार विस्मृति के ताने-बाने मे उलझी मा को निकाल रहे थे।

"अपनी मा को, क्यो नहीं लाई, मा ?" बुढ़िया ने अपने दुबले हाथ बढाकर सुरगमा की अगुलिया सहलाईं।

"इसकी मा बीमार हैं, सीढ़िया नही चढ़ सकतीं, मैंने बताया तो था तुम्हें। तुम्हें ही गोदी में नीचे ले चलेंगे।"

सुरगमा उठने लगी, तो गौरप्रसन्न की मा बच्ची-सी मचलने लगी, "नहीं, मैं भी चलूगी तुम्हारे साथ मैं क्या अकेली बैठी रहूगी यहा ? गौर, पकड तो मेरा हाथ, एक बार उठाकर खडी-भर कर दे मुझे, फिर देख, कैसी खटाखट सीढ़िया उतरती हू।"

"और क्या! एक बार खटाखट सीढिया उतरकर पूरे चार महीने प्लास्तर मे पडी रही थी। कहीं फिर अपनी स्केटिंग का करिश्मा दिखा गई तो गौरप्रसन्न की छुट्टी। आओ " कह उन्होंने मा को ऐसे गोद मे उठा लिया जैसे वह कोई,

लक्ष्मी के डूबते प्राणों को शायद उसी अश्रुसिक्त पुकार की खनक ऊपर खींच लाई, उसने आँखें खोलीं सुरगमा को देखा और फिर पलकें मूँद लीं।

"मा, कैसा है दर्द ? कुछ कम है, मा ?"

उत्तर में उसके सूखे अधर काँपे, आँखों की कोर से ढलककर आँसू की दो बूँदें सब कुछ कह गईं।

दिन भर फिर मृत्यु उसे बिल्ली के क्रूर पंजे में दबी चुहिया की ही भाँति खिलाती रही थी। कभी क्रूर खिलवाड़ में दबोचती और कभी जीवन का क्षणिक प्रलोभन देकर मुक्त कर देती। सन्ध्या होते ही, उसकी अवस्था निरन्तर गिरती चली गई थी। एक बार उसने अपनी बड़ी-बड़ी आँखें खोलकर चारों ओर देखा था, जैसे किसीको ढूँढ़ रही हो।

मा मैं यहाँ हूँ तुम्हारे पास," सुरगमा बार-बार उसके कानों के पास आ-

" रही थी, पर लक्ष्मी न जाने क्या बड़बड़ाती जा रही थी।

सुरगमा ने, जब अपने कान उसके ओठों से सटा लिए, 'क्या कह रही हो, मा ?"

मैं हूँ तुम्हारा पति " लक्ष्मी के अधर फिर उसी करुण स्मित में खिंचे रह गए थे। जिस अमानवीय साहस से फिर उस लड़की ने मा को मृत्यु के कठोर आघात को झेला था उसे देखकर गौरप्रसन्न दंग रह गए थे। उनके मना करने पर भी वह मा की शव-यात्रा के साथ-साथ घाट गई अपने हाथों से उसने मा को सजाया, पैरों में आल्ता माथे में सिन्दूर, बड़ी-सी बिन्दी, सब कुछ लगाकर उसने कागज पर मा के आल्ता लगे पैरों की छाप भी उतार ली, "पूजाघर में टाँग देना मा!" बुढ़िया नौकरानी उसे सिखा गई थी, "तुम्हारी मा सुहागन होकर चिता चढ़ी हैं।"

केवल एक बार गौर बाबू ने आकर उससे धीरे से पूछा था, "सुरगमा, अपने पिता को खबर दोगी क्या ? कहो तो वहाँ ट्रंककाल कर दूँ।"

"नहीं," सुरगमा ने आँखें फेर ली थीं, "उनका मुझे कोई पता नहीं है, मामा बाबू। होता, तब भी उन्हें खबर देना व्यर्थ था।"

रात भर नानी ने उसे अपने साथ सुलाया था—"अब तू यहीं रहेगी, माँ, तुझे कभी नहीं जाने दूँगी मैं "

पर तीसरे ही दिन उस स्नेही परिवार से विदा लेकर वह एक बार फिर

लक्ष्मी के डूबते प्राणों को शायद उसी अश्रुसिक्त पुकार की खनक ऊपर खींच लाई, उसने आँखें खोलीं सुरगमा को देखा और फिर पलकें मूँद लीं।

"मा, कैसा है दद ? कुछ कम है, मा ?"

उत्तर म उसके सूखे अधर काँपे, आँखों की कोर से ढलककर आँसू की दो बूँदें सब कुछ कह गईं।

दिन भर फिर मृत्यु उसे बिल्ली के क्रूर पंजे मे दबी चुहिया की ही भाँति खिलाती रही थी। कभी क्रूर खिलवाड म दबोचती और कभी जीवन का क्षणिक प्रलोभन देकर मुक्त कर देती। सन्ध्या होते ही, उसकी अवस्था निरन्तर गिरती चली गई थी। एक बार उसने अपनी बड़ी-बड़ी आँखें खोलकर चारों ओर देखा था, जैसे किसीको ढूँढ रही हो।

मा मैं यहाँ हू तुम्हारे पास," सुरगमा बार-बार उसके कानों के पास आ-
" रही थी, पर लक्ष्मी न जाने क्या बडबडाती जा रही थी।

सुरगमा ने, अब अपने कान उसके ओठों से सटा लिए, 'क्या कह रही हो, मा ?"

मैं हू तुम्हारा पति " लक्ष्मी के अधर फिर उसी करुण स्मित मे खिंचे रह गए थे। जिस अमानवीय साहस से फिर उस लडकी ने मा की मृत्यु के कठोर आघात को झेला था उसे देखकर गौरप्रसन्न दग रह गए थे। उनके मना करने पर भी वह मा की शव-यात्रा के साथ-साथ घाट गई अपने हाथों से उसने मा को सजाया, पैरों म आलता माथे म सिन्दूर, बड़ी-सी बिन्दी, सब कुछ लगाकर उसने कागज पर मा के आलता लगे पैरों की छाप भी उतार ली, "पूजाघर मे टाग देना मा!" बुढिया नौकरानी उसे सिखा गई थी, "तुम्हारी मा सुहागन होकर चिता चढी हैं।"

केवल एक बार गौर बाबू ने आकर उससे धीरे से पूछा था, "सुरगमा, अपने पिता को खबर दोगी क्या ? कहो तो वहा ट्रककाल कर दू।"

"नहीं," सुरगमा ने आँखें फेर ली थीं, "उनका मुझे कोई पता नहीं है, मामा बाबू। होता, तब भी उन्हें खबर देना व्यर्थ था।"

रात भर नानी ने उसे अपने साथ सुलाया था—"अब तू यहीं रहेगी, माँ, तुझे कभी नहीं जाने दूँगी मैं "

पर तीसरे ही दिन उस स्नेही परिवार से विदा लेकर वह एक बार फिर

"मुझे क्षमा करें मैं अभी कोई उत्तर नहीं दे पाऊंगी। मुझे दो दिन का समय दें—जैसा भी होगा मैं परसों स्वयं आकर बता जाऊंगी।" फिर चाय का खाली प्याला धरने वह उठ गई थी। उसके उठने की भंगिमा मे ही पी०ए० को भी उसने उठकर जाने का स्पष्ट संकेत दे दिया था। वह बेचारा स्वयं ही कुर्सी खींचकर बैठ गया था, मन्त्रीजी की पुत्री की उस सुन्दरी भावी ट्यूटर को छोडकर इतनी जल्दी जाने की उसकी इच्छा नहीं थी। वह हंसकर शायद कोई और उदार चुग्गा फेंकने के मूड में था, कि सुरंगमा ने बडी रुखाई से उसके सारे उत्साह को झाड़ू लगाकर बुहार दिया, "मुझे अभी बाहर जाना है—आप जाएं—परसों मैं निश्चित रूप से अपना उत्तर दे जाऊंगी।"

तीसरे दिन, अपनी अस्वीकृति देने ही सुरंगमा मन्त्रीजी के बंगले में गई थी। उस दिन भी लान में वैसी ही भीड थी। बाहर से आए कुछ विदेशी डेलिगेटस कुर्सियों का घेरा लगाए बैठे थे, एक ओर दर्शनार्थियों की भीड के बीच प्रसन्नमुद्रा में घूम घूमकर बातें कर रहे मन्त्रीजी की पीठ उसे दीख गई, तब ही न जाने किस रसिकता ने उन्हें गुदगुदाया, और वह ठहाका लगाकर मुडे ही थे कि उनकी दृष्टि सहमी खडी सुरंगमा पर पडी, "आइए आइए मिस जोशी कहिए क्या से बातें हो गई ? कौन-सा टाइम सूट करेगा आपको ? आज तो विनीताजी भी आई हुई हैं। बडे मौके से आई हैं आप, चलिए, उनसे मिला दूं।"

'जी मैं "

सुरंगमा को उन्होंने बीच में ही टोक दिया, शायद उस चतुर कौटिल्य ने मन ही मन भाप लिया था कि उसे ट्यूशन ग्रहण करने में कोई आपत्ति है, "और कहिए कहां रहती हैं आप ? यहीं क्यों नहीं चली आतीं ? आपको भी सुविधा होगी और बेबी की ओर से भी हम दोनों निश्चिन्त हो जाएंगे। विनीताजी को प्रायः ही दौरे में बाहर रहना पडता है और मुझे तो देख ही रही हैं आप, दिन-रात बंजारे-सा भटकता रहता हूं।" वह फिर हंसा।

कैसी उज्ज्वल हंसी थी उस सांवले आकर्षक मन्त्री की। आज तक सुरंगमा को खद्दर की टोपी को देखते ही आग लग जाती थी। उसकी दृष्टि में यह टोपी जिसके सिर पर भी सधती, वह उसकी श्रद्धा का पात्र हो ही नहीं सकता था किन्तु इसी बंकिम टोपी से निकला या पूर्वाभ्यास की यत्नपूर्ण चेष्टा से निकाला गया वह केशों का मोहक गुच्छा, उस बुद्धिदीप्त चेहरे का आकर्षण द्विगुणित कर देता था।

"मुझे क्षमा करें मैं अभी कोई उत्तर नहीं दे पाऊंगी। मुझे दो दिन का समय दें—जैसा भी होगा मैं परसों स्वयं आकर बता जाऊंगी।" फिर चाय का खाली प्याला धरने वह उठ गई थी। उसके उठने की भंगिमा ने ही पी०ए० को भी उसने उठकर जाने का स्पष्ट संकेत दे दिया था। वह बेचारा स्वयं ही कुर्सी खींचकर बैठ गया था, मन्त्रीजी की पुत्री की उस सुन्दरी भावी ट्यूटर को छोड़कर इतनी जल्दी जाने की उसकी इच्छा नहीं थी। वह हंसकर शायद कोई और उदार चुग्गा फेंकने के मूड में था, कि सुरगमा ने बड़ी रुखाई से उसके सारे उत्साह को झाड़ू लगाकर बुहार दिया, "मुझे अभी बाहर जाना है—आप जाएं—परसों मैं निश्चित रूप से अपना उत्तर दे जाऊंगी।"

तीसरे दिन, अपनी अस्वीकृति देने ही सुरगमा मन्त्रीजी के बंगले में गई थी। उस दिन भी लान में वैसी ही भीड़ थी। बाहर से आए कुछ विदेशी डेलिगेट्स कुर्सियों का घेरा लगाए बैठे थे, एक ओर दर्शनार्थियों की भीड़ के बीच प्रसन्नमुद्रा में घूम-घूमकर बातें कर रहे मन्त्रीजी की पीठ उसे दीख गई, तब ही न जाने किस रसिकता ने उन्हें गुदगुदाया, और वह ठहाका लगाकर मुड़े ही थे कि उनकी दृष्टि सहमी खड़ी सुरगमा पर पड़ी, "आइए आइए मिस जोशी कहिए बेबी से बातें हो गईं? कौन-सा टाइम सूट करेगा आपको? आज तो विनीताजी भी आई हुई हैं। बड़े मौके से आई हैं आप, चलिए, उनसे मिला दूं।"

'जी मैं "

सुरगमा का उन्होंने बीच में ही टोक दिया, शायद उस चतुर कौटिल्य ने मन ही मन भांप लिया था कि उसे ट्यूशन ग्रहण करने में कोई आपत्ति है, "और कहिए कहां रहती हैं आप? यहीं क्यों नहीं चली आतीं? आपको भी सुविधा होगी और बेबी की ओर से भी हम दोनों निश्चिन्त हो जाएंगे। विनीताजी को प्रायः ही दौरे में बाहर रहना पड़ता है और मुझे तो देख ही रही हैं आप, दिन-रात बंजारे-सा भटकता रहता हूं।" वह फिर हंसा।

कैसी उज्ज्वल हंसी थी उस सांवले आकर्षक मन्त्री की। आज तक सुरगमा को खद्दर की टोपी को देखते ही आग लग जाती थी। उसकी दृष्टि में यह टोपी जिसके सिर पर भी सधती, वह उसकी श्रद्धा का पात्र हो ही नहीं सकता था किन्तु इसी बंकिम टोपी से निकला या पूर्वाभ्यास की यत्नपूर्ण चेष्टा से निकाला गया वह केशों का मोहक गुच्छा, उस बुद्धिदीप्त चेहरे का आकर्षण द्विगुणित कर देता था।

उस दिन सुरंगमा ने वही साड़ी पहनी थी, हाथ में मां का सोने का वाला था, अराल अंगुली में गोमेद्र की अंगूठी थी, न जाने किस ज्योतिषी ने उसकी कुण्डली की गणना करा लक्ष्मी ने उसे जबर्दस्ती वह अंगूठी पहना दी थी और गले में था वैरोनिका की मां का श्वासजड़ित चेन। मन्त्रीजी की "ड्रइंग की पर लगे भारी हरे पर्दों से छनकर आ रही प्रथम सूर्य की मदिर रश्मियां उस आनत चेहरे को अपूर्व छटा से रंग गई थी।

एक पल को उसकी आंखें उठी और सम्मुख बैठी विनीताजी की प्रखर कठोर दृष्टि से टकराकर कांप गई "पिता, क्या करते हैं तुम्हारे ?" विनीताजी के प्रश्न का प्रत्येक अक्षर जैसे सनसी से ताड़-मरोड़ टेढ़ा-मेढ़ा कर ही उनके अधरों से निकल रहा था।

'मेरे पिता यहां, म्यूजिक-कॉलिज के स्टाफ में हैं। आजकल घर गए हैं।"

'तब क्या मां के साथ रहती हो ?"

नहीं, मेरी मां की पिछले महीने मृत्यु हो गई।"

इस बार उसका आवेगहीन स्वर, धैर्यच्युत था उत्तर देते ही वह उठ गई, 'मैं यही कहने आई थी श्रीमान " इस बार वह मन्त्रीजी की ओर अभिमुख होकर दृढ़ स्वर में कहने लगी यह ट्यूशन कर पाना सम्भव नहीं होगा, कभी-कभी बैंक में ओवरटाइम पर काम करना पड़ता है और प्रायः ही हमें इन्स्पेक्शन के लिए बाहर भी भेज दिया जाता है।"

'ओह " उसका उत्तर सुनते ही, जैसे विनीताजी की छाती से कोई भारी शिलाखण्ड हट गया, "उठ क्यों गईं ?" वह हंसकर कहने लगी, "चाय आ रही है, पीकर जाना।"

'धन्यवाद, पर मैं तो चाय पीकर ही आई हूं।"

सुरंगमा जाने को उद्यत हुई ही थी कि मन्त्रीजी अधीर स्वर में बोले, "नहीं-नहीं, आपको जैसे भी हो, समय निकालकर बेबी को पढ़ाना ही होगा, मिस जोशी ! देखिए, साफ ही कह दूं आपसे, इकलौती पुत्री होने के कारण और कुछ हम दोनों के ही अधिकतर बाहर रहने से लड़की एकदम ही हाथ से निकली जा रही है। मेल-ट्यूटर मैं रखना नहीं चाहता इसीसे आपसे बार-बार अनुरोध करूंगा कि आप ही अब उसका भार ग्रहण कर हमें उबारें।'

सुरंगमा की मनःस्थिति विचित्र हो गई, एक ओर वह महिमामय मन्त्री हाथ

उस दिन सुरगमा ने वही साडी पहनी थी, हाथ में मा का सोने का बाला था, अनामिका अगुली में गोमेद्य की अगूठी थी, न जाने किस ज्योतिषी ने उसकी कुण्डली की गणना करा लक्ष्मी ने उसे जबरदस्ती वह अगूठी पहना दी थी और गले में था वैरोनिका की मा का प्रासजडित चेन। मन्त्रीजी की खिडकी पर लगे भारी हरे पर्दो से छनकर आ रही प्रथम सूर्य की मदिर रश्मियां उस आनत चेहरे को अपूर्व छटा से रंग गई थी।

एक पल को उसकी आखें उठी और सम्मुख बैठी विनीताजी की प्रखर कठोर दृष्टि से टकराकर कांप गई "पिता, क्या करते हैं तुम्हारे?" विनीताजी के प्रश्न का प्रत्येक अक्षर जैसे सनसी से ताड-मरोड टेढा-मेढा कर ही उनके अधरो से निकल रहा था।

'मेरे पिता यहा, म्यूजिक-कॉलेज के स्टाफ में हैं। आजकल घर गए हैं।"

'तब क्या मा के साथ रहती हो?"

नहीं, मेरी मा की पिछले महीने मृत्यु हो गई।"

इस बार उसका आवेगहीन स्वर, धैर्यच्युत था उत्तर देते ही वह उठ गई, 'मैं यही कहने आई थी श्रीमान" इस बार वह मत्रीजी की ओर अभिमुख होकर दृढ स्वर में कहने लगी यह ट्यूशन कर पाना सम्भव नही होगा, कभी-कभी बैंक में ओवरटाइम पर काम करना पडता है और प्राय ही हमे इन्स्पेक्शन के लिए बाहर भी भेज दिया जाता है।"

'ओह" उसका उत्तर सुनते ही, जैसे विनीताजी की छाती से कोई भारी शिलाखण्ड हट गया, "उठ क्यों गई?" वह हंसकर कहने लगी, "चाय आ रही है, पीकर जाना।"

'धन्यवाद, पर मैं तो चाय पीकर ही आई हूं।"

सुरगमा जाने को उद्यत हुई ही थी कि मन्त्रीजी अधीर स्वर में बोले, "नहीं-नहीं, आपको जैसे भी हो, समय निकालकर बेबी को पढाना ही होगा, मिस जोशी! देखिए, साफ ही कह दू आपसे, इकलौती पुत्री होने के कारण और कुछ हम दोनो के ही अधिकतर बाहर रहने से लडकी एकदम ही हाथ से निकली जा रही है। मेल-ट्यूटर मैं रखना नही चाहता इसीसे आपसे बार-बार अनुरोध करूगा कि आप ही अब उसका भार ग्रहण कर हमे उबारें।'

सुरगमा की मन स्थिति विचित्र हो गई, एक ओर वह महिमामय मन्त्री हाथ

को ठीक करने में बिता दिया। बाहर के तारों से घिरे कमरे में मन्त्रीजी के मिलने वाला से घिरे रहते हैं। यही इस कोठी का एकमात्र एकान्त निर्जन कमरा है। पसन्द आया सुरगमा?" फिर, वह अपनी एकदम ही अनर्गल हँसी से कल्चर मोती चमकाती बोली, "भई, तुम्हारा नाम हमें बहुत पसन्द आया, सुरगमा! बढ़िया नाम है! और चेहरा भी तुम्हारा तुम्हारे नाम-सा ही सुन्दर है।" विनीताजी, प्रशंसा के नहले पर दहला मारती चली जा रही थीं, पर सुरगमा के गम्भीर चेहरे पर, एक भी हास्योज्ज्वल रेखा नहीं उभरी। किस बल के अपमान की व्यथा गुमचोट की पीड़ा-सी हो रह रहकर उसके चित्त को व्यथित कर रही है, यह चतुरा विनीताजी जान गईं।

"अच्छा तो भई, मैं चली। आज शाम को रवीन्द्रालय में एक नाटक है, हमें ही मुख्य अतिथि बना दिया है।" स्वर का अहंकार चेहरे पर पहुँचते ही लाली-सा फैल गया, 'मन्त्रीजी हैं दौरे पर, मन्त्री नहीं तो मन्त्री-पत्नी ही सही। शर्बत नहीं तो शर्बती!' उन्होंने जाते-जाते अहंकारी हँसी के साथ तिरछी खिंची से सुरगमा की ओर देखा, फिर बच्ची की ओर मुड़ गईं, 'देखो बेबी, मन लगाकर पढ़ना, और देखिए, मिस जोशी, ढेर सारा काम देकर जाइएगा इसे। बड़ी कामचोर है, आप पढ़ा न लें तो स्टाफ-कार आपको छोड़ आएगी।"

अपनी सहमी-डरी-सी शिष्या और उसके विस्मृत विषयों का परिचय लेने ही में सुरगमा का पहला दिन बीत गया था। धीरे-धीरे वह अपने इस नये ट्यूशन की अभ्यस्त हो गई। लड़की वास्तव में बुद्धिमती थी, किन्तु उन बुद्धि को यथोचित संरक्षण नहीं मिला था। जैसे बहुत दिनों से काम में न लाई गई उत्कृष्ट विदेशी मशीन के कल-पुर्जों में भी उसके स्वामी की अवहेलना से जंग लग जाता है, ऐसे ही लड़की के दिमागी जंग लगे कलपुर्जों की ओर भी शायद अब तक किसीने ध्यान नहीं दिया था। दो-तीन महीनों में ही सुरगमा की सूक्ष्म दृष्टि ने परिवार का पूरा इतिहास जान लिया था। पहले-पहल उसकी शिष्या 'यस मिस', 'नो मिस' कहकर ही उत्तर दिया करती थी, पर फिर धीरे-धीरे दोनों के बीच खड़ी अपरिचय की दीवार स्वयं ही ढह गई। एक दिन भी सुरगमा न आती तो बेबी स्वयं उसे लेने पहुँच जाती।

विनीताजी अधिकतर बाहर ही रहती थीं। कभी हैदराबाद, कभी दिल्ली

का ठीक करने म बिता दिया। बाहर के ता   ारे कमरे म त्रीजी के मिलने वाला से घिरे रहते हैं यही इस कोठी का एकमात्र एकान्त निर्जन कमरा है। समझ दाग सुरगमा ?" फिर, वह अपनी एकदम ही नवेली हल्की, के कल्चर मोती, चमकाती बोली, "नई तुम्हारा नाम हम बहुत पसन्द, समझ, सुरगमा ! ये बढ़िया नाम है ! और चेहरा भी तुम्हारा तुम्हारे नाम-सा ही, सुन्दर है।"

विनीताजी, प्रशसा के नहले पर दहला मार के चली जा रही थीं पर सुरगमा के गम्भीर चेहरे पर, एक भी हास्योज्ज्वल रेखा नहीं उतरी। कल के अपमान की व्यथा गुमचोट की पीड़ा सी हो रह रहकर उसके चित्त का व्यथित कर रही है, यह चतुरा विनीताजी जान गईं।

अच्छा तो भई, मैं चली। आज शाम को रवीन्द्रालय मे एक नाटक है हमें ही मुख्य अतिथि बना दिया है।" स्वर का अहकार चेहरे पर पहुचना म स्मी लाली-सा फैल गया, 'मन्त्रीजी हैं दौरे पर मन्त्री नहीं ता मन्त्री-पत्नी ही सही। शची पति नहीं तो शची ! ' उन्होंने जाते जाते अहकारपूर्ण हसी में माथ उन खिया से सुरगमा की ओर देखा फिर बबी की ओर मुड़ गई, ' देखो बेबी मन लगाकर पढना और देखिए, मिस जोशी ढेर सारा काम देकर जाइएगा इसे ! बड़ी कामचोर है, आप पढा नें तो स्टाफ-कार आपको छोड आएगी।"

अपनी महगी-डरी-सी शिष्या और उसके विस्मृत विषयों का परिचय लने ही म सुरगमा का पहला दिन बिता गया था। धीरे धीरे वह अपने इस नए ट्यूशन की अभ्यस्त हो गई। लडकी वास्तव मे बुद्धिमती थी कि तु उन बुद्धि को यथोचित सरक्षण नहीं मिला था। जैसे बहुत दिनों से काम म न लाई गई उत्कृष्ट विदेशी मशीन के कल-पुर्जों मे भी उसके स्वामी की अवहेलना से जग लग जाता है, ऐसे ही इसके के दिमागी जग लगे कलपुर्जों की ओर भी शायद अब तक किसीने ध्यान नहीं दिया था। दो-तीन महीनों म ही सुरगमा की सूक्ष्म दृष्टि ने परिवार का पूरा इतिहास जान लिया था। पहले पहल इसकी शिष्या यस मिस', नो मिस कहकर ही उत्तर दिया करती थी पर फिर धीरे धीरे दोनो के बीच खड़ी अपरिचय की दीवार स्वय ही ढह गई। एक दिन भी सुरगमा न आती तो बेबी स्वय उसे लेने पहुच जाती।

विनीताजी अधिकतर बाहर ही रहती थीं। कभी हैदराबाद, कभी दिल्ली

सामान्य शिक्षित गाड़ोदियाजी जितना ही डरते थे, उतना ही उन्हें उसपर गर्व भी था। विनीता उनके बंगाली मित्रों को अपनी त्रुटिहीन बांग्ला से और सरल मारवाड़ी आत्मीयों को अपनी अद्भुत अंग्रेजी से ऐसा प्रभावित कर देती कि उनका मुंह ही नहीं खुलता। वह सत्रह वर्ष की भी नहीं हुई थी कि उसके लिए बड़े बड़े उद्योगपतियों के प्रासादों से रिश्ते आने लगे। किन्तु उसने पिता से साफ साफ कह दिया था, वह बिना शिक्षा पूरी किए विवाह करने की मूर्खता नहीं करेगी।

"आप क्या सोचते हैं पापा, कि विवाह ही लड़कियों की अन्तिम नियति है? मैं आपका बेटा होती, तो क्या आप मुझे पढ़ाने विदेश नहीं भेजते? मैंने सोच लिया है, मैं विवाह नहीं करूंगी।"

"तब क्या करेगी तू?" पिता ने भयमिश्रित आश्चर्य से अपनी उस एकदम अनजान बन गई विद्रोहिणी पुत्री से सहमकर पूछा था।

'मैंने सोच लिया है पापा,' वह रहस्यमय कुटिलता से मुस्कराई थी, मैं राजनीति से विवाह करूंगी। एक दिन आप देखेंगे, भारत के प्रत्येक समाचारपत्र में आपकी विनीता का चित्र छपा है। मेरी गर्दन फूलों के हारों से झुकी है, मैं हाथ जोड़े मंच पर खड़ी हूं, सामने है मेरे लाख-लाख प्रशंसकों की भीड़। आप मेरे पास आना चाह रहे हैं पर भीड़ आपको रास्ता नहीं दे रही है, तब ही आप हंसकर कहेंगे—'यह मेरी ही बेटी है भाइयो मैं इसका पिता हूं' जरा सोचिए पापा आपका वह क्षण कितने आनन्द का होगा कितने सन्तोष का!"

गाड़ोदियाजी आत्मविश्वास से दमकते अपनी पुत्री के ही उस चेहरे को जैसे पहचान नहीं पा रहे थे। विनीता को फिर उन्होंने उसीकी जिद पर पढ़ने विदेश भेज दिया, किन्तु उस चंचल किशोरी का मन वहां भी नहीं टिका, वह फिर कलकत्ता लौट आई और फिर युनिवर्सिटी में ही उसने अपने पति को स्वयं ढूंढ लिया था।

पहले-पहले वह अपनी चुलबुली बंगाली सहपाठिनियों की भांति दिनकर पाण्डे का पानी पाण्डे कहकर ही मजाक उड़ाया करती थी। पर, धीरे धीरे उस आकर्षक गम्भीर तरुण की उदासीनता ही उसे बांधने लगी।

दिनकर पहाड़ के किसी पिछड़े इलाके से अपने एक उच्चपदस्थ आत्मीय के यहां पढ़ने कलकत्ता आया तो गृहस्वामिनी ने मुंह बिचकाया था। कई बार परोक्ष में छोड़े गए चचेरी बहन की उस ननद के व्यंग्यबाण उसे बुरी तरह बिद्ध कर

सामान्य शिक्षित गाडोदियाजी जितना ही डरते थे, उतना ही उन्हें उसपर गर्व भी था। विनीता उनके बंगाली मित्रों को अपनी त्रुटिहीन बांग्ला से और सरल मारवाड़ी आत्मीयों को अपनी अदभुत अंग्रेजी से ऐसा प्रभावित कर देती कि उनका मुंह ही नहीं खुलता। वह सत्रह वर्ष की भी नहीं हुई थी कि उसके लिए बड़े बड़े उद्योगपतियों के प्रासादों से रिश्ते आने लगे। किन्तु उसने पिता ने साफ साफ कह दिया था, वह बिना शिक्षा पूरी किए विवाह करने की मूर्खता नहीं करेगी।

"आप क्या सोचते हैं पापा, कि विवाह ही लड़कियों की अन्तिम नियति है ? मैं आपका बेटा होती, तो क्या आप मुझे पढ़ाने विदेश नहीं भेजते ? मैंने सोच लिया है, मैं विवाह नहीं करूंगी।"

"तब क्या करेगी तू ?" पिता ने भयमिश्रित आश्चर्य से अपनी उस एकदम अनजान बन गई विद्रोहिणी पुत्री से सहमकर पूछा था।

'मैंने सोच लिया है पापा,' वह रहस्यमय कुटिलता से मुस्कराई थी 'मैं राजनीति से विवाह करूंगी। एक दिन आप देखेंगे, भारत के प्रत्येक समाचारपत्र में आपकी विनीता का चित्र छपा है। मेरी गर्दन फूलों के हारों से झुकी है मैं ऊंचे जोड़े मंच पर खड़ी हूं, सामने है मेरे लाख-लाख प्रशंसकों की भीड़। आप मेरे पास आना चाह रहे हैं पर भीड़ आपको रास्ता नहीं दे रही है, तब ही आप हंसकर कहेंगे—'यह मेरी ही बेटी है भाइयो मैं इसका पिता हूं' जरा सोचिए पापा आपका वह क्षण कितने आनन्द का होगा कितने सन्तोष का !"

गाडोदियाजी आत्मविश्वास से दमकते अपनी पुत्री के ही उस चेहरे को जैसे पहचान नहीं पा रहे थे। विनीता को फिर उन्होंने उसीकी जिद पर पढ़ने विदेश भेज दिया, किन्तु उस चंचल किशोरी का मन वहां भी नहीं टिका, वह फिर कलकत्ता लौट आई और फिर युनिवर्सिटी में ही उसने अपने पति को स्वयं ढूंढ लिया था।

पहले-पहले वह अपनी चुलबुली बंगाली सहपाठिनियों की भांति दिनकर पाण्डे का पानी पाण्डे कहकर ही मजाक उड़ाया करती थी। पर, धीरे धीरे उस आकर्षक गम्भीर तरुण की उदासीनता ही उसे बांधने लगी।

दिनकर पहाड़ के किसी पिछड़े इलाके से अपने एक उच्चपदस्थ आत्मीय के यहां पढ़ने कलकत्ता आया तो गृहस्वामिनी ने मुंह बिचकाया था। कई बार परोक्ष में छोड़े गए चचेरी बहन की उस ननद के व्यंग्यबाण उसे बुरी तरह बिद्ध कर

पदचाप, दिव्य दर्पपूर्ण स्मित, हाथ में झूल रहा साड़ी से मेल खाता पर्स उत्तुंग एड़ियों पर सुदीर्घ देह का पल-पल बदलता रूप उसे बांधता चला गया।

पहले, विनीता के आग्रह पर वह धर्मशाला छोड़कर उसीकी कोठी में रहने आया, फिर गाडोदियाजी ने बड़ी अनिच्छा से ही उसे एक पार्ट-टाइम काम भी दिलवा दिया। मन ही मन वह पुत्री की उस विजातीय युवक के प्रति दुर्बलता को ठीक ही पहचान गए थे। एक-दो बार उन्होंने उसे समझाने की चेष्टा भी की थी— 'देखो मुनिया, तुम कहती हो दिनकर तुम्हारा मित्र है। पर हम अनपढ़ भले ही हों बेटी, हमने भी दुनिया देखी है। आदमी और औरत के बीच, हमारी जान तो कुल तीन ही रिश्ते सच्चे हैं। बाप-बेटी का भाई बहन का और पति पत्नी का। चौथे किसी भी रिश्ते की दुहाई दे लो, वह दुहाई केवल आड़ की दुहाई होती है। तुम जानती हो, कलकत्ते के मारवाड़ी समाज में आज तक मेरी कैसी प्रतिष्ठा है। मेरे सामने कोई भले ही कुछ न कहे, पीठ पीछे तुम्हारे इसी दोस्त को लेकर दस बातें करने लगे हैं। तुम कहती हो, तुम राजनीति में नाम कमाना चाहती हो, पर इतनी बात हमारी गांठ बांध लो मुनिया किसी भी बड़े प्रतिष्ठित होनहार राजनीतिज्ञ की भी किसी क्षण हो गई अकालमृत्यु का एकमात्र कारण होता है, उसके चरित्र का दुर्बल पक्ष। सुनाम के बिना राजनीति कभी टिक नहीं सकती, जिसे तुम लोग अंग्रेजी में कहते हो रेप्युटेशन यही रेप्युटेशन एक सफल राजनीतिज्ञ के लिए अनिवार्य है। तुम तो राजनीति में अपना स्थान बनाने से पहले ही यह गुण गंवा रही हो।"

'आप चिन्ता न करें पापा ! मैं एक ही दिन में सबका मुंह बन्द कर दूंगी।" बेचारे गाडोदियाजी मन ही मन सहमकर रह गए थे, न जाने क्या अनर्थ कर बैठेगी उनकी यह सिरफिरी लड़की। क्या पता मारवाड़ी समाज की कोई मीटिंग बुलाकर कुछ उल्टा-सीधा बक आए। पर जिस अप्रत्याशित व्यवहार से, उस तेजस्वी अपखुद लड़की ने, सचमुच ही अपने समाज का मुंह एक ही दिन में बन्द कर दिया उसके लिए गाडोदियाजी प्रस्तुत नहीं थे। दिन रात लाखों का वारा-न्यारा करने वाले सम्पूर्ण शेयर-मार्केट की उनकी नाड़ी की एक-एक धड़कन को एक ही अनुभूत नब्जी की पकड़ से पहचानने वाले उस चतुर व्यवसायी की सजग बुद्धि को भी विनीता अंगूठा दिखा गई। सन्ध्या को वह हाथ में दोना भर लड्डू लिए लौटी, माथे पर था रोली का तिलक, मांग में सिन्दूर, गले में काले पोत की

पदचाप, दिव्य दपपूर्ण स्मित, हाथ में झूल रहा साडी से मेल खाता पर्स उत्तुंग एड़ियो पर सुदीर्घ देह का पल-पल बदलता रूप उसे बाधता चला गया।

पहले, विनीता के आग्रह पर वह धर्मशाला छोड़कर उसीकी कोठी मे रहने आया, फिर गाडोदियाजी ने बडी अनिच्छा से ही उसे एक पार्ट-टाइम काम भी दिलवा दिया। मन ही मन वह पुत्री की उस विजातीय युवक के प्रति दुर्बलता को ठीक ही पहचान गए थे। एक-दो बार उन्होंने उसे समझाने की चेष्टा भी की थी—
'देखो मुनिया, तुम कहती हो दिनकर तुम्हारा मित्र है। पर हम अनपढ भले ही हों बेटी, हमने भी दुनिया देखी है। आदमी और औरत के बीच, हमारी जान तो कुल तीन ही रिश्ते सच्चे हैं। बाप-बेटी का भाई-बहन का और पति पत्नी का। चौथे किसी भी रिश्ते की दुहाई दे लो, वह दुहाई केवल आड की दुहाई होती है। तुम जानती हो, कलकत्ते के मारवाडी समाज में आज तक मेरी कैसी प्रतिष्ठा है। मेरे सामने कोई भले ही कुछ न कहे, पीठ पीछे तुम्हारे इसी दोस्त को लेकर दस बातें करने लगे हैं। तुम कहती हो, तुम राजनीति में नाम कमाना चाहती हो, पर इतनी बात हमारी गाठ बाध लो मुनिया किसी भी बडे प्रतिष्ठित होनहार राजनीतिज्ञ की भी किसी क्षण हो गई अकालमृत्यु का एकमात्र कारण होता है, उसके चरित्र का दुर्बल पक्ष। सुनाम के बिना राजनीति कभी टिक नही सकती, जिसे तुम लोग अंग्रेजी में कहते हो रेप्युटेशन यही रेप्युटेशन एक सफल राजनीतिज्ञ के लिए अनिवार्य है। तुम तो राजनीति में अपना स्थान बनाने से पहले ही यह गुण गवा रही हो।"

'आप चिन्ता न करें पापा ! मैं एक ही दिन में सबका मुंह बन्द कर दूंगी।" बेचारे गाडोदियाजी मन ही मन सहमकर रह गए थे, न जाने क्या अनर्थ कर बैठेगी उनकी यह सिरफिरी लडकी। क्या पता मारवाडी समाज की कोई मीटिंग बुलाकर कुछ उल्टा-सीधा बक आए। पर जिस अप्रत्याशित व्यवहार से, उस तेजस्वी अपखुद लडकी ने, सचमुच ही अपने समाज का मुंह एक ही दिन में बन्द कर दिया उसके लिए गाडोदियाजी प्रस्तुत नहीं थे। दिन रात लाखों का वारा-न्यारा करने वाले सम्पूर्ण शेयर-मार्केट की उनकी नाडी की एक-एक धडकन को एक ही अनुभूत नब्ज़ की पकड से पहचानने वाले उस चतुर व्यवसायी की सजग बुद्धि को भी विनीता अंगूठा दिखा गई। सन्ध्या को वह हाथ में दोना भर लड्डू लिए लौटी, माथे पर था रोली का तिलक, मांग में सिन्दूर, गले में काले पोत की

नें, एक न एक दिन, उसी सन्तान की ममता उन्हें चुम्बक की भांति खींच अपने तो खून स्वयं माफ करा लेती है। गाडोदियाजी जब तक जीवित रहे दिनकर गृह-जमाता के रूप में उनका विस्तृत कारोबार सम्भालता रहा और जब उनकी मृत्यु हुई तब से अब तक अवचेतन में अवश पड़ी उसकी महत्त्वाकांक्षा ने फिर सिर उठा लिया।

इस बीच, छात्रावस्था में देश के लिए झेली गई जेलयात्रा ने उसे चट अपना बोला थमा दिया। सोमेश्वर के चनौंदा आश्रम में जिन किशोरों को गोरे सिपाहियों के उद्दण्ड बटनों ने गम्भीर रूप से आहत किया था उनमें दिनकर अग्रणी था। अब भी उसकी पीठ में, कंधे में, माथे में उन विदेशी बटनों के अनेक अमूल्य स्मृति चिह्न गड़े पड़े थे। सुअवसर देख खान में छिपे वे अनमोल हीरे स्वयं ही जगमगाने लगे। गुणी जौहरियों को कब और कैसे उन धूमिल रत्नों की जगमगाहट से मोहा जा सकता है यह वह सरल युवक सम्भवतः उतना नहीं समझता था किन्तु मारवाड़ी सहचरी की प्रखर व्यापारकुशल बुद्धि ने पति की बांह थाम उसे ठीक [illegible] जौहरी के द्वार पर ले जाकर खड़ा कर दिया, जो उन हीरों का उचित मूल्य आंक सकता था। कभी विनीता के पिता ने ही, उस जौहरी के पूरे परिवार का उसकी सुदीर्घ जेलयात्रा के दौरान भरण-पोषण किया था यही नहीं चुनाव के चन्दे, पुत्रियों के विवाह पुत्र की नौकरी दिलाने के महायज्ञ में भी सबसे बड़ी आहुति उसके पिता ने ही दी थी। आज उसी यज्ञभाग का प्रसाद मांगने वह उसी द्वार पर आंचल फैलाकर खड़ी हो गई थी। दिनकर को राजनीति के अखाड़े में अपना स्थान बनाने में कोई प्रयत्न नहीं करना पड़ा। एक नेता के जन्मजात गुण उसकी रक्तमज्जा में बसे थे, आकर्षक व्यक्तित्व, ओजस्वी वाणी रहस्यमयी मुस्कान, मुस्कराते अधरों पर समय का कभी न खुलने वाला ताला। वह क्या कर रहा है या ना, यह कभी-कभी उसकी पथप्रदर्शिनी पत्नी विनीता भी नहीं समझ पाती। समय के साथ-साथ उसका व्यक्तित्व किसी वेगवती नदी के निरन्तर प्रवाह में चिकने बन उठे पहाड़ी गलडांड (पत्थर)-सा ही चिकना बन उठा था। उसके यौवन का आकर्षण प्रतिभासम्पन्न सुन्दर तारुण्य का था, किन्तु उसके प्रौढ़त्व का आकर्षण था—एक राज कुशल राजनीतिज्ञ का। आज वयस में मन्त्रिमण्डल का सबसे छोटा सदस्य होने पर भी उसकी विलक्षण बुद्धि के बड़प्पन का लोहा सब मान चुके थे। कभी-कभी वह विनीता से भी कोई बात

में, एक न एक दिन, उसी सन्तान की ममता उन्हें चुम्बक की भांति खींच अपने को भूल स्वयं माफ करा लेती है। गाडोदियाजी जब तक जीवित रहे दिनकर गृह-जमाता के रूप में उनका विस्तृत कारोबार सम्भालता रहा और जब उनकी मृत्यु हुई तब से अब तक अवचेतन में अवश पड़ी उसकी महत्त्वाकांक्षा ने फिर सिर उठा लिया।

इस बीच, छात्रावस्था में देश के लिए झेली गई जेलयात्रा ने उसे चट अपना बीता थमा दिया। सोमेश्वर के चनौदा आश्रम में जिन किशोरों को गोरे सिपाहियों के उद्दण्ड बटनों ने गम्भीर रूप से आहत किया था उनमें दिनकर अग्रणी था। अब भी उसकी पीठ में, कंधे में, माथे में उन विदेशी बटनों के अनेक अमूल्य स्मृति चिह्न भरे पड़े थे। सुअवसर देख खान में छिपे वे अनमोल हीरे स्वयं ही जगमगाने लगे। गुणी जौहरियों का कब और कैसे उन धूमिल रत्नों की जगमगाहट से मोहा जा सकता है यह वह सरल युवक सम्भवतः उतना नहीं समझता था किन्तु मारवाड़ी सहचरी की प्रखर व्यापारकुशल बुद्धि ने पति की बांह थाम उसे ठीक ऐसे जौहरी के द्वार पर ले जाकर खड़ा कर दिया, जो उन हीरों का उचित मूल्य आंक सकता था। कभी विनीता के पिता ने ही, उस जौहरी के पूरे परिवार का उसकी सुदीर्घ जेलयात्रा के दौरान भरण-पोषण किया था यही नहीं चुनाव के चन्दे, पुत्रियों के विवाह पुत्र की नौकरी दिलाने के महायज्ञ में भी सबसे बड़ी आहुति उसके पिता ने ही दी थी। आज उसी यज्ञभाग का प्रसाद मांगने वह उसी द्वार पर आंचल फैलाकर खड़ी हो गई थी। दिनकर को राजनीति के अखाड़े में अपना स्थान बनाने में कोई प्रयत्न नहीं करना पड़ा। एक नेता के जन्मजात गुण उसकी रक्तमज्जा में बसे थे, आकर्षक व्यक्तित्व, ओजस्वी वाणी रहस्यमयी मुस्कान, मुस्कराते अधरों पर संशय का कभी न खुलने वाला ताला। वह हां कर रहा है या ना, यह कभी-कभी उसकी पथकशायिनी पत्नी विनीता भी नहीं समझ पाती। समय के साथ-साथ उसका व्यक्तित्व किसी वेगवती नदी के निरन्तर सहवास में चिकने बन उठे पहाड़ी गलडाड (पत्थर)-सा ही चिकना बन उठा था। उसके यौवन का आकर्षण प्रतिभासम्पन्न सुन्दर तारुण्य का था, किन्तु उसके प्रौढ़त्व का आकर्षण था—एक चतुर कुशल राजनीतिज्ञ का। आज वयस में मन्त्रिमण्डल का सबसे छोटा सदस्य होने पर भी उसकी विलक्षण बुद्धि के बड़प्पन का लोहा सब मान चुके थे। कभी-कभी वह विनीता से भी कोई बात

गई थी। फिर दिनकर ने उसे अपने पास बुला लिया। विनीता को उन्होंने समझाया भी था, 'विनीता, अब तुम अपनी यह बेकार की समाजसेवा त्याग कर घर पर रहो। लडकी बरबाद हो रही है मुझे कहा इतना समय है जो इसकी लगाम खीचू।"

पर विनीता हसकर टाल गई थी, "आप भी एकदम ही दकियानूसी बातें करते हैं, आज के बच्चे क्या हमारी-तुम्हारी तरह पहाडे रटकर बडे हुए है ! मैं घर ही पर कैसे रह सकती हू ? तुम्हें तो पता ही है, अहमदाबाद की ग्राम पचायत ने मुझे "त्याग बीघा" जमीन दी है, वहा जेल से छूटी बन्दिनियों के लिए मुझे एक छोटा-सा फाम बनवाना है, उधर न्युट्रिशन केटरिंग के स्कूल की नीव डालने जा रही हू।"

वास्तव म, विनीताजी का कार्यक्षेत्र अत्यन्त विस्तृत था, एक ओर वह इण्डियन फेडरेशन आफ युनिवर्सिटी वीमेन ऐसोसिएशन की चेयरमैन थी दूसरी ओर इडियन काउन्सिल आफ चाइल्ड वेलफेयर की ऐक्जीक्यूटिव की सदस्या। उधर बीच-बीच म, उन्हें पार्लियामेन्ट के दोनो सदनो मे मेडिकल टरमिनेशन आफ प्रेगनेन्सी बिल जैसे महत्त्वपूर्ण बिलो के पक्ष मे अपनी ओजस्वी वक्तृता भी झाडने जाना होता था। अब उसे भी अपने इस गतिशील पर्यटन म आन द आने लगा था। किन्तु घर लौटने पर, कभी कभी पति को लेकर उसकी अपने सौभाग्य पर सर्वाधिकार सुरक्षा की भावना जागरूक हो उठती। पार्टी हो या कोई उत्सव, सुदरी चुलबुली दर्शनीय महिलाए जहा कही उसके सुदर्शन पति को घेरकर हसने-इठलाने लगती, वह चट से वहा पहुच अपनी उपस्थिति की छाप से उन्हे आतकित कर रगीन भीड के मोहक घेरे को तितर बितर कर देती। वह स्वभाव से ही शकालु थी और यही कारण था कि पुत्री की वह आकर्षक नई ट्यूटर, उसे खिन्न कर गई थी। इसी बीच, पति को बडी अनिच्छा से ही छोड, उसे काटेज इण्डस्ट्रीज के एक सेमिनार मे मद्रास जाना पडा था।

चार पाच महीनों मे सुरगमा को भी अब अपनी नई नौकरी मे आनन्द आने लगा था। वर्षों पूर्व पीछे छूट गए विषय उसे सहसा उसके बीते कैशोर्य की स्मृतिया का ताजा कर देते। किसी मोटी पुस्तक के पृष्ठो म दबे पाटल प्रसून की विवर्ण पत्तो-सी कैशोर्य की वे स्मृतिया उसे एक बार फिर कान्वेंट के अहाते मे पहुचा देती। कभी-कभी उसकी मुहलगी शिष्या सब कापी किताबो को उठाकर

गई थी। फिर दिनकर ने उसे अपने पास बुला लिया। विनीता को उन्होंने समझाया भी था, 'विनीता, अब तुम अपनी यह बेकार की समाजसेवा त्याग कर घर पर रहो। लड़की बरबाद हो रही है मुझे कहां इतना समय है जो इसकी लगाम खीचूं।"

पर विनीता हंसकर टाल गई थी, "आप भी एकदम ही दकियानूसी बातें करते हैं, आज के बच्चे क्या हमारी-तुम्हारी तरह पहाड़े रटकर बड़े हुए हैं ! मैं घर ही पर कैसे रह सकती हूं ? तुम्हें तो पता ही है, अहमदाबाद की ग्राम पंचायत ने मुझे "दाग बीघा" जमीन दी है, वहां कैंसर से छूटी बन्दिनियों के लिए मुझे एक छोटा-सा काम बनवाना है, उधर न्यूट्रिशन केटरिंग के स्कूल की नींव डालने जा रही हूं।"

वास्तव में, विनोताजी का कार्यक्षेत्र अत्यन्त विस्तृत था, एक ओर वह इण्डियन फेडरेशन आफ युनिवर्सिटी वीमेन ऐसोसिएशन की चेयरमैन थीं दूसरी ओर इंडियन काउन्सिल आफ चाइल्ड वेलफेयर की ऐक्जीक्यूटिव की सदस्या। उधर बीच-बीच में, उन्हें पार्लियामेन्ट के दोनों सदनों में मेडिकल टरमिनेशन आफ प्रेगनेन्सी बिल जैसे महत्त्वपूर्ण बिलों के पक्ष में अपनी ओजस्वी वक्तृता भी झाड़ने जाना होता था। अब उसे भी अपने इस गतिशील पर्यटन में आनन्द आने लगा था। किन्तु घर लौटने पर, कभी कभी पति को लेकर उसकी अपने सौभाग्य पर सर्वाधिकार सुरक्षा की भावना जागरूक हो उठती। पार्टी हो या कोई उत्सव, सुन्दरी चुलबुली दर्शनीय महिलाएं जहां कहीं उसके सुदर्शन पति को घेरकर हंसने-इठलाने लगतीं, वह चट से वहां पहुंच अपनी उपस्थिति की छाप से उन्हें आतंकित कर रंगीन भौंड़ के मादक घेरे को तितर बितर कर देती। वह स्वभाव से ही शंकालु थी और यही कारण था कि पुत्री की वह आकर्षक नई ट्यूटर, उसे खिन्न कर गई थी। इसी बीच, पति को बड़ी अनिच्छा से ही छोड़, उसे काटेज इण्डस्ट्रीज के एक सेमिनार में मद्रास जाना पड़ा था।

चार पांच महीनों में सुरंगमा को भी अब अपनी नई नौकरी में आनन्द आने लगा था। वर्षों पूर्व पीछे छूट गए विषय उसे सहसा उसके बीते कैशोर्य की स्मृतियां को ताजा कर देते। किसी मोटी पुस्तक के पृष्ठों में दबे पाटल प्रसून की विवर्ण पत्रों-सी कैशोर्य की वे स्मृतियां उसे एक बार फिर कान्वेंट के अहाते में पहुंचा देतीं। कभी-कभी उसकी मुंहलगी शिष्या सब कापी किताबों को उठाकर

उगलते आकाश को धूमिल कर देते और कही नये बने पुल की महिमा बाढ से ध्वस्त पुराने पुल के खडहर को अगूठा-सा दिखा रही थी। म । कामेश्वर के शिव मन्दिर की मधुर घण्टा ध्वनि गोमती की जलधार से अभिसिंचित होकर किसी परिचित आत्मीय की अन्तरगता से सीधे उसके कमरे मे चली आती और वह आखे बन्द कर लेती। खिडकी से आता हवा का हर झोका नित्य नवीन शीतल फुहार से उसे अभिसिंचित कर जाता। पिछली बाढ मे वह मकान अपना अस्तित्व ही मिटाता गोमती गर्भ की उग्र गहराई मे डूब गया था, अभी भी उसकी दीवारो पर उस जलसमाधि का इतिहास अकित था। मीरा तो उस प्राकृतिक स्प्रेवक को देखकर बौरा गई थी, 'हाय, एकदम ऐब्स्ट्रैक्ट आर्ट का मजा दे रही है ये दीवारें और यह दीवार पर लिखा 'ॐ शुभ लाभ' तो तू किसी भी आर्ट गैलरी मे लटका सकती है। उस दिवगत अभागे नये जोडे के गृह प्रवेश के समय ही सम्भवत वह शुभ लाभ की कामना दीवार पर अकित की गई थी। उसकी लाल स्याही सचमुच ही कलात्मक ढग से फैलकर आकर्षक बेल की सृष्टि कर गई थी। मा की गहस्थी का फालतू सामान सुरगमा नये मकान मे आने से पहले बडे औदार्य से पडोसियो को बाट आई थी। अपने अस्वाभाविक करुण अतीत का वह एक भी स्मृतिचिह्न शेष रखना नही चाहती थी। साथ म लाई थी एक सूटकेस, एक तखत और एक स्टोव। मा के एक एक बतन मे मा की असख्य स्मृतिया लिपटी थी, निर्जीव वस्तुए भी मनुष्य के चले जाने के बाद कितनी सजीव बन उठती है। कासे का वह बगाली गिलास, जिसमे मा चाय पीती थी, स्टोव जिसे मा हर इतवार का नीम्बू-राख से मलकर चमकाती थी, कलछुल जिसपर लिपटी मा की अराल अगुलियो का स्पर्श हाथ म लेते ही उसे ऐसे सहमा जाता जैसे वह मा की अगुलिया थाम रही हो। कुछ भी उसने साथ नही लिया। नया स्टोव खरीद उसने एक आध भगौने म ही अपनी नई गहस्थी जमा दी। खाना बनाती ही कम थी, आए दिन मीरा हाथ म टिफिन-कैरियर लटकाए आ जाती। जानबूझकर ही शायद वह इतना खाना ले आती थी कि सुरगमा को दूसरे दिन भी खाना नही बनाना पडता। एक दिन सुस्वादु भोजन के साथ-साथ मीरा एक वैसा ही लुभावना प्रस्ताव भी लेकर आ गई

सुरगमा मामा बाबू की चिट्ठी आई है। मामी के भाई का लडका कार्तिक पिछले साल जमनी गया था वरुण के पास। वहा से इजीनियरिंग का डिप्लोमा ले-

उगलते आकाश को धूमिल कर देते और कहीं नये बने पुल की महिमा बाढ से ध्वस्त पुराने पुल क खडहर को अगूठा-सा दिखा रही थी। म ; कामेश्वर के शिव मन्दिर की मधुर घण्टा ध्वनि गोमती की जलधार से अभिसिंचित होकर किसी परिचित आत्मीय की अन्तरगता से सीधे उसके कमरे मे चली आती और वह आखे बन्द कर लेती। खिडकी से आता हवा का हर झोका नित्य नवीन शीतल फुहार से उसे अभिसिंचित कर जाता। पिछली बाढ मे वह मकान अपना अस्तित्व ही मिटाता गोमती गर्भ की उग्र गहराई मे डूब गया था, अभी भी उसकी दीवारो पर उस जलसमाधि का इतिहास अकित था। मीरा तो उस प्राकृतिक स्प्रेवक को देखकर बौरा गई थी, 'हाय, एकदम ऐब्स्ट्रैक्ट आर्ट का मजा दे रही है ये दीवारें और यह दीवार पर लिखा 'ऊ शुभ लाभ' तो तू किसी भी आर्ट गैलरी मे लटका सकती है। उस दिवगत अभागे नये जोडे के गृह प्रवेश के समय ही सम्भवत वह शुभ लाभ की कामना दीवार पर अकित की गई थी। उसकी लाल स्याही सचमुच ही कलात्मक ढग से फलकर आकर्षक बेल की सृष्टि कर गई थी। मा की गृहस्थी का फालतू सामान सुरगमा नये मकान मे आने से पहले बडे औदार्य से पडोसियो को बाट आई थी। अपने अस्वाभाविक करुण अतीत का वह एक भी स्मृतिचिह्न शेष रखना नही चाहती थी। साथ म लाई थी एक सूटकेस, एक तखत और एक स्टोव। मा के एक एक बर्तन मे मा की असख्य स्मृतिया लिपटी थी, निर्जीव वस्तुए भी मनुष्य क चले जाने के बाद कितनी सजीव बन उठती है। कासे का वह बगाली गिलास, जिसम मा चाय पीती थी, स्टोव जिसे मा हर इतवार को नीम्बू-राख से मलकर चमकाती थी, कलछुल जिसपर लिपटी मा की अराल अगुलियो का स्पर्श हाथ म लेते ही उसे ऐसे सहमा जाता जैसे वह मा की अगुलिया थाम रही हो। कुछ भी उसने साथ नही लिया। नया स्टोव खरीद उसने एक आध भगौने म ही अपनी नई गृहस्थी जमा दी। खाना बनाती ही कम थी, आए दिन मीरा हाथ म टिफिन-कैरियर लटकाए आ जाती। जानबूझकर ही शायद वह इतना खाना ले आती थी कि सुरगमा को दूसरे दिन भी खाना नही बनाना पडता। एक दिन सुस्वादु भोजन के साथ-साथ मीरा एक वैसा ही लुभावना प्रस्ताव भी लेकर आ गई

सुरगमा मामा बाबू की चिट्ठी आई है। मामी के भाई का लडका कार्तिक पिछले साल जर्मनी गया था वरुण के पास। वहा से इजीनियरिंग का डिप्लोमा ले-

"जी हा, मैं क्या आपकी तरह मूर्ख हू ? मैंने डैडी से हा कह दिया है। सुनील गुहा न जाने कितने चक्कर लगा चुका है। पहले मैं उसका नाम सुनकर ही भडक गई थी क्या दुहेज ही बचा है मेरे लिए, फिर उसकी पहली पत्नी पूर्वा कितनी सुन्दर थी पर फिर मैंने सोचा, विधुर ही तो है, एक बच्ची भी है उसे नानी पाल रही है। वह तो अभी विवाह के लिए ज़िद कर रहा था पर डैडी एकदम बगवैडिंग रचाना चाह रहे हैं, शायद मई मे "

"वाह यह तो बडी अच्छी खबर सुनाई तूने मीरा, पर सुनील गुहा तो शायद कनाडा ही मे बस गए हैं। क्या तू भी वही चली जाएगी ?"

"और नही तो क्या इसीसे तो कह रही हू सुरगमा, एक बार कार्तिक को अवसर दे, तू कहे तो मैं आज ही तार भेज दू !"

"नहीं मीरा," उसका स्वर सुन फिर मीरा को कुछ कहने का साहस नही हुआ था, "मैं अपने इस निश्चय से कभी डिगूगी नही। तुझे विश्वास दिलाती हू तेरे कार्तिक क्या ही नही, ससार का कोई भी पुरुष कभी मेरा पति नहीं बन सकता। मा का सुख जी भरकर देख लिया है।"

मीरा ने एक लम्बी सास खीचकर बटुआ उठा लिया, अब मैं चलू सुरगमा, तुझे भी तो कही जाना है ना ? चल मैं हजरतगज तक छोड दूगी।"

"कल बैंक के काम से चार दिन के लिए उन्नाव जा रही हू। एक-आध चीजें खरीदनी हैं। तू मेरी चिन्ता मत कर, मिनो ने कहा है उसे भी हजरतगज जाना है। ६ बजे मुझे यही से ले लेगी।" शिष्या का नाम लेते ही सुरगमा का चेहरा स्निग्ध हो उठा।

"हा भई क्यों नही, हमारी है सीधी-सादी फियट और तुम्हे लेने आएगी मन्त्रीजी की स्लोक गाडी चलू "वह आनन्द की पुट देती उठी किन्तु चेहरा देखकर ही सुरगमा समझ गई कि वह रूठकर जा रही है।

तीन चार दिन बाहर रहने के बाद सुरगमा लौटी तो बैंक जाने को मन ही नहीं किया। सिर धोकर वह खिडकी के पास खडी बाल सुखा रही थी कि द्वार धडाम से खोल उसकी शिष्या तेजी से भागती उससे लिपट गई, हाय, मिस, बाल खोलकर आप कितनी सुन्दर लग रही हैं। हमारे ऊपर के गोल कमरे म असित हाल्दार की बनाई एक उमर खैयाम वाली तस्वीर है। आज आप आएगी तो

"जी हां, मैं क्या आपकी तरह मूर्ख हूं ? मैंने डैडी से हां कह दिया है। सुनील गुहा न जाने कितने चक्कर लगा चुका है। पहले मैं उसका नाम सुनकर ही भड़क गई थी क्या दुहेजू ही बचा है मेरे लिए, फिर उसकी पहली पत्नी पूर्वा कितनी सुन्दर थी पर फिर मैंने सोचा, विधुर ही तो है, एक बच्ची भी है उसे नानी पाल रही है। वह तो अभी विवाह के लिए ज़िद कर रहा था पर डैडी एकदम बगवेडिंग रचाना चाह रहे हैं, शायद मई में "

"वाह यह तो बड़ी अच्छी खबर सुनाई तूने मीरा, पर सुनील गुहा तो शायद कनाडा ही में बस गए हैं। क्या तू भी वहीं चली जाएगी ?"

"और नहीं तो क्या इसीसे तो कह रही हूं सुरगमा, एक बार कार्तिक को अवसर दे, तू कहे तो मैं आज ही तार भेज दूं !"

"नहीं मीरा," उसका स्वर सुन फिर मीरा को कुछ कहने का साहस नहीं हुआ था, "मैं अपने इस निश्चय से कभी डिगूंगी नहीं। तुझे विश्वास दिलाती हूं तेरे कार्तिक दा ही नहीं, ससार का कोई भी पुरुष कभी मेरा पति नहीं बन सकता। मां का सुख जी भरकर देख लिया है।"

मीरा ने एक लम्बी सांस खींचकर बटुआ उठा लिया, अब मैं चलूं सुरगमा, तुझे भी तो कहीं जाना है ना ? चल मैं हजरतगंज तक छोड़ दूंगी।"

"कल बैंक के काम से चार दिन के लिए उन्नाव जा रही हूं। एक-आध चीजें खरीदनी हैं। तू मेरी चिन्ता मत कर, मिनी ने कहा है उसे भी हजरतगंज जाना है। ६ बजे मुझे यहीं से ले लेगी।" शिष्या का नाम लेते ही सुरगमा का चेहरा स्निग्ध हो उठा।

"हां भई क्यों नहीं, हमारी है सीधी-सादी फियट और तुम्हें लेने आएगी मन्त्रीजी की स्लोक गाड़ी चलूं "वह आनन्द की पुट देती उठी किन्तु चेहरा देखकर ही सुरगमा समझ गई कि वह रूठकर जा रही है।

तीन चार दिन बाहर रहने के बाद सुरगमा लौटी तो बैंक जाने को मन ही नहीं किया। सिर धोकर वह खिड़की के पास खड़ी बाल सुखा रही थी कि द्वार धड़ाम से खोल उसकी शिष्या तेजी से भागती उससे लिपट गई, हाय, मिस, बाल खोलकर आप कितनी सुन्दर लग रही हैं। हमारे ऊपर के गोल कमरे में असित हाल्दार की बनाई एक उमर खैयाम वाली तस्वीर है। आज आप आएंगी तो

"हम पहाड़ियों का विदेश तब इसी सीमा से आरम्भ हो जाता था।" देश-विदेश की प्रचुर यात्राओं का गर्व फिर दिनकर के स्वर को अहदीप्त कर गया था, "ठीक ही तो था तब हम पहाड़ियों के लिए हलद्वानी ही था बम्बई— मैं अठारह वर्ष का था, तब कहीं पहली बार मोटर में बैठा मोटर चली तो कलेजा भय से थरथर कांपने लगा था। उसपर जितनी बार ड्राइवर हॉर्न बजाता मैं चौंककर रुआंसा हो जाता था।"

'श्श डैडी" मिनी ने पिता का हाथ धरकर दबा दिया। दिनकर को ड्राइवर की ही उपस्थिति में उसके अतीत का यह गौरव-गान मिनी को अच्छा नहीं लग रहा था, किन्तु पुत्री की सुन्दरी ट्यूटर का सान्निध्य दिनकर को निश्चय ही पुलकित कर मुखर बना गया था। कभी वह गुनगुनाता कभी टोपी सीधी करता और कभी झण्डा लगी कार को देख जमा हो गई भीड़ की उल्लासमयी हर्षध्वनि का प्रत्युत्तर देने दोनों हाथ हिला-हिलाकर खिड़की से बाहर निकाल देता। उन चौड़ी चौड़ी हथेलियों को पहली बार सुरंगमा उतनी निकटता से देख रही थी। न चाहने पर भी उसकी कनखियां बार-बार पुत्री के साथ बैठे उसके आकर्षक पिता की ओर उठ जातीं। कैसी मूर्खता कर बैठी थी वह। क्यों आ गई थी यहां? विनीताजी लौटने पर निश्चय ही उसकी इस यात्रा से अप्रसन्न होंगी।

किन्तु नैनीताल पहुंचने पर सुरंगमा अपनी आमोद प्रिया शिष्या के साथ इधर-उधर घूमती, बोटिंग करती अपनी सारी चिन्ता भूल गई थी। दिन भर दोनों कभी घोड़े भगातीं न जाने किन-किन पहाड़ों में भटकती रहतीं। कभी ज़िद कर मिनी उसे चाट की दुकान पर खड़ा कर देती, कभी लामाओं की दुकान से एक-साथ सात-आठ रंग-बिरंगी शाल खरीदकर बटोर लाती। रात को कभी-कभी सुरंगमा को उसका अन्तःकरण फटकारने लगता, मां को मरे साल-भर भी पूरा नहीं हुआ था और वह ऐसे आमोद प्रमोद में डूब गई थी। उसपर मन्त्रीजी के साथ ऐसे इतनी दूर चला आना क्या ठीक हुआ था? विनीताजी के शंकालु स्वभाव का परिचय, वह एक नहीं अनेक बार पा चुकी थी। जब भी वह आती, वह जान-बूझकर ही, अपनी रंग उड़ी अवहेलित साड़ियों को पहन ट्यूशन करने जाती पर फिर भी वह उसे जिस सन्दिग्ध दृष्टि से घूरती, उससे लगता वह अपनी सयानी दृष्टि से उसके शरीर का एक-एक वस्त्र उतार-उतारकर सूंघ रही है कि कहीं उनमें दिनकर का स्पर्श तो रचा-बसा नहीं है। नैनीताल-यात्रा के ठीक एक दिन

"हम पहाड़ियों का विदेश तब इसी सीमा से आरम्भ हो जाता था।" देश-विदेश की प्रचुर यात्राओं का गर्व फिर दिनकर के स्वर को अहदीप्त कर गया था, "ठीक ही तो था तब हम पहाड़ियों के लिए हलद्वानी ही था बम्बई—मैं अठारह वर्ष का था, तब कहीं पहली बार मोटर में बैठा मोटर चली तो कलेजा भय से थरथर कांपने लगा था। उसपर जितनी बार ड्राइवर हॉर्न बजाता मैं चौंककर रुआंसा हो जाता था।"

'श्श डैडी" मिनी ने पिता का हाथ धरकर दबा दिया। दिनकर की ड्राइवर की ही उपस्थिति में उसके अतीत का यह गौरव-गान मिनी को अच्छा नहीं लग रहा था, किन्तु पुत्री की सुन्दरी ट्यूटर का सान्निध्य दिनकर को निश्चय ही पुलकित कर मुखर बना गया था। कभी वह गुनगुनाता कभी टापी सीधी करता और कभी झण्डा लगी कार को देख जमा हो गई भीड़ की उन्मादभरी हर्षध्वनि का प्रत्युत्तर देने दोनों हाथ हिला-हिलाकर खिड़की से बाहर निकाल देता। उन चौड़ी चौड़ी हथेलियों को पहली बार सुरंगमा उतनी निकटता से देख रही थी। न चाहने पर भी उसकी कनखियां बार-बार पुत्री के साथ बैठे उसके आकर्षक पिता की ओर उठ जातीं। कैसी मूर्खता कर बैठी थी वह। क्यों आ गई थी यहां? विनीताजी लौटने पर निश्चय ही उसकी इस यात्रा से अप्रसन्न होंगी।

किंतु नैनीताल पहुंचने पर सुरंगमा अपनी आमोद प्रिया शिष्या के साथ इधर-उधर घूमती, बोटिंग करती अपनी सारी चिन्ता भूल गई थी। दिन भर दोनों कभी घोड़े भगातीं न जाने किन-किन पहाड़ों में भटकती रहतीं। कभी ज़िद कर मिनी उसे चाट की दुकान पर खड़ा कर देती, कभी लामाओं की दुकान से एक-साथ सात-आठ रंग-बिरंगी शाल खरीदकर बटोर लाती। रात को कभी-कभी सुरंगमा को उसका अन्तःकरण फटकारने लगता, मां को मरे साल-भर भी पूरा नहीं हुआ था और वह ऐसे आमोद प्रमोद में डूब गई थी। उसपर मन्त्रीजी के साथ ऐसे इतनी दूर चला आना क्या ठीक हुआ था? विनीताजी के शकालु स्वभाव का परिचय, वह एक नहीं अनेक बार पा चुकी थी। जब भी वह आती, वह जान-बूझकर ही, अपनी रंग उड़ी अवहेलित साड़ियों को पहन ट्यूशन करने जाती पर फिर भी वह उसे जिस सन्दिग्ध दृष्टि से घूरतीं, उससे लगता वह अपनी सधानी दृष्टि से उसके शरीर का एक-एक वस्त्र उतार-उतारकर सूंघ रही हैं कि कहीं उनमें दिनकर का स्पर्श तो रचा-बसा नहीं है। नैनीताल-यात्रा के ठीक एक दिन

सिफारिशें सुन-सुनकर मेरे कान पक गए हैं। सोचा, तुम लोगों के साथ एकान्त पिकनिक का आनन्द लूंगा एक बार लखनऊ पहुंचा तो फिर उसी भट्ठी में झोंक दिया जाऊंगा। मैं कहां जा रहा हूं, यह मेरे पी० ए० को भी कानोंकान पता नहीं है। एक चिट लिखकर छोड़े जा रहा हूं कि किसी मन्दिर के दर्शन को जा रहा हूं, इसीसे ड्राइवर को भी नहीं ले जा रहा हूं बस चटपट तैयार हो लो तो जीप में चल दें।"

पिता की उस रहस्यमयी योजना में मिनी को बड़ा आनन्द आ रहा था, पहले सुरंगमा ने घर ही पर रहने की इच्छा व्यक्त की थी पर मिनी भड़क गई थी—'बी ए स्पोर्ट आप नहीं गईं तो मैं अकेली क्या करूंगी—और फिर मन्दिर जा रहे हैं "

सुरंगमा के धर्मभीरु चित्त को अपनी इसी अन्तिम दलील से विजित कर मिनी उसे खींच ले गई थी। अपनी मूढ़ योजना में डूबा दिनकर स्टियरिंग थामते ही पूर्ववत् गम्भीर हो गया था। उसकी मजबूत मोटी अंगुलियों की पकड़ के बीच अनामिका की अंगूठी का बड़ा-सा हीरा सहस्र जुगनुओं-सा चमक रहा था। शायद जानबूझकर ही, उसने टोपी उतारकर गोदी में रख ली थी और हवा में झूमते उसके घुंघराले केश पूरे ललाट पर बार-बार फैलते जा रहे थे। एक हाथ से उन्हें हटाता वह कभी अचानक गुनगुनाने लगता और उसी गुनगुनाहट की धुन में गाड़ी हवा के वेग से भगा देता।

'डैडी, जानते हैं हमारे स्कूल की लड़कियां क्या कहती हैं? पिछली बार जब आप हमारे एनुअल कन्सर्ट में चीफ गेस्ट बनकर आए थे तो कहने लगी—योर डैडी लुक्स सो यंग। ही इज द हैंडसमेस्ट मिनिस्टर।'"

वाह, तब तो तेरे स्कूल में एक बार और आना पड़ेगा मिनी," दिनकर ने जोर से हंसकर पुत्री की ओर गर्दन झटकी उस आकर्षक झटके में उसकी किसी आनन्दी तरुण की सी उजली हंसी देख सुरंगमा को लगा, वह एक नये ही व्यक्ति को देख रही है। इधर जब से वह नैनीताल आई थी, कितनी ही बार इस रहस्यमय व्यक्ति की पल-पल बदलती मुखछवि उसके कलेजे में कुछ खटका-सा दे रही थी। क्यों होता था ऐसा? किसीका पति, किसीका पिता, वह अपरिचित मन्त्री क्यों बार-बार अपनी एक ही चावनी से उसकी समस्त चेतना हर ले रहा था।

सुरंगमा, तू मूर्ख है मूर्ख है!' उसका विवेकशील अन्तःकरण उसे चाबुक की

सिफारिशें सुन-सुनकर मेरे कान पक गए हैं। सोचा, तुम लोगो के साथ एकान्त पिकनिक का आनन्द लूगा एक बार लखनऊ पहुचा तो फिर उसी भट्ठी म झोक दिया जाऊगा। मैं कहा जा रहा हू, यह मेरे पी० ए० को भी कानोकान पता नही है। एक चिट लिखकर छोडे जा रहा हू कि किसी मन्दिर के दशन को जा रहा हू, इसीसे ड्राइवर को भी नहीं ले जा रहा हू बस चटपट तैयार हो लो तो जीप मे चल दें।"

पिता की उस रहस्यमयी योजना मे मिनी को बडा आनन्द आ रहा था, पहले सुरगमा ने घर ही पर रहने की इच्छा व्यक्त की थी पर मिनी भडक गई थी—'बी ए स्पोट आप नही गईं तो मैं अकेली क्या करूगी—और फिर मन्दिर जा रहे हैं "

सुरगमा के धमभीरु चित्त को अपनी इसी अन्तिम दलील से विजित कर मिनी उसे खींच ले गई थी। अपनी मूढ योजना मे डूबा दिनकर स्टियरिंग थामते ही पूववत् गम्भीर हो गया था। उसकी मजबूत मोटी अगुलियो की पकड के बीच अनामिका की अगूठी का बडा-सा हीरा सहस्र जुगनुओं-सा चमक रहा था। शायद जानबूझकर ही, उसने टोपी उतारकर गोदी मे रख ली थी और हवा मे झूमते उसके घुघराले केश पूरे ललाट पर बार-बार फैलते जा रहे थे। एक हाथ से उन्हे हटाता वह कभी अचानक गुनगुनाने लगता और उसी गुनगुनाहट की धुन मे गाडी हवा के वेग से भगा देता।

'डैडी, जानते हैं हमारे स्कूल की लडकिया क्या कहती हैं? पिछली बार जब आप हमारे एनुअल कन्सर्ट मे चीफ गेस्ट बनकर आए थे तो कहने लगी—योर डैडी लुक्स सो यग। ही इज द हैंडसमेस्ट मिनिस्टर।' "

वाह, तब तो तेरे स्कूल मे एक बार और आना पडेगा मिनी," दिनकर ने जोर से हसकर पुत्री की ओर गदन झटकी उस आकषक झटके म उसकी किसी आनन्दी तरुण की सी उजली हसी देख सुरगमा को लगा, वह एक नये ही व्यक्ति को देख रही है। इधर जब से वह नैनीताल आई थी, कितनी ही बार इस रहस्यमय व्यक्ति की पल-पल बदलती मुखछवि उसके कलेजे मे कुछ अटका-सा दे रही थी। क्यों होता था ऐसा? किसीका पति, किसीका पिता, वह अपरिचित मन्त्री क्यो बार-बार अपनी एक ही चावनी से उसकी समस्त चेतना हर ले रहा था।

सुरगमा, तू मूख है मूख है।' उसका विवकशील अन्त करण उसे चाबुक की

तब क्या कोई आपकी तरह लोटा लिए खड़ा रहता था ?" उतने निकट से उस प्रशस्त हस्तसम्पुट म पड रही जलधार निरन्तर काप रही थी। एक-दो छींटे सुरगमा को भी भिगो गए।

'लाइए अब आप दोनों भी हाथ मुह धो लीजिए, मैं पानी देता हू—इट इज सो रिफ्रेशिंग।"

वह सुरगमा के हाथ से लोटा छीन किसी कौतुकप्रिय बालक के उत्साह से पानी देने चुक गया।

'नहीं-नहीं, आप रहने दें हम धो लेंगे" सुरगमा नम्र स्वर में आपत्ति करती लोटा लेने लगी और उसी प्रयास म ढेर सारा पानी छलक उसकी साडी का भिगो गया। मिनी पहली बार पिता को एक सवथा नवीन भूमिका म अवतरित होने देख ज़ोर ज़ोर से हसने लगी, 'हाय, कोई प्रेस-फोटोग्राफर होता तो मजा आ जाता डैडी! बिना टोपी के शायद आपका वह पहला चित्र होता और फिर हाथ म लोटा लिए आप एकदम देहाती लग रहे हैं। ममी भी देखती, तो शायद आपको नहीं पहचान पाती।"

आनन्द के उन अमूल्य क्षणो मे मम्मी का नामोच्चार सहसा दिनकर को गम्भीर बना गया। सुरगमा को लोटा थमा वह फिर गम्भीर मुह बना मन्दिर के गर्भद्वार से सिर झुकाए भीतर चला गया था। वे दोनों जब बडी देर से हाथ-मुह धोकर भीतर गई, तब अधकार मे कुछ दिखा नहीं। फिर सकीर्ण देवालय के कोने म जल रहे घृत दीप के धुधले प्रकाश मे नतमस्तक आख मूद अडिग मुद्रा म बैठा दिनकर दिख गया, कैसी सरल मूर्ति [illegible] का! सहमती मिनी सरकती ध्यान मग्न पिता से सटकर बैठ गई और हाथ पकडकर उसने सुरगमा को अपने पास खींच लिया। दिनकर पूववत अचल मुद्रा मे बैठा रहा, क्षण भर पूव चेहरे पर पड़ी शीतल जलधार ने उसकी श्यामल कान्ति को और भी सुचिक्कन बना दिया था। खादी के कुर्ते के बटनो से चमकती नग्न नामण छाती को देख सुरगमा का हृदय बार-बार उसी भूख धडकने म [illegible] लगा, जिसको वह विवेक के क्षणों म भी कोई कैफियत नहीं ढूढ पाती थी। सहम कर उसने स्वय आखें बन्द कर ली। उस उग्र देवता के तेज से ही [illegible] निरा [illegible] देवालय म ऐसी अद्भुत स्निग्ध शान्ति थी। सहसा, ध्यानमग्न दिनकर की उन

तब क्या कोई आपकी तरह लोटा लिए खड़ा रहता था ?" उतने निकट से उस प्रशस्त हस्तसम्पुट में पड़ रही जलधार निरन्तर काँप रही थी। एक-दो छींटे सुरंगमा को भी भिगो गए।

'लाइए अब आप दोनों भी हाथ मुँह धो लीजिए, मैं पानी देता हूँ—इट इज सो रिफ्रेशिंग।"

वह सुरंगमा के हाथ से लोटा छीन किसी कौतुकप्रिय बालक के उत्साह से पानी देने झुक गया।

'नहीं-नहीं, आप रहने दें, हम धो लेंगी" सुरंगमा नम्र स्वर में आपत्ति करती लोटा लेने लगी और उसी प्रयास में ढेर सारा पानी छलक उसकी साड़ी को भिगो गया। मिनी पहली बार पिता को एक सर्वथा नवीन भूमिका में अवतरित होते देख ज़ोर ज़ोर से हँसने लगी, 'हाय, कोई प्रेस-फोटोग्राफर होता तो मजा आ जाता डैडी! बिना टोपी के शायद आपका यह पहला चित्र होता और फिर हाथ में लोटा लिए आप एकदम देहाती लग रहे हैं। मम्मी भी देखती, तो शायद आपको नहीं पहचान पाती।"

आनन्द के उन अमूल्य क्षणों में मम्मी का नामोच्चार सहसा दिनकर को गम्भीर बना गया। सुरंगमा को लोटा थमा वह फिर गम्भीर मुँह बना मन्दिर के गर्भद्वार से सिर झुकाए भीतर चला गया था। वे दोनों जब बड़ी मुश्किल से हाथ-मुँह धोकर भीतर गई, तब अन्धकार में कुछ दिखा नहीं। फिर संकीर्ण देवालय के कोने में जल रहे घृत दीप के धुँधले प्रकाश में नतमस्तक आँखें मूँदे अडिग मुद्रा में बैठा दिनकर दिख गया, कैसी सरल मूर्ति [illegible] का! सहसा मिनी सरकती ध्यान मग्न पिता से सटकर बैठ गई और हाथ पकड़कर उसने सुरंगमा को अपने पास खींच लिया। दिनकर पूर्ववत अचल मुद्रा में बैठा रहा, क्षण भर पूर्व चेहरे पर पड़ी शीतल जलधार ने उसकी श्यामल कान्ति को और भी सुचिक्कन बना दिया था। खादी के कुर्ते के बटनों से चमकती भग्न नामण छाती को देख सुरंगमा का हृदय बार-बार उसी भूख धड़कने [illegible] लगा, जिसको वह विवेक के क्षणों में भी कोई कैफियत नहीं ढूँढ़ पाती थी। सहमकर उसने स्वयं आँखें बन्द कर ली। उस उग्र देवता के तेज से हो या दिनकर निरा [illegible] देवालय में ऐसी अद्भुत स्निग्ध शान्ति थी। सहसा, ध्यानमग्न दिनकर की उन

हू, मैं डाकू हू, किन्तु ऐसा डाकू हू मिनी, जो अमीरों का लहू चूस गरीबो को जीवन देता है। मुझे गर्व है कि मैंने अपनी इस टोपी पर आज तक कीचड का एक छींटा भी नहीं लगने दिया है।"

"हाय डैडी, आपने तो आज तक हमे कभी नहीं बताया !" मिसी ‿ पिता से एकदम सटकर बैठ गई थी।

'मैं अपनी अर्जी इस दरबार मे लटकाकर लखनऊ पहुचा भी नही था कि पता लगा, मेरे जिस मिथ्यापवादी शत्रु ने मुझपर अकारण ही यह लाछन लगाया था, उसकी चलती ट्रेन स उतरने की चेष्टा मे ही ग्वालदेव न उसे उचित दण्ड दे दिया था। मैं कई रातों तक सो नहीं पाया। ससद का यह सबसे छोटा सदस्य, जवान पत्नी का पति और एक दुधमुहे बालक का पिता था। ऐसे कठोर दण्ड की तो मैंने याचना नही की थी, किन्तु इस देवता के दरबार का यही कायदा है—इसे पहाडी मे 'घात' कहते हैं मिनी, यहा की घात कभी व्यर्थ नही जाती यह शायद मैं भूल गया था।"

"ओह माई गाड ! मैं अपने पास होने की अर्जी भी यहा टाग सकती हू डैडी, प्लीज " मिनी सचमुच ही बटुवा खोलकर कागज-कलम निकालने लगी।

दिनकर जोर से हसा, तब ही पुजारी के लड़के ने नन्ही घण्टियो की माला एक बार फिर हिला दी। उन टुनकती घण्टियों से घुले-मिल उस देवालय के गूढ मण्डप मे गूज रहे अट्टहास की ध्वनि सुरगमा को एक बार फिर विभ्रान्त कर गई। दिनकर की मुग्ध दृष्टि मे करुण याचना की भाषा उसने स्पष्ट पढ ली थी, तब क्या कुछ क्षण पूर्व गम्भीर ध्यानमग्न वह आकर्षक मन्त्री अपने प्रिय औघडदानी देवता से उसे ही माग रहा था ?

"ऐसी छोटी-मोटी चीजें यहा नही मागी जाती पगली !" इस बार उसने जिस अयपूर्ण दृष्टि से सुरगमा को देखा, उसके बाद उसके समझने के लिए कुछ बाकी नही रहा। पुरुष की इस प्रशसापूर्ण दृष्टि की भाषा मूढ से मूढ अपढ नारी भी ठीक ही पढ़ लेती है "यह विधाता का सुप्रीम कोर्ट है यहा केवल मर्सी पीटिशन ही दाखिल की जाती है समझी ? न्याय केवल न्याय—न्याय !'

सुरगमा चौंककर सतर हो गई। क्या विधाता ने उसके जन्म के साथ ही उसके साथ कठिन अन्याय नहीं किया था ? किन्तु उस अन्याय के विरुद्ध वह किससे नालिश कर सकती थी, किसको बकवा सकती थी ? पिता को ? नाना का या

हू, मैं डाकू हू, किन्तु ऐसा डाकू हू मिनी, जो अमीरों का लहू चूस गरीबों को जीवन देता है। मुझे गर्व है कि मैंने अपनी इस टोपी पर आज तक कीचड का एक छींटा भी नहीं लगने दिया है।"

"हाय डैडी, आपने तो आज तक हमे कभी नहीं बताया।" मिसी .. पिता से एकदम सटकर बैठ गई थी।

'मैं अपनी अर्जी इस दरबार मे लटकाकर लखनऊ पहुचा भी नही था कि पता लगा, मेरे जिस मिथ्यापवादी शत्रु ने मुझपर अकारण ही यह लाछन लगाया था, उसकी चलती ट्रेन से उतरने की चेष्टा मे ही ग्वालदेव ने उसे उचित दण्ड दे दिया था। मैं कई रातों तक सो नहीं पाया। ससद का यह सबसे छोटा सदस्य, जवान पत्नी का पति और एक दुधमुहे बालक का पिता था। ऐसे कठोर दण्ड की तो मैंने याचना नही की थी, किन्तु इस देवता के दरबार का यही कायदा है—इसे पहाडी मे 'घात' कहते हैं मिनी, यहा की घात कभी व्यर्थ नही जाती यह शायद मैं भूल गया था।"

"ओह माई गाड! मैं अपने पास होने की अर्जी भी यहा टाग सकती हू डैडी, प्लीज " मिनी सचमुच ही बटुवा खोलकर कागज-कलम निकालने लगी।

दिनकर जोर से हसा, तब ही पुजारी के लडके ने नन्ही घण्टियो की माला एक बार फिर हिला दी। उन टुनकती घण्टियों से घुले-मिले उस देवालय के गूढ मण्डप मे गूज रहे अट्टहास की ध्वनि सुरगमा को एक बार फिर विभ्रान्त कर गई। दिनकर की मुग्ध दृष्टि मे करुण याचना की भाषा उसने स्पष्ट पढ ली थी, तब क्या कुछ क्षण पूर्व गम्भीर ध्यानमग्न वह आकर्षक मन्त्री अपने प्रिय औघडदानी देवता से उसे ही माग रहा था?

"ऐसी छोटी-मोटी चीजें यहा नही मागी जाती पगली!" इस बार उसने जिस जयपूर्ण दृष्टि से सुरगमा को देखा, उसके बाद उसके समझने के लिए कुछ बाकी नही रहा। पुरुष की इस प्रशसापूर्ण दृष्टि की भाषा मूर्ख से मूर्ख अनपढ नारी भी ठीक ही पढ लेती है "यह विधाता का सुप्रीम कोर्ट है यहा केवल मर्सी पीटिशन ही दाखिल की जाती है समझी? न्याय केवल न्याय—न्याय!'

सुरगमा चौंककर सतर हो गई। क्या विधाता ने उसके जन्म के साथ ही उसके साथ कठिन अन्याय नहीं किया था? किन्तु उस अन्याय के विरुद्ध वह किससे नालिश कर सकती थी, किसको बदवा सकती थी? पिता को? नाना का या

ऐसे लगाया जाता है, अन्धे बन जाओगे छोकरो !"

धुएँ से काली केतली तब भी इसी चूल्हे पर चढ़ी ऐसी ही साय साय करती उन्ह चाय की गर्म घूंट के लिए ऐसे ही अधैर्य से बावला कर देती थी। पीले पीले आलुओं से भरी कड़ाई में धप्प से कलछुल मार कभी कभी भट्टजी ग्राहकों को अपने पर तक भगा देते "अरे जा तो रे दिनुवा क्यारी से ज़रा हरा धनिया तो उपाड ला जब तक गुटकों में धनिया नहीं तो क्या गुटके !" फिर तिमिल के चौड़े पत्ते में दो पैसे के ढेर-से आलू थमा वह नित्य एक से ही शब्दों में अपनी पाककला का सरस परिचय देने लगते, "लला ऐसे आलू अल्मोड़े का चिरंजी भी नहीं बना सकता। बड़ी तारीफ सुनी थी उसकी, एक दिन जाकर खा आया राम राम मलेछ ससुरा लहसुन प्याज पीसकर डालता है अब भला तुम ही बताओ अच्छे क्यों नहीं लगेंगे भला! अरे प्याज लहसुन में तो गोबर भी स्वादिष्ट लगता है"

"क्यों गुरु क्या खाया है तुमने ?" एक दिन अल्हड़ दुस्साहसी दिनकर ने पूछ दिया और इन्हीं उग्रतेजी भट्टजी ने उसे एक झापड़ कस इसी बेंच पर औंधा कर दिया था। ग्राम की रामलीला में परशुराम बनते थे भट्टजी। पनी लगा असली फरसा घुमाते धनुष-यज्ञ में आते और एक-एक चौपाई के साथ हृदय पर सौ-सौ बिजलियां गिरा देते

अति रिस बोले वचन कठोरा
कहु जड जनक धनुष कै तोरा

उनकी असली मूछें सौ फी-सदी असली क्रोध से थरथर कांपने लगतीं तो सहमी सरल ग्राम्याएं घूंघट खींच लेतीं। लक्ष्मण बनता था दिनकर क्रोधी भट्ट जी को चिढ़ाने में वह कभी कभी रामायण की चौपाइयों का भी अतिक्रमण कर जाता

इहां कुम्हड बतिया कोउ नाहीं
जे तरजनी देखि मर जाहीं

गाकर उसने एक दिन अपनी तर्जनी सचमुच ही उनकी आंखों में कोंच दूसरे हाथ से उनकी धोती का कांचा सरका दिया था। टूटी दीवार-सी ही ढीली धोती भरभराकर स्टेज पर गिर पड़ी अदभुत सज्जा। क्रुद्ध-उन्मत्त दृष्टि और लाल तमतमाया चेहरा होने पर भी परशुराम की स्थिति सहसा हास्यास्पद हो उठी

ऐसे लगाया जाता है, अन्धे बन जाओगे छोकरो !"

धुए से काली केतली तब भी इसी चूल्हे पर चढी एसी ही साय साय करती उह चाय की गम घूट के लिए ऐसे ही अधैय से बावला कर देती थी। पील पीले आलुओ स ारी कढाई म पप्प से कलछुल मार कभी कभी भट्टजी ग्राह्को को अपने पर तक भगा दत 'अरे जा तो रे दिनुवा क्यारी से जरा हरा धनिया तो उपाड ला जब तक गुटको मे धनिया नही ता क्या गुटके !" फिर तिमिल के चौडे पन्ने म दो पसे के ढेर-से आलू थमा वह नित्य एक से ही शब्दो म अपनी पाककला का सरस परिचय देने लगते, "लला ऐसे आलू अलमोडे का चिरा्ी भी नही बना सकता ! बडी तारीफ सुनी थी उसकी, एक दिन जाकर खा आया राम राम मलेछ ससुरा लहसुन प्याज पीसकर डालता है अब भला तुम ही बताओ अच्छे क्यों नही लगेग भला ! अरे प्याज लहसुन म तो गोबर भी स्व दिष्ट लगता है "

"क्यो गुरु क्या खाया है तुमने ?" एक दिन अल्हड दुस्साहसी दिनकर ने ऐसा पूछ दिया और इन्ही उग्रतेजी भट्टजी ने उसे एक झापड कम इसी बेंच पर औंधा कर दिया था। ग्राम की रामलीला मे परशुराम बनत थे भट्टजी। पनी लगा असली फरसा घुमाते धनुष-यज्ञ मे आते और एक-एक चौपाई के साथ हृदय पर सौ-सौ बिजलिया गिरा दते

अति रिस बाले वचन कठोरा
कहु जड जनक धनुष कै तोरा

उनकी असली मूछे सौ फी-सदा अस्ली क्रोध से थरथर कापने लगती ता सहमी सरल ग्राम्याए घूघट खीच लेती। लक्ष्मण बनता था दिनकर क्रोधी भट्ट जी को चिढाने मे वह कभी कभी रामायण की चौपाइया का भी अतिक्रमण कर जाता

इहा कुम्हड बतिया कोउ नाही
जे तरजनी देखि मर जाही

गाकर उसने एक दिन अपनी तजनी सचमुच ही उनकी आखा म काच दूसरे हाथ से उनकी धोती का काचा सरका दिया था। टूटी दीवार-सी ही ढीली धाती भरभराकर स्टेज पर गिर पडी अदभुत सज्जा। क्रुद्ध-उन्मत्त दष्टि और लाल तमतमाया चेहरा होने पर भी परशुराम की स्थिति सहसा हास्याम्पद हो उठी

देसी को लीजिए—पूरी बिरादरी को गले से लगाने को तैयार ! पर हम साले पहाडी अपने ईमान को ही गले से लगाए दम तोडते हैं—हां हुजूर, कितने पत्ते बनाऊ ''

अभागे भट्टजी, कही उसके अतीत के दुबल पक्ष को क. र उजागर न कर दें, यही सोच उस कुशल राजनीतिज्ञ ने बडे कौशल से प्रसग बदल दिया, ''वाह-वाह, क्या बढिया खुशबू आ रही है गुरु, क्या-क्या मसाले पडे हैं इनमे ?''

और फिर भट्टजी वर्षों पूव की वही आलू-वन्दना से उनका मनोरजन करने लगे। तो कक्का अभी जि दा थे, वैसे काखी का हृदयहीन व्यवहार वह अभी भूला नहीं था। एक बार जब गाव मे नरभक्षी बाघ का भयानक आतक था, आधी रात को काखी ने उसे मार-मारकर कक्का के उदरशूल की दवा लेने अल्मोडा भगा दिया था। उस अधेरे बीहड़ माग मे ठीक सैनेटोरियम के पास एक भयावह गुलक्ष खडहर पडता था, उस भुतहे खडहर की न जाने कितनी कहानिया वह सुन चुका था। कभी बम्बई का एक यक्ष्मा रोगी जवान सेठ वहा रहता था। पच्चीस वष का वह सेठ उसी अरण्यस्थित बगले मे मरने से पूव चीख-चीखकर रोया था ''मैं मरना नही चाहता—मैं नही जाऊगा—मैं नही जाऊगा।'' गाव वाले कहते थे, अभी भी वह आधी रात के सन्नाटे को चीरता घूम-घूमकर चीखता है—'मैं नही जाऊगा।' फालसीमा गाव के दूध वालो की बाल्टी छीन छीनकर वह सेरों दूध पी जाता था और उसीके गाव की पधानबहू से उसने एक बार हाथ खींचकर कहा था, ''चल बाई, मेरे साथ, तुझे सेठानी बनाकर बम्बई ले जाऊगा कही उसका भी हाथ खीच लिया तब ?

'अरे जा जा,'' काखी ने कहा था, ''तुझ काले-कलूटे को भला कोई भूत-प्रेत हाथ पकडकर खीचेंगे, वह तो सुन्दर देखकर ही किसीका हाथ पकडते हैं।''

पर काखी के आश्वासन के बावजूद वह अन्त तक उस बीहड यात्रा के लिए साहस नही सजो पाया था। हाथ मे खाली शीशी लेकर घर से निकल तो आया, पर जहा काखी भीतर गई, वह अपने घर के पिछवाडे की कोठरी मे जाकर सो गया था। जब आखें खुली, तब देवदार के झुरमुट मे सिडौल पक्षी चहक रहे थे। हडबडाकर वह उठा और स्वय ही वैद्य बन नाले के पानी मे कुछ महीन कीचड मिला, उसने शीशी हिलाकर उसे ओषधि का भ्रामक रूप दे दिया। उस दिन के निलज्जा काखी के शब्द आज भी कभी-कभी कलेजे मे धसे तीखे तीर की ही भाति

वेशी को लीजिए—पूरी बिरादरी को गले से लगाने को तैयार ! पर हम साले पहाड़ी अपने ईमान को ही गले से लगाए दम तोड़ते हैं—हाँ हुजूर, कितने पत्ते बनाऊँ ?"

अभागे भट्टजी, कहीं उसके अतीत के दुबल पक्ष को बार-बार उजागर न कर दें, यही सोच उस कुशल राजनीतिज्ञ ने बड़े कौशल से प्रसंग बदल दिया, "वाह-वाह, क्या बढ़िया खुशबू आ रही है गुरु, क्या-क्या मसाले पड़े हैं इनमे ?"

और फिर भट्टजी वर्षों पूर्व की वही आलू-वन्दना से उनका मनोरंजन करने लगे। तो कक्का अभी जिन्दा थे, वैसे काखी का हृदयहीन व्यवहार वह अभी भूला नहीं था। एक बार जब गाव मे नरभक्षी बाघ का भयानक आतंक था, आधी रात को काखी ने उसे मार-मारकर कक्का के उदरशूल की दवा लेने अल्मोड़ा भगा दिया था। उस अंधेरे बीहड़ मार्ग मे ठीक सैनेटोरियम के पास एक भयावह खंडहर पड़ता था, उस भुतहे खंडहर की न जाने कितनी कहानियां वह सुन चुका था। कभी बम्बई का एक यक्ष्मा रोगी जवान सेठ वहा रहता था। पच्चीस वर्ष का वह सेठ उसी अरण्यस्थित बगले मे मरने से पूर्व चीख-चीखकर रोया था "मैं मरना नही चाहता—मैं नही जाऊगा—मैं नही जाऊगा।" गाव वाले कहते थे, अभी भी वह आधी रात के सन्नाटे को चीरता घूम-घूमकर चीखता है—'मैं नही जाऊगा।' फालसीमा गाव के दूध वालो की बाल्टी छीन छीनकर वह सेरों दूध पी जाता था और उसीके गाव की पधानबहू से उसने एक बार हाथ खींचकर कहा था, "चल बाई, मेरे साथ, तुझे सेठानी बनाकर बम्बई ले जाऊगा कहीं उसका भी हाथ खींच लिया तब ?

'अरे जा जा," काखी ने कहा था, "तुझ काले-कलूटे को भला कोई भूत-प्रेत हाथ पकड़कर खींचेंगे, वह तो सुन्दर देखकर ही किसीका हाथ पकड़ते हैं।"

पर काखी के आश्वासन के बावजूद वह अन्त तक उस बीहड़ यात्रा के लिए साहस नही सजो पाया था। हाथ मे खाली शीशी लेकर घर से निकल तो आया, पर जहा काखी भीतर गई, वह अपने घर के पिछवाड़े की कोठरी मे जाकर सो गया था। जब आखें खुली, तब देवदार के झुरमुट मे सिडौल पक्षी चहक रहे थे। हड़बड़ाकर वह उठा और स्वयं ही वैद्य बन नाले के पानी मे कुछ महीन कीचड़ मिला, उसने शीशी हिलाकर उसे ओषधि का भ्रामक रूप दे दिया। उस दिन के *निर्लज्जा काखी के शब्द आज भी कभी-कभी कलेजे मे धंसे तीखे तीर की ही भांति*

"बाज्यू कसा अनाथ है हमसे पूछो" नये छिदे कानों की बालियों से भी अधिक पीडादायक उस दिन काखी का कर्कश स्वर उसके मर्मस्थल को बींध गया था। 'पेट में बत्तीसी है छोकरे की स्कूल की कापी किताब भी बेचकर अल्मोडा के चिरजी होटल में आलू खा आया है। अब उस दिन नया चाय का बण्डल मंगाया, ढूंढा तो कहां नहीं। पता लगा कि भट्टजी की दुकान में बेच आया। वह तो भला हो भट्टजी का जो चाय के बण्डल के साथ-साथ छोकरे के कान पकड सीधे घर पहुंच गए। मार खाकर और बेशरम हो गया है।'

वैसे बात काखी ने ठीक ही कही थी, काखी का चिढा चिढाकर मार खाने में भी उसे अब आनन्द आने लगा था। सन्तानवंचिता काखी का व्यवहार फिर दिन प्रतिदिन कठोर होता गया था। जिस वर्ष उसने प्रथम श्रेणी में हाईस्कूल पास कर वजीफा प्राप्त किया उसी वर्ष काखी का स्वभाव वर्षों से ठूंठ खडे किसी सूखे वृक्ष की सहसा लहलहा उठी हरीतिमा से उसे चौंका गया। काखी अब उसे पान के पत्ते-सा फेरने लगी थी। नित्य भिगोए बादामों के साथ काली गाय की मोटी मलाई डला दूध, मक्खन चुपडी रोटी लेकर वह उसे बडे दुलार से खिलाती। कक्का से कह काखी ने उसे नया पट्टू का कोट और वैसी ही गर्म टोपी सिलवा दी और कलकत्ता अपने बहनोई को लिख उसके लिए एक हाथ की घडी भी मंगवा दी। इण्टर में पहुंचते ही उसे उस आकस्मिक स्नेहवन्या का रहस्य ज्ञात हो गया था।

"देख रे दिनुवा, मैंने तेरे विवाह की मगज' (मंगाई) पक्की कर दी है। इसी बैसाख में हम तेरे पैर बांध देंगे— मेरी बहन की लडकी परुली को तो तू जानता है। तेरे ही स्कूल में दर्जा तीन तक पढी है। फिर छोकरी की कुछ ऐसी लम्बी बाढ थी कि भिज्यू (जीजा) ने नाम कटवा दिया। मेरी ही बहन की लडकी मेरी बहू बने इससे अच्छा रिश्ता और क्या हो सकता है?"

दिनकर के तन बदन में आग लग गई थी। सत्रह ही वर्ष में उसकी मगजे बिना उससे पूछे वह पक्की करने वाली होती कौन है? और फिर टाउन स्कूल के उस भिन्डुवा (दरिद्र) हरदत्त मास्टर की पुत्री परु। छि-छि एकदम सांवली बकाल! जब देखो तब नाक सुडकती पिटट खेलती रहती थी।

'देखो काखी, मेरा ब्याह किया तो अच्छा नहीं होगा, कह दिया है मैंने।"

पर कक्का जब अपनी ऐतिहासिक घुंघरू लगी लाठी ठोकते गरजे तब

"वाज्यू कसा अनाथ है हमसे पूछो" नये छिदे कानो की बालियो से भी अधिक पीडादायक उस दिन काखी का कर्कश स्वर उसके ममस्थल को बीध गया था। 'पेट म बत्तीसी है छोकरे की स्कूल की कापी किताब भी बेचकर अल्मोडा के चिरजी होटल म आलू खा आया है। अब उस दिन नया चाय का बण्डल मगाया, टूटा तो कहा नहा। पता लगा कि भट्टजी की दुकान म बच आया। वह तो भला हो भट्टजी का जो चाय क बण्डल के साथ-साथ छाकरे के कान पकड सीधे घर पहुच गए। मार खाकर और बशरम हो गया है।'

वसे बात काखी न ठीक ही कही थी, काखी का चिढा चिढाकर मार खान म भी उसे अब आन द आने लगा था। सन्तानवचिता काखी का व्यवहार फिर दिन प्रतिदिन कठोर होता गया था। जिस वर्ष उसने प्रथम श्रेणी मे हाईस्कूल पास कर वजीफा प्राप्त किया उसी वर्ष काखी का स्वभाव वर्षों से ठूठ खडे किसी सूखे वृक्ष की सहसा लहलहा उठी हरीतिमा से उसे चौंका गया। काखी अब उसे पान के पत्ते-सा फेरने लगी थी। नित्य भिगोए बादामो के साथ काली गाय का मोटी मलाई डला दूध, मक्खन चुपडी रोटी लेकर वह उस वडे दुलार से खिलाती। कक्का से कह काखी ने उसे नया पटटू का कोट और वैसी ही गर्म टोपी सिलवा दी और कलकत्ता अपने बहनोई का लिख उसके लिए एक हाथ की घडी भी मगवा दी। इण्टर म पहुचते ही उस उस आकस्मिक स्नेहवन्या का रहस्य ज्ञात हो गया था।

